# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, रविवार 2 मार्च 2025




inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कुली बनकर कुलियों से मिले सांसद राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे और वहां पर उन्होंने कुलियों से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने कुलियों की पोशाक पहनी और यात्रियों का सामान भी उठाया। उन्होंने कुलियों से करीब 40 मिनट तक बातचीत की और उनकी परेशानियों के बारे में जानकारी ली। कुली दीपेश मीणा ने कहा कि राहुल से मिलकर हम खुश हैं।

### हैदराबाद में घर में आग लगने से तीन की मौत



**हैदराबाद।** पुप्पलगुडा में एक घर में तीन सिलेंडर फटने से आग लग गई। पुलिस के मुताबिक, इमारत में कुल आठ सदस्य मौजूद थे, जिनमें से एक सात वर्षीय लड़की सहित परिवार के तीन सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि पांच लोगों को बचा लिया। उनमें से दो घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

◆ आठ फीट बर्फ और लगातार होती भारी बर्फबारी, तापमान माइनस जैसी विषम परिस्थितियों में सेना और आईटीबीपी के जवान हिमस्खलन में दबे मजदूरों को निकालने में जुटे

**6 हेलीकॉप्टरों से चलाया जा रहा बचाव अभियान**

# 50 मजदूर निकाले, चार की मौत, तीन कंटेनर नहीं हो पा रहे ट्रेस, 5 की तलाश

*सीएम धामी ने कहा कि पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ भी श्रमिकों की सुरक्षित निकासी के लिए चिंतित हैं और नियमित अपडेट ले रहे हैं*



**रेस्क्यू अभियान में एक नागरिक हेलीकॉप्टर को भी शामिल किया गया**

एजेंसी ▶▶ जोशीमठ (चमोली)

उत्तराखंड के चमोली में हुए हिमस्खलन में मांड़ा गांव में 55 मजदूर फंस गए थे। मजदूरों के बचाने के लिए 6 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 50 मजदूरों का रेस्क्यू कर लिया गया है। हालांकि, रेस्क्यू किए गए 50 में से चार मजूदरों की मौत हो गई। वहीं, फंसे हुए 5 मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। मजदूरों को बचाने के लिए आइबेक्स ब्रिगेड की बचाव टीम के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। हेलिकॉप्टरों में भारतीय सेना विमानन के 3 चीता ▶▶ शेष पेज 4 पर

दिल्ली से सेना की जीपीआर रडार, वाउंड पेनीट्रेशन रडार मशीन मंगवाई गई है, जो बर्फ के अंदर कंटेनरों को ट्रेस करने में मदद करेगी

**हेलिकॉप्टरों में भारतीय सेना विमानन के 3 चीता हेलिकॉप्टर, वायु सेना के 2 चीता हेलिकॉप्टर शामिल**





### ◆ कंटेनरों की तलाश के लिए आर्मी के स्निफर डॉग्स की तैनाती

सीएम धामी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी श्रमिकों की सुरक्षित निकासी के लिए चिंतित हैं और नियमित अपडेट ले रहे हैं। पांच कंटेनरों को ट्रेस कर श्रमिकों को सुरक्षित निकालने में राहत और बचाव दलों को सफलता मिली है। अत्यधिक बर्फ होने के कारण तीन कंटेनर ट्रेस नहीं हो पा रहे हैं। आर्मी, आईटीबीपी द्वारा इन कंटेनरों का पता लगाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। कंटेनरों की तलाश के लिए आर्मी के स्निफर डॉग्स की तैनाती की गई है। आर्मी की 3 टीमों द्वारा सघन पेट्रोलिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हाई एल्टीट्यूड रेस्क्यू के लिए 3 टीमें तैनात

*चमोली के माणा में हुए हिमस्खलन को देखते हुए एसडीआरएफ मुख्यालय जौलीग्रांट से अलर्ट जारी करते हुए तीन हाई एल्टीट्यूट रेस्क्यू टीमों को जौलीग्रांट, सहस्रधारा और गोचर में तैनात किया गया। मौसम साफ होते ही टीमों ने हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू उपकरणों के साथ उड़ान भरी। गोचर और सहस्रधारा में आठ-आठ लोगों की दो टीमों और जौलीग्रांट मुख्यालय में बटालियन की दस लोगों की एक टीम को तैनात किया गया है। इन टीमों को सेटेलाइट फोन और बर्फ में रेस्क्यू के लिए जरूरी उपकरणों के साथ तैनात किया गया है। वहीं, एसडीआरएफ में अलर्ट जारी किया गया।*

### पीएम मोदी ने दिलाया मदद का भरोसा



भारी आपदा के चलते राज्य के मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात कर उन्हे स्थिति से अवगत कराया। पीएम ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार हर संभव मदद करेगी। इससे पहले पीएम धामी ने अधिकारियों के साथ बैठक की और हवाई सर्वेक्षण के बाद अधिकारियों को ▶▶ शेष पेज 4 पर

[ मप्र का माथा 'ऊंचा' ]

*ग्वालियर डीआरडीओ ने कर दिया कमाल!*

# रासायनिक युद्ध से बचाने के लिए बनाई 'नई डिवाइस'



» भारत इस डिवाइस को स्वदेशी तकनीक से विकसित करने वाला दुनिया का चौथा देश बना

» स्वदेश में बने डिटेक्टर और अलार्म में 80% से अधिक स्वदेशी घटक इस्तेमाल हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

**अलग खबर**

यहां स्थित देश के रक्षा संस्थान डीआरडीओ की डीआरडीई लैब ने रक्षा क्षेत्र में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। आगामी समय में न्यूक्लियर, जैविक और रासायनिक युद्ध का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

इस तरह के युद्ध का खतरा होने पर अलर्ट करने और अधिक से अधिक बचाव के लिए ग्वालियर के साइंटिस्ट डॉ. सुशील बाथम की टीम ने एसीएडीए (ऑटोमेटिक केमिकल एजेंट डिटेक्टर और अलार्म) विकसित किया है। ये उपकरण आयन मोबिलिटी स्पेक्ट्रोमेट्री के सिद्धांत पर काम करता है। यह डिवाइस एसीएडीए हवा में घुले केमिकल के बारीक कणों को भी कैच कर ऑडियो और वीडियो रूप में अलर्ट जारी करेगा। भारत इस डिवाइस को स्वदेशी तकनीक से विकसित करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। स्वदेशी रूप से विकसित किया गया यह उत्पाद आई-डीडीएम, 'मेक इन इंडिया' और 'आत्म निर्भर भारत' मिशन की दिशा में एक लंबी छलांग है।

### सेना व वायुसेना से 80 करोड़ की डील

हाल ही में भारतीय सेना और वायु सेना ने एसीएडीए की 223 यूनिट की खरीद के लिए ऑर्डर दिया है। यह डील लगभग 80 करोड़ रुपए में हुई है। रासायनिक हमले की स्थिति में जानमाल की हानि कम करने के लिए इसकी तत्काल पहचान आवश्यक है।

### अलार्म में 80% से अधिक स्वदेशी घटक का इस्तेमाल

*रासायनिक हमले की पहचान करने में एसीएडीए एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अब तक भारतीय सशस्त्र बलों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को इन डिटेक्टर को दुनिया भर में उपलब्ध तीन निर्माताओं (अमेरिका-जर्मनी) से आयात करना पड़ता था।*

### 2015 में मिली थी बाथम को कामयाबी



'अकाडा' को विकसित करने वाले साइंटिस्ट डॉ. सुशील बाथम मूल रूप से ग्वालियर के रहने वाले हैं। उन्होंने 2010 में 'अकाडा' को विकसित करने पर फोकस किया था। साल 2015 में उनको कामयाबी मिली। डिवाइस बनाने में 25 से 30 लाख रुपए का खर्च आया है। काम के प्रति साइंटिस्ट डॉ. सुशील बाथम की लगन का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दिसंबर 2022 में वह अपने प्रोजेक्ट के चलते बेंगलुरु में थे। उसी समय परिवार में गमी हो गई थी। ऐसे में वह अंत्येष्टि कार्यक्रम में नहीं आ सके थे। बाद में सिर्फ कुछ घंटों के लिए आए और वापस प्रोजेक्ट पर काम करने चले गए।

**कुत्ते की वफादारी ऐसी...**

# मालिक को बचाने बाघ से भिड़ गया पालतू जर्मन शेफर्ड...और जान दे दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरिया

बाघ लड़ते हुए कुत्ते को जबड़े में दबाकर गांव के बाहर तक घसीट कर ले गया और फिर उसे वहीं छोड़कर लौट गया


बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे भरहुत गांव में एक पालतू कुत्ते ने स्वामिभक्ति और बहादुरी की अनोखी मिसाल पेश की। भरहुत गांव का युवक शिवम बड़गैया अपने पालतू जर्मन शेफर्ड कुत्ते के साथ घर के बाहर टहल रहा था, तभी अचानक जंगल से एक बाघ गांव में घुस आया और वह शिवम पर हमला करने के लिए झपटा।

हालात को भांपते हुए जर्मन शेफर्ड ने अपनी जान की परवाह किए बिना बाघ का सामना किया। वह जोर-जोर से भौंकने लगा, जिससे बाघ कुछ देर के लिए स्तब्ध हो गया। हालांकि, थोड़ी देर बाद बाघ ने युवक को छोड़कर कुत्ते की ओर दौड़ लगा दी। कुत्ते ने बहादुरी दिखाते हुए बाघ से लड़ने की पूरी कोशिश की, लेकिन बाघ ने उसे जबड़े में दबाकर गांव के बाहर तक घसीट लिया। कुत्ते की हिम्मत और संघर्ष को देखते हुए बाघ ने थक-हारकर उसे छोड़ दिया और जंगल की ओर लौट गया। इस बीच, कुत्ता गंभीर रूप से घायल हो गया था।



मालिक शिवम तुरंत उसे जिला मुख्यालय लेकर पहुंचे, जहां पशु चिकित्सक ने उसका इलाज किया। हालांकि, गहरे जख्मों के कारण कुछ घंटों बाद कुत्ते ने दम तोड़ दिया।

उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इन दिनों बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते बाघ अब जंगल से रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं।



**मोहन सरकार का बड़ा निर्णय**

# 15 मार्च से 26 सौ रुपए प्रति क्विंटल गेंहू खरीदेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेंहू की समर्थन मूल्य पर एक साथ 15 मार्च से खरीदी होगी। इससे पहले इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम व भोपाल संभाग में एक मार्च तथा बाकी संभागों में 17 मार्च से खरीदी की घोषणा हुई थी। किंतु गेहूं की फसल कटाई पूर्ण नहीं होने की वजह से सभी जिलों में एक साथ 15 मार्च से खरीदी कराने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि गेहूं खरीदी अब 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर होगी। इसमें 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस होगा। राज्य सरकार ने मंडियों में आ रहे गेहूं में नमी का प्रतिशत अधिक होने के कारण किसानों को असुविधा से बचाने 15 मार्च से एक साथ खरीदी कराने का निर्णय लिया है। ऐसा इसलिए और है कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ राज्य में एक साथ सभी जिलों में बनेंगे खरीदी केंद्र

**एमएसपी पर इस साल 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं की होगी खरीद**



### ◆ 2425 रुपए घोषित हुआ सरकारी समर्थन खरीदी मूल्य

*रबी विपणन वर्ष 2025-26 में भारत सरकार की ओर से समर्थन मूल्य में 150 प्रति क्विंटल की वृद्धि करते हुए 2425 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। पिछले साल यह दर 2275 रुपए ही थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली किसान हितैषी प्रदेश सरकार ने गेहूं उत्पादक किसानों के हित में बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य 2425 रुपए के अतिरिक्त 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जाएगी।*


PATANJALI® wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

योग ग्राम व निरामयम्

एलोपैथिक डॉक्टर्स के लिए होली तक उपचार का विशेष उपहार

MD, MBBS, सर्जन, डेंटिस्ट, डर्माटोलॉजिस्ट, ENT, ओफ्थाल्मोलॉजिस्ट, आर्थोपेडिक, गाइनीकॉलोजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट ऐसे एलोपैथी डॉक्टर्स के लिए पतंजलि वेलनेस, निरामयम् व योगग्राम में स्पेशल डिस्काउन्ट।

सेवारत डॉक्टरों के लिए 50% की छूट | सेवानिवृत्त डॉक्टरों के लिए 100% मुफ़्त

जिनसे मानवता का हित, उनके लिए हम समर्पित

रोगों से पीड़ित, मानवता की सेवा में लगे डॉक्टर्स को सनातन संस्कृति में हम भगवान स्वरूप मानते हैं परन्तु हृदय को पीड़ा देने वाली वेदना यह है कि रोगियों की सेवा करते–करते डॉक्टर्स भी रोगी हो जाते हैं। अति व्यस्तताओं के चलते हेल्दी लाइफस्टाइल, योग, हेल्दी फूड हैबिट्स को फॉलो ना कर पाने के कारण से वे बीपी, थायरॉइड, शुगर, अस्थमा, लीवर, किडनी, हार्ट प्रॉब्लम्स, सर्वाइकल पेन और ओबेसिटी जैसे रोग चक्र में घिर जाते हैं।

हम अत्यन्त स्नेह, सम्मान व करुणा पूर्वक सभी डॉक्टर्स को पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम् में आमंत्रित करते हैं

इस आश्वासन के साथ कि हम वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ, इनकी सभी लाइफस्टाईल और इंक्यूरेबल डिज़ीज़ेज को मैनेज करें और रिवर्स व डीरूट करें एवं पंचकर्म, षट्कर्म के द्वारा वे शुद्धिकरण करें। जो समर्थ हैं उनको भी 50% डिस्काउन्ट करके, एक–एक व्यक्ति को प्रतिदिन 10 थेरेपियां देते हैं जो कि 5 से 10 हजार रुपए (वैल्यू) की होती हैं। प्रतिदिन शिरोधारा, अभ्यंग, बाह्य एवं आंतरिक बस्ती, हाइड्रोथेरेपी, कोलोन थेरेपी, श्रृंगी, वात मोक्षण, रक्त मोक्षण, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, ओजोन थेरेपी, यज्ञ थेरेपी एवं ऐसी अनेक रोगानुसार थेरेपीज द्वारा डिटॉक्स करें और ऋषियों की योग, आयुर्वेद की विरासत को एक्सपीरियंस करें।

विशेष- जो गवर्नमेंट या प्राइवेट जॉब के बाद रिटायर्ड डॉक्टर हैं एवं जिनके पास आर्थिक संसाधन नहीं है उनके लिए योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, षट्कर्म का 100% फ्री ट्रीटमेन्ट उपलब्ध करवा कर के हम उनकी सेवा का सौभाग्य पाना चाहते हैं।




नोट- टाईप 1 डायबिटीज़, लीवर, किडनी फेलियर, कैंसर, ऑटो इम्यून डिज़ीज के पेशेन्ट के लिए 25% off (डिस्काउन्ट) केवल मार्च महीने में उपलब्ध रहेगा।

पतंजलि वेलनेस में साप्ताहिक उपचार व रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें

8954666111, 8954666222, 8954666333 (कॉल करने का समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

या विज़िट करें: www.patanjaliwellness.com | booking@patanjaliwellness.com

यदि आप ऑनलाइन पेमेंट करना नहीं जानते हैं, तो यहाँ सीधे आकर डायरेक्ट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।


मध्यप्रदेश सरकार ने
किसानों को दी
बड़ी सौगात
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
किसान
आभार सम्मेलन
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
गेहूं उपार्जन पर
₹175 प्रति क्विंटल
बोनस देगी प्रदेश सरकार
गेहूं खरीदी मूल्य
₹2600
प्रति क्विंटल निर्धारित
खरीफ 2024 के धान उपार्जन पर
₹4000 प्रति हेक्टेयर
दी जायेगी प्रोत्साहन राशि
अन्नदाता की खुशहाली के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के
संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देता मध्यप्रदेश
2 मार्च 2025 I दोपहर 12:00 बजे
मुख्यमंत्री निवास, भोपाल
31 मार्च
2025 तक
गेहूं उपार्जन के लिए
किसानों का पंजीयन
15 मार्च से
5 मई 2025 तक
प्रदेश स्तरीय
गेहूं उपार्जन
D-11205/24
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

भोपाल
रविवार, 2 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-03
वर्ष : 11, अंक : 337
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

13 द.अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचने...



आजकल
06 जीवनशैली से संबंधित रोग बड़ी...

# धान पर 4 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर मिलेगा अतिरिक्त लाभ

*मुख्यमंत्री ने बालाघाट में 326 करोड़ 60 लाख रुपए के 117 विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन और लोकार्पण*

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट के किसान सम्मेलन में किसानों को कई सौगातें दी। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में धान उत्पादक किसानों को 4 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। जबकि गेहूं उत्पादक किसानों को प्रति क्विंटल 175 रुपए अतिरिक्त बोनस राशि भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मूल्य संवर्धन योजना (प्राइस सपोर्ट स्कीम) के तहत वर्ष 2024 में 6.69 लाख किसानों ने 12.2 लाख हेक्टेयर रकबे में उत्पादित धान का विक्रय किया है। इससे किसानों को 488 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को बालाघाट पहुंचे थे। उन्होंने बालाघाट में 326 करोड़ 60 लाख रुपए के 117 विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने 1412 दिव्यांगजनों और 1040 वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित करने के साथ अन्य विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की जा रही है। आने वाले 5 वर्षों में 2 लाख 70 हजार पदों पर विभिन्न सेक्टर में रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। हमारी सरकार वर्ष 2028 तक सरकार 70 प्रतिशत युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है।

■ मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना

## 5 वर्षों में 2 लाख 70 हजार युवाओं को मिलेंगी नौकरियां, एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती जारी




### नक्सलवाद के पैर नहीं जमने देंगे

डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में नक्सलवाद के पैर किसी भी कीमत पर जमने प्रदेश में नहीं देंगे। नक्सलवाद के समूल नाश के लिए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं हो सकेगा कि नक्सलवादी किसी और प्रदेश से आकर मध्यप्रदेश में रह पाएं। उन्होंने पुलिस प्रशासन को इसके लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### मजदूरों से भरा वाहन पलटा, 20 घायल



**दमोह।** जिले के रनेह-पटेरा मार्ग पर मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और 20 से अधिक मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। दूसरी घटना दमोह-छतरपुर हाईवे पर हुई, जहां एक ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे पांच मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है।

### इंदौर में 2 रु. प्रति लीटर महंगा हुआ दूध



**इंदौर।** शनिवार से इंदौर शहर में दूध के दाम में दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हो गई है। शहर में दूध व्यापारी संगठनों ने दाम बढ़ाने की घोषणा की है। इंदौर दूध विक्रेता संघ और मप्र दुग्ध व्यवसायी संघ ने घोषणा की है कि एक मार्च से दुकानों पर दूध की बिक्री 62 रुपए प्रति लीटर के दाम पर और बंदी का दूध 60 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से मिलेगा। बंदी के दूध में सेवा शुल्क अलग से लिया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में 5 तीर्थयात्रियों की मौत



**चामराजनगर (कर्नाटक)।** जिले में माले मदेश्वर मंदिर जा रहे पांच तीर्थयात्रियों की शनिवार को उस समय मौत हो गई, जब उनकी कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना जिले के कोल्लेगल तालुका के चिक्किंदुमडी में हुई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह के लिए पहाड़ी पर स्थित मंदिर जा रहे थे।

## *जहर से मुक्ति : पीथमपुर में यूका का जहरीला कचरा जलाने का काम शुरू*

# अब तक 3240 किलो कचरा जला 21000 लीटर डीजल की हुई खपत

हवा की गुणवत्ता पर नजर



*इन्सीनरेटर का संचालन निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया जा रहा है। रासायनिक कचरा जलाने की प्रक्रिया शुरू करने से पहले प्रशासनिक दल ने रामकी कंपनी का दौरा कर जायजा लिया*

**135** किलोग्राम प्रति घंटे की दर से अपशिष्ट की फीडिंग



फ्लू गैसेस की सफाई हेतु लगभग **3.6** टन लाइम, **1.8** टन एक्टीवेटेड कार्बन तथा **24** किलोग्राम सल्फर का उपयोग

कचरा जलाने की रिपोर्ट मप्र हाईकोर्ट में पेश की जाएगी

❝ चिमनी से उत्सर्जन निर्धारित मानक सीमा के भीतर पाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏩ धार

धार में स्थित पीथमपुर में भोपाल की यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाने का सिलसिला शुरू हो गया है। भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में यह कार्य शुरू किया गया। हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में यूनियन कार्बाइड भोपाल के अपशिष्ट का ट्रायल औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर के डिस्पोजल पीथमपुर इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के इन्सीनरेटर में शुरू किया गया। शनिवार को अपरान्ह 3:00 बजे तक 3240 ⏩ शेष पेज 4 पर

### कई गैसें निकल रहीं पर वे निर्धारित मात्रा में ही

इन्सीनरेटर के संचालन से उत्पन्न होने वाली फ्लू गैस के शोधन के लिए स्थापित व्यवस्थाएं सभी प्रभावी ढंग से संचालित हो रही हैं तथा चिमनी से हो रहे उत्सर्जन की लगातार जांच के लिए ऑनलाइन कंटीन्यूअस इमीशन मॉनिटरिंग सिस्टम संचालित है, जिसके द्वारा कार्बन मोनो ऑक्साइड, कार्बन डाई ऑक्साइड, ऑक्सीजन, हाइड्रोजन फ्लोराइड, हाइड्रोजन क्लोराइड, पर्टिकुलेट मेटर, सल्फर डाई ऑक्साइड, नाइट्रोजन ⏩ शेष पेज 4 पर

**एक घंटे में 30 बैग इन्सीनरेटर में डाले जा रहे**

*अपशिष्ट के दहन के दौरान चिमनी से हो रहे इमीशन की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, जिसके लिए ऑनलाइन कन्टीन्युअस इमीशन मॉनिटरिंग सिस्टम संचालित है। चिमनी से उत्सर्जन निर्धारित मानक सीमा के भीतर पाए जा रहे है। निर्धारित तापमान प्राप्त होने पर शुक्रवार 28 फरवरी तीन बजे से यूनियन कार्बाइड के अपशिष्ट को जलाना शुरू किया गया है। 135 किलोग्राम प्रति घंटे की दर से अपशिष्ट की* ⏩ शेष पेज 4 पर

### केंद्र व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर रहे निगरानी

*यूनियन कार्बाइड की फीडिंग 28 फरवरी को अपरान्ह 3:00 बजे से 135 किलोग्राम/घंटे की दर से की जा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित एसओपी के अनुसार अपशिष्ट का डिस्पोजल कराया जा रहा है। डिस्पोजल के दौरान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग एवं निगरानी कार्य किया जा रहा है। मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने 'हरिभूमि' को बताया कि अपशिष्ट के साथ लगभग 3240 किलोग्राम लाइम भी मिलाकर दहन किया जा चुका है। फ्लू गैसेस की सफाई हेतु लगभग 3.6 टन लाइम, 1.8 टन एक्टीवेटेड कार्बन तथा 24 किलोग्राम सल्फर का उपयोग किया गया।*

◆ 6,471 करोड़ रुपए मूल्य के नोट ही अब जनता के पास बचे

## आरबीआई ने साफ किया: 2000 रु. के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे, अब तक 98.18% नोट 'वापस' आए

*19 मई 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपए मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने का ऐलान किया था*



एजेंसी ⏩ नई दिल्ली




रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अपने ताजा अपडेट में कहा है कि 19 मई 2023 को कारोबार बंद होने के दौरान 2000 रुपए के 3.56 लाख करोड़ रुपए के नोट मौजूद थे। 28 फरवरी 2025 को कारोबार बंद होने के दौरान बाजार में मौजूद 2000 के नोटों की संख्या घटकर 6,471 करोड़ रुपए हो गई है। 2000 रुपए के 98.18 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 6,471 करोड़ रुपए मूल्य के नोट ही अब जनता के पास बचे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार इसकी ⏩ शेष पेज 4 पर

### अभी भी नोट जमा करने व बदलने की सुविधा

2000 रुपए के बैंक नोट जमा करने और/या बदलने की सुविधा 7 अक्तूबर 2023 तक सभी बैंक शाखाओं पर उपलब्ध थी। फिलहाल, यह सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। 9 अक्तूबर 2023 से, आरबीआई के निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपए के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं।

### भारतीय डाक के जरिए भी भेजे जा सकते हैं नोट

इसके अलावा, आम लोग भारतीय डाक के जरिए देश के किसी भी डाकघर से 2000 रुपए के नोट को अपने बैंक खाते में जमा कराने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के किसी भी कार्यालय में भेज सकते हैं। आरबीआई ने साफ किया है कि 2000 रुपए के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

## अब सिनेमा हॉल में एड से मिलेगा छुटकारा, हाईकोर्ट का निर्देश

# मूवी टिकट में फिल्म शुरू होने का 'सही समय' लिखा जाए

सिनेमा हॉल संचालन से संबंधित नियमों में बदलाव की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश दिया है कि मूवी टिकट में फिल्म शुरू होने का सही समय लिखा जाए। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि दर्शकों को विज्ञापन देखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के निर्देश के बाद सिनेमा प्रेमियों के चेहरे खिल उठे हैं। कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि सिनेमा टिकट पर फिल्म के शो का सही समय स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। इससे दर्शकों को यह पता चलेगा कि फिल्म कब शुरू होगी और वे अपने समय का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। साथ ही 15 से 20 मिनट एड देखने से बचेंगे। कोर्ट ने यह भी सुझाव दिया कि सिनेमा हॉल संचालन से संबंधित नियमों में बदलाव की जररूत है, ताकि दर्शकों को बेहतर अनुभव मिल सके। इन बदलावों से सिनेमा हॉल में दर्शकों की शिकायतों में कमी आएगी और उन्हें अधिक सुविधा मिलेगी। वर्तमान में, कई थिएटरों में शो का समय सही ढंग से नहीं बताया जाता है। जिससे दर्शक 15 से 20 मिनट तक केवल एड ही देखता है। इसके बाद फिल्म शुरू होती है।



*आग कैसे लगी? कितने का नुकसान? पता लगाया जा रहा*

## गोविंदपुरा की केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग

■ यह प्रेम चावला की केमिकल फैक्ट्री




### 5 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**भोपाल।** गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उसकी लपटें करीब चालीस फीट ऊंची तक उठ रही थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की करीब दर्जनभर गाड़ियों ने पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

⏩ शेष पेज 4 पर
⏩ पढ़ें पेज 03 भी

## महंगाई का झटका! 6 रुपए बढ़ाए गए

# 1 मार्च से देश भर में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के बढ़े दाम

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली



| भोपाल में सिलेंडर के दाम | |
|---|---|
| पहले | 1802: 50 |
| अब | 1808: 50 |

तेल कंपनियों ने 1 मार्च 2025 से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी की है। दिल्ली से लेकर कोलकाता तक कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में 6 रुपए बढ़ाए गए हैं। हालांकि, कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के पिछले पांच सालों के प्राइस ट्रेंड पर नजर डालें, तो मार्च 2025 में सबसे कम बढ़ोतरी की गई है। इंडियन ऑयल की ओर से जारी नए रेट के अनुसार, दिल्ली में 1 मार्च 2025 से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 1803 रुपए हो गए हैं, जो फरवरी में 1797 रुपए में मिलता था। ⏩ शेष पेज 4 पर

## महीने के अंत तक 40 से 41 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

# इस महीने गर्मी, बारिश के बीच मिला-जुला रहेगा मौसम, 6 से 9 मार्च के बीच बारिश


भिंड, मुरैना, सीधी और सिंगरौली में आज भी बारिश

मध्यप्रदेश और राजस्थान के ऊपर बना सकुर्लेशन महाराष्ट्र तक बनी हुई है ट्रफ लाइन, दो दिन बाद अधिकतम तापमान में होगी तेजी से गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में एक मार्च से गर्मी का सीजन शुरू होते ही तापमान में तेजी से बदलाव शुरू हो गया है।

फरवरी के अंतिम दिन भोपाल का अधिकतम पारा रिकार्ड 34 डिग्री के ऊपर पहुंच कर शनिवार को 1.5 डिग्री की कमी के साथ फिर 32.8 डिग्री पर रहा है। मार्च में भोपाल में गर्मी का असर मिला-जुला रहेगा। तेज गर्मी के साथ बादल, बारिश से महीने के अंत तक दिन का पारा 40 से 41 डिग्री तक पहुंच जाएगा, जबकि रात में 21 डिग्री को पार कर सकता है। इस महीने एक- दो दिन ओले गिरने से तापमान में अधिकतम 6 से 8 डिग्री तक का बदलाव संभव है। मौसम केंद्र के अनुसार वर्तमान में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से हवाएं बदल रही हैं, जबकि मध्यप्रदेश और राजस्थान से लगे हिस्सों में सकुर्लेशन होने से रविवार से सोमवार के बीच राजस्थान से लगे हिस्सों के साथ ही भिंड, मुरैना, सीधी और सिंगरौली आदि जिलों में कुछ जगह बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार गर्मी के साथ बारिश, बादल और एक दो दिन प्रदेश में कहीं-कहीं ओले भी गिरेंगे।



भोपाल के आईटीआई रोड का दृश्य

### तापमान में कहां कितना बदलाव?

*शनिवार को भोपाल के अलावा इंदौर, गुना, ग्वालियर, खजुराहो आदि जिलों में पारा 2 से 4 डिग्री तक गिरकर औसतन 32 डिग्री तक रहा। सबसे अधिक कमी ग्वालियर में 3.8 डिग्री की रही। पारा 29.8 डिग्री रहा। शनिवार को प्रदेशभर में दिन के तापमान में औसतन* ⏩ शेष पेज 4 पर

### भोपाल में भी बादल बौछारों की उम्मीद

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार 2 मार्च को नया पश्चिमी विक्षोभ आएगा। इससे मौसम फिर बदलेगा। 6 से 9 मार्च के बीच एक दो दिन कुछ जिलों में बादल, बारिश होगी। भोपाल में भी बादलों ⏩ शेष पेज 4 पर

**खबर संक्षेप**

### कल बाल आयोग की कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग की एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में बच्चों के शिक्षा के अधिकार, पॉक्सो एवं किशोर न्याय अधिनियम पर आधारित इस कार्यशाला में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यशाला में सभी जिलों के महिला बाल विकास, शिक्षा, जनजातीय कल्याण एवं गृह विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### कांग्रेसः ललित प्रभारी जहीर सह प्रभारी बने

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को व्यापक रूप से संचालित किए जाने के लिए प्रदेश स्तर पर प्रभारी एवं सह-प्रभारी नियुक्ति किए हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस के महामंत्री संगठन डॉ. संजय कामले ने बताया कि कांग्रेस नेता ललित सेन को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए प्रदेश स्तर पर प्रभारी और जहीर अहमद को सह प्रभारी नियुक्ति किया गया है। डॉ. कामले ने बताया कि कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि प्रदेश भर में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा और अपात्र लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने का काम कांग्रेस द्वारा प्रमुखता से कराया जाएगा।

### आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं मिली कोई सौगात

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी की गई एचआर पॉलिसी में संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों का कोई जिक्र नहीं है। एनएचएम के अधिकारियों के कारण आउटसोर्स कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। कई वर्षों तक संविदा कर्मचारी के रूप में सेवा देने वाले कर्मचारियों को पुनः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में शामिल नहीं किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारियों को सात महीने से वेतन तक नहीं मिला है। इससे नाराज आउटसोर्स कर्मचारी विधानसभा सत्र के दौरान घेराव कर प्रदर्शन करेंगे। संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि एनएचएम की पॉलिसी में आउटसोर्स कर्मचारियों का कोई जिक्र नहीं किया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार ने घोषणा की थी कि आउटसोर्स कर्मचारियों को संविदा पर मर्ज कर चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर नियमित किया जाएगा। लेकिन आज तक घोषणा को पूरा नहीं किया गया। कोमल सिंह ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को आधा वेतन दिया जा रहा है, जबकि आउटसोर्स कंपनी शासन से दुगना पैसा वसूल रही है।

### ब्रांडेड दवाओं से 90 फीसदी तक सस्ती जैनेरिक दवाएं

**भोपाल।** जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध दवाएं ब्रांडेड विकल्पों की तुलना में 50 से 90 फीसदी तक सस्ती होती हैं, जिससे परिवारों को स्वास्थ्य व्यय पर बचत करने में मदद मिलती है। देशभर में बढ़ती जन औषधि केंद्रों की संख्या से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को यह किफायती दवाएं आसानी से मिलने लगी हैं। यह बातें स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा एम्स में 1 से 7 मार्च तक मनाए जा रहे जन औषधि सप्ताह के शुभारंभ के दौरान कहीं। एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि यह सप्ताह नागरिकों को उच्च गुणवत्ता और किफायती दवाओं की उपलब्धता के बारे में जागरूक करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इधर, जेपी अस्पताल में शनिवार सुबह 11 बजे से जन औषधि जनचेतना पदयात्रा निकाली गई। अब आगे सेमिनार, स्वास्थ्य शिविरों सहित विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर गुणवत्तापूर्ण और सस्ती जेनेरिक दवाइयों के बारे में आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। पदयात्रा में निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, फामेर्सी काउंसिल अध्यक्ष संजय जैन, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

# शोधार्थियों में मौलिकता के साथ विश्लेषण एवं संश्लेषण दोनों ही आवश्यक : कानिटकर

*भारत के पुनरुत्थान के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान की पहल विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम का शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं लेखक मुकुल कानिटकर ने कहा कि राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए, श्रेष्ठ व्यक्ति निर्माण आवश्यक है। वास्तव में स्वयं का निर्माण करने वाले ही राष्ट्र पुनर्निर्माण में सहभागिता कर सकते हैं। कानिटकर ने कहा कि शोध का वास्तविक अर्थ है शुद्ध करना, शोधार्थियों के जीवन का अंतिम लक्ष्य शोध ही होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शोध के लिए शोधार्थियों में मौलिकता के साथ, विश्लेषण एवं संश्लेषण दोनों के संस्कार जागृत करने की आवश्यकता है। स्वयं को शुद्ध करते हुए द्वंद्व से मार्ग निकालने से प्राप्त मौलिकतापूर्ण परिणाम ही वास्तव में शोध है। कृतज्ञता का भाव, भारत की सभ्यता एवं विरासत है और भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न अंग है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति, नदियों एवं सूर्य सहित समस्त ऊर्जा स्त्रोतों के संरक्षण के लिए, कृतज्ञता भाव से समृद्ध परंपराओं को स्थापित किया था।

## राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए श्रेष्ठ व्यक्ति निर्माण जरूरी

राष्ट्रीय शोधार्थी समागम भारतीय दृष्टि से शोध एवं अनुसंधान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा: मंत्री परमार



### भारत को सिरमौर बनाने में सभी की सहभागिता आवश्यक

*उच्च शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय शोधार्थी समागम के आयोजन एवं सफलता के लिए आयोजकों एवं सहभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में भारत केंद्रित शिक्षा के लिए यह समागम उपयोगी होगा। यह समागम, प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध एवं अनुसंधान के लिए अभिप्रेरक बनेगा। परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शोधार्थी समागम भारतीय दृष्टि से शोध एवं अनुसंधान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में भारत केंद्रित शिक्षा की महती भूमिका होगी। भारत को विश्व मंच पर पुनः सिरमौर बनाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है।*

### वेदों में भारतीय ज्ञान परंपरा विद्यमान

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सारस्वत अतिथि सिद्धपीठ हनुमन निवास अयोध्या धाम के पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा, अतीत के कालखंडों में गुरुकुल शिक्षा पद्धति के नष्ट किए जाने से विलोपित हुई है। गुरुकुल शिक्षा पद्धति में पहली कक्षा से ही शोध किया जाना प्रारंभ हो जाता था। आचार्य ने कहा कि वेदों में भारतीय ज्ञान परम्परा विद्यमान है। शोध के लिए मौलिकता की ओर वापस लौटना होगा। आचार्य ने कहा कि राष्ट्र, विचार परम्परा से नहीं, बल्कि विश्वास, परम्परा से संचालित होता है। शोध के लिए विश्वास परंपरा की ओर लौटने की आवश्यकता है।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) भोपाल के निदेशक प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी, मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक प्रो. अनिल कोठारी, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्रा एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ. धीरेंद्र शुक्ल सहित कुलगुरू और शोधार्थी उपस्थित रहे।*

### भारत का ज्ञान भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान

भारत का ज्ञान, ज्ञान परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर, भारतीय समाज में परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित हुई हैं। हर विधा-हर क्षेत्र में विद्यमान भारतीय ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में नए संदर्भों में, पुनः शोध एवं अनुसंधान कर वर्तमान वैश्विक आवश्यकतानुरूप दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता है। यह बातें उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के तत्वावधान में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के डॉ. जगदीश चंद्र बसु सभागृह में आयोजित भारत के पुनरुत्थान के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान की पहल विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम के शुभारंभ सत्र में कही। मंत्री परमार ने कहा कि शोधार्थियों को समाज के प्रश्नों का समाधानकारक शोध करने की आवश्यकता है। शोधार्थियों के शोध का प्रभाव, समाज के दृष्टि पटल पर परिलक्षित होना चाहिए।

## भगवान बिरसा मुंडा और रानी अवंतिबाई की प्रतिमाओं का किया अनावरण

# किरनापुर बनेगी नगर पंचायत, कारंजा स्कूल का नाम बाला साहब देवरस के नाम पर होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लांजी में भगवान बिरसा मुण्डा और रानी अवंतिबाई की प्रतिमाओं का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि किरनापुर को नगर पंचायत बनाया जाएगा। कारंजा हायर सेकंडरी स्कूल का नाम बाला साहब देवरस के नाम पर होगा। मुख्यमंत्री बालाघाट के लांजी में आठ दिवसीय आध्यात्मिक व सांस्कृतिक कोटेश्वर महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक परम्परा का अहम हिस्सा है। उन्होंने होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्यौहार पिछड़ों से मिलने का त्यौहार है। संक्रांति मेलों का आयोजन शुरू होता है और वर्ष भर आनंद में सभी का समय व्यतीत होता है। महाकाल की नगरी उज्जैन से शिवरात्रि के अवसर पर विक्रमोत्सव प्रारम्भ हुआ, राजा विक्रमादित्य का जीवन अद्भुत है, जो न्याय, धर्म, ज्ञान, संस्कृति, और वीरता का प्रतीक है। राजा विक्रमादित्य के नाम से प्रारम्भ विक्रम संवत गुड़ी पड़वा से प्रारम्भ होता है।

मुख्यमंत्री बालाघाट के लांजी में 8 दिवसीय कोटेश्वर महोत्सव में हुए शामिल



### जीआईएस में मिला मप्र को विकास का आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल, सागर, रीवा, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम में स्थानीय स्तर पर निवेश सम्मलेन के बाद भोपाल में वैश्विक निवेश सम्मलेन का आयोजन हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए। भोपाल में आयोजित सम्मलेन में उद्योग लगाने और मप्र का विकास करने के उद्देश्य से राष्ट्रपति, गृहमंत्री सहित भारत के सभी गणमान्य महानुभवों ने मध्यप्रदेश को विकास का आशीर्वाद दिया हैं।

### धान उत्पादक किसानों को मिलेगा लाभ, आवासहीन को मिलेंगे आवास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना में 4 हजार रुपए प्रति हेक्टयर अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि का लाभ मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके आवास अब तक नहीं बन पाए है, उन्हें भी आवास दिए जाएंगे। सरकार ने अभी गोपालन के लिए योजना बनाईं है, जिससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है, दुग्ध उत्पादन पर सरकार बोनस देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान बिरसा मुंडा और रानी अवंतिबाई की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया।

### बालाघाट में हॉकी के एस्ट्रो टर्फ का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश भारत है। यह प्रसन्नता की बात है कि वर्तमान में सर्वाधिक जीएसडीपी ग्रोथ रेट 13 प्रतिशत मध्यप्रदेश की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को बालाघाट में किसान सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने बालाघाट के खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण सौगात देते हुए हॉकी के एस्ट्रो टर्फ का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मप्र के लिए गर्व की बात है कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर भी पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों में मप्र के तीसरे स्थान पर रहने पर हार्दिक प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश के युवा जिस भी क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं, सरकार उन्हें आगे बढ़ने के समुचित अवसर प्रदान करेगी।



### लोकार्पण-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट जिले में 326 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक की लागत के 117 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने 264 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 78 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 145 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बालाघाट, बिरसा, वारासिवनी, मलाजखंड, लालबर्रा में सीएम राइज स्कूल, 53 करोड़ से बालाघाट के बैहर, पसरवाडा खैरलांजी में स्कूलों का उन्नयन एवं छात्रावासों के निर्माण कार्य, 10 करोड़ रुपए से मार्गों और पुलों निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

## 15 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जाएगा

# एनपीएस में मिसिंग क्रेडिट राशि अभिदाता के खाते में जमा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार ने कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाताओं के खातों में जमा करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब अशंदायी पेंशन योजना (एनपीएस) में मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाता के खातों में जमा किए जाएंगे। अभिदाताओं के खातों में मिसिंग क्रेडिट की राशि जमा करने के लिए 15 मार्च तक विशेष अभियान चलेगा। इस संबंध में विभागीय स्तर पर निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

राज्य शासन के अधीन सिविल सेवा के पदों पर एक जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त होने वाले शासकीय सेवकों पर अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है। इसमें शासकीय सेवकों के वेतन से कर्मचारी अंशदान एवं शासकीय अंशदान संबंधित के परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नम्बर (प्रान) में जमा किया जाता है। ऐसे शासकीय कर्मचारी, जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं और उनके अंशदान उनके प्रान में जमा नहीं हुए है, ऐसे प्रकरणों में मिसिंग क्रेडिट (गुमशुदा कटौत्री) की समस्या होती है।

### अंशदान जमा करने की कार्वाई की जाएगी

गुमशुदा कटौत्री की समस्या के समाधान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा की ओर से आईएफएमआईएस में सुविधा विकसित की गई है। ऐसे शासकीय सेवक, जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ है, उनके अंशदान के चालानों का विवरण कोषालय अधिकारी की ओर से आईएफएमआईएस में भरा जाएगा एवं रिफंड देयक तैयार कर अंशदान जमा करने की कार्वाई की जाएगी। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी वल्लभ भवन राजीव सिंह पवैया ने बताया कि वल्लभ कोषालय की ओर से जो भी प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय सेवक जिनके चालान भारतीय स्टेट बैंक की टीटी नगर, जहांगीराबाद, एमपी नगर, पंचानन, एवं बरखेड़ी की शाखाओं में जमा किए जाएंगे। उनका चालान का सत्यापन वल्लभ भवन कोषालय सतपुड़ा भवन से किया जाएगा।

### विन्ध्याचल कोषालय, विन्ध्याचल भवन में चालान का सत्यापन

प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय सेवक जिनके द्वारा चालान स्टेट बैंक शाखा विन्ध्याचल, शिवाजी नगर, एचईटी एसएमई गोविन्दपुरा, महावीर नगर, हबीबगंज शाखा में जमा किए गए है, वह शासकीय सेवक विन्ध्याचल कोषालय, विन्ध्याचल भवन में उपस्थित होकर चालान का सत्यापन करा सकते हैं।

# किसानों से किया धोखा, चुनाव में किए वादे से मुकर गई भाजपाः जीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भाजपा सरकार पर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव के समय किसानों से वादा किया था कि उन्हें गेहूं का भाव 2700 और धान का 3100 मिलेगा, लेकिन अब इन वादों पर सरकार चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने मांग की कि किसानों को 3500 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य दिया जाए, क्योंकि खाद, बीज, डीजल, बिजली और मजदूरी सभी महंगे हो चुके हैं। यदि किसानों को उनका हक नहीं दिया गया, तो कांग्रेस पार्टी सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन का ऐलान करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महिलाओं और युवाओं से धोखा किया है। भाजपा ने महिलाओं को 450 का गैस सिलेंडर और 3000 प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन भाजपा अपने वादे से मुकर गई है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं।

# वार्षिक कॉन्फ्रेंस में सहभागिता करने पहुंचे राज्य निर्वाचन आयुक्तों का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिवनी जिले के पेंच राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित की जा रही राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं कॉन्फ्रेंस में सहभागिता करने पहुंचे विभिन्न राज्यों के आयुक्तों एवं अधिकारियों का मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही जिले के पेंच टाइगर रिजर्व की प्रचार-प्रसार एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई किट आगन्तुकों को भेंट की गई।

## विश्वविद्यालयीन-महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

# 15 शिक्षण संस्थानों के 29 प्रतिभागियों ने मतदान पर व्यक्त किए अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्या देश में मतदान करना अनिवार्य होना चाहिए, विषय पर पं. कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ सभागार में विश्वविद्यालयीन-महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवानदास सबनानी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार राजेश सिरोठिया शामिल हुए।

इस दौरान डॉ. प्रतिमा यादव, संचालक, संसदीय विद्यापीठ द्वारा विद्यापीठ की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। सबनानी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। सिरोठिया ने प्रतिभागियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में अजय प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव एवं एक्जीक्यूटिव एडिटर मप्र प्रेस क्लब, डॉ. सीता सोनी, प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय गैरतगंज, रायसेन उपस्थित रहे।



### इन्हे किया गया पुरस्कृत

*प्रतियोगिता में पक्ष के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अंजली गुर्जर को 9,000 रूपए, द्वितीय श्रद्धा जैन को 7,500 रूपए, तृतीय उद्धयांश पांडेय को 6,000 रूपए राशि से पुरस्कृत किया गया। समृद्धि मिश्रा को 3 हजार रूपए प्रोत्साहन प्रदान किया गया। विपक्ष में प्रथम गुरमीत परमार को 9 हजार रूपए, द्वितीय नमन अटोलिया को 7500 रूपए, तृतीय प्रिंसी पहलवानी को 6 हजार रूपए एवं संजना लोधी को प्रोत्साहन 3000 रूपए दिए गए।*

## 3 से 8 मार्च तक सरस्वती विद्या मंदिर उमा आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में होगा आयोजन

# भोपाल में विद्या भारती का महाकुंभ, देश भर से जुटेंगे 700 से अधिक पूर्णकालिक कार्यकर्ता

राजधानी में अभ्यास वर्ग की सभी तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। यह आयोजन 3 से 8 मार्च तक राजधानी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा. आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में आयोजित होगा।

इस अभ्यास वर्ग में देशभर से 700 से अधिक पूर्णकालिक कार्यकर्ता भाग लेंगे, जो राष्ट्रसेवा, संगठन शक्ति, अनुशासन एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक बनेंगे। इस अभ्यास वर्ग का मूल उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक दक्षता एवं नेतृत्व कौशल से सशक्त बनाना है। यह वर्ग उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की संगठित और प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा।

### डिजिटल एवं मैन्युअल प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी

**इस तरह होगा अभ्यास वर्ग**

अभ्यास वर्ग को दो श्रेणियों, छह समूहों एवं 11 कार्यक्षेत्रों में विभाजित किया गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विद्या भारती के अभा अधिकारी दिशा-बोध करेंगे। आयोजन की व्यवस्थाएं विद्या भारती के वरिष्ठ पदाधिकारी संगठन मंत्री गोविंद महंत, निखिलेश महेश्वरी, मोहनलाल गुप्त, शिरोमणि दुबे के मार्गदर्शन में की जा रही है।

भारत के गौरवशाली अतीत और उज्ज्वल भविष्य की झलक डिजिटल एवं मैन्युअल प्रदर्शनियां लगेगी। ये प्रदर्शनियां भारत की संस्कृति, विज्ञान, शिक्षा और राष्ट्रसेवा के अद्वितीय पहलुओं को प्रस्तुत करेंगी। अभ्यास वर्ग के दौरान कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सामाजिक परिवर्तन के प्रयासों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे, इसके लिए ग्रामदर्शन की योजना है।

**प्लास्टिक मुक्त होगा आयोजन स्थल**

आयोजन स्थल को पर्यावरण-संवेदनशील बनाते हुए पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त रखने का संकल्प लिया गया है। आवास, भोजन, परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाया गया है।

### भारत की संस्कृति के दर्शन होंगे

*भोपाल के कार्यकर्ता गत तीन माह से स्वागत तैयारी में लगे हैं, व्यवस्था में एक बड़ा डोम, छह छोटे पंडाल, प्रदर्शनी आदि की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मप्र भारत का हृदय स्थल है यहां की विशेषताओं से अवगत कराने वाली प्रदर्शनी, स्वागत द्वार, वन्दन वार, तोरण द्वार, दीवार पेंटिंग आदि पूर्णता की ओर है। 5 दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में भारत की विभिन्न संस्कृतियों के दर्शन होंगे। एक तरह से यह कार्यक्रम एक लघु भारत के दर्शन कराएगा।*

## लद्दाख केंद्रीय शोध संस्थान के निदेशक डॉ. शाक्सपो ने रखे विचार

# बौद्ध दर्शन के संप्रदाय थेरवाद महायान, तंत्रयान को समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में लद्दाख में बौद्ध दर्शन विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि और नई दिल्ली के लद्दाख केंद्रीय शोध संस्थान के निदेशक डॉ. नवांग सेरिंग शाक्सपो ने व्याख्यान दिया।

डॉ. नवांग सेरिंग शाक्सपो ने तिब्बती भाषा के भारत में जन्म की बात कहते हुए तिब्बती भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने की मांग की। उनके अनुसार तिब्बती भाषा अधिकतर हिमालयी राज्यों में बोलचाल में प्रयुक्त होती है। उन्होंने कनिष्क द्वारा तिब्बत में बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया। डॉ. नवांग ने कहा कि पाली के माध्यम से उन्हें बौद्ध दर्शन के मूल तत्व को समझने में काफी मदद मिली। डॉ. नवांग ने बौद्ध दर्शन के अलग-अलग संप्रदायों- थेरवाद, महायान और तंत्रयान के बार में भी बताया।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 02 मार्च 2025






आग इतनी भीषण थी कि इसका धुंआ इतने ऊपर उठा कि लपटें 10 किमी दूर से ही नजर आ रहा था। इसलिए आसपास के लोगों को जैसे ही धुंआ नजर आया, फैक्ट्री के पास पहुंच गए। इससे जेके रोड पर जाम लग गया।



फायर ब्रिगेड से कर्मचारियों ने एक साथ फायर किया तब जाकर आग कुछ कम हुई।



इसके बाद फोम का उपयोग किया गया, जिससे आग पर काबू पाया जा सका।



जलती हुई फैक्ट्री से फाइलें बचाकर ले जाते कर्मचारी।

*12 दमकल और 50 से ज्यादा पानी के टैंकरों ने आग पर किया काबू, पुलिस के साथ नगर निगम की टीम भी रही मौजूद*

*दोपहर डेढ़ बजे से लगी थी आग, पांच घंटे की मशक्कत के बाद शाम साढ़े छह बजे किया नियंत्रण*

# गोविंदपुरा की इंडस्ट्रियल साल्वेंट फैक्ट्री में आग से जला चालीस हजार लीटर थिनर, जान बचाकर भागे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में इंड्रस्ट्रियल साल्वेंट फैक्ट्री में शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे आग लग गई। आग फैक्ट्री में रखे थिनर में लगी थी और देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। फायर मैन विजय त्रिपाठी ने बताया कि सूचना मिलते ही पास ही स्थित भेल की दमकल पहुंच गई। आग भीषण होने के कारण सीआईएसएफ, पुलिस और फतेहगढ़ से भी दमकल को बुलाना पड़ा। इस दौरान नगर निगम के फायर फाइटर समेत 50 कर्मचारी आग पर काबू पाने मशक्कत करते रहे और पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग की सूचना मिलते ही अशोका गार्डन, गोविंदपुरा और ऐशबाग थाने से भी पुलिस बल पहुंचा था। डेढ़ बजे से लगी इस आग को काबू करने शाम साढ़े 6 बजे गए। जानकारी के अनुसार प्रेम चावला की औद्योगिक क्षेत्र में इंड्रस्ट्रियल साल्वेंट फैक्ट्री है। उनकी फैक्ट्री में पेंट, थिनर रिमूवर सहित अन्य उत्पाद तैयार होते हैं।

**करीब 800 लीटर फोम के उपयोग से काबू में आई आग**

शनिवार को फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे, तभी एकाएक पीछे की तरफ रखे चालीस हजार लीटर थिनर ने आग पकड़ ली। थिनर में आग लगने के कारण तेजी से आग फैलने लगी। वहां काम कर मजदूर और कर्मचारी किसी तरह जान बचाकर बाहर निकल आए। इधर, भेल की दमकल पहुंच गई थी। दमकल ने आग पर प्रेशर मारा, लेकिन आग बढ़ती ही जा रही थी।सीआईएसएफ और फतेहगढ़ से दमकलों को बुलाना पड़ा। एक साथ सभी दमकलों से पानी का प्रेशर मारा गया और 4 घंटे बाद आग थोड़ी कम हुई, लेकिन पूरी तरह से नहीं बुझ सकी थी। करीब तीस फीसदी आग बुझने में समस्या आ रही थी। फायर कर्मचारियों ने अंत में करीब 800 लीटर फोम का छिड़काव कर आग को काबू में कर लिया। इस दौरान शाम साढ़े छह बज चुके थे।

## बुलाने पड़े पचास से ज्यादा टैंकर

आग कितनी भीषण थी, इसका अंदाजा यहां पहुंच रहे पानी के टैंकरों से लगाया जा सकता है। 12 दमकलों के अलावा करीब पचास से ज्यादा टैंकर अलग अलग रास्तों से पहुंचते रहे। जेके रोड पर जाम की स्थिति बनने लगी थी। पुलिस को जेके रोड पर जाम निकालने मशक्कत करनी पड़ी।

### करोड़ों की मशीन खाक

लुब्रीकेंट बन रहा था। लुब्रीकेंट बनते समय शॉर्ट शर्किट हुआ और आग भड़क गई। इस आगजनी में करोड़ों रुपए की मशीन जलकर नष्ट हुई है। कच्चा माल कितना था यह कहना मुश्किल है, लेकिन मशीनों की बात की जाए तो मशीने करोड़ों की थी और आगजनी में जलकर खराब हो गई।

**प्रेम चावला**
फैक्ट्री मालिक

## फैक्ट्री का पिछला हिस्सा तोड़कर बुझाई आग

आग पिछले हिस्से में रखे थिनर में लगी थी, लेकिन देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण हो गई थी कि फैक्ट्री के सामने खड़ा लोडिंग ऑटो भी जल गया और वहां खड़ी कर्मचारी की बाइक भी जलकर खाक हो गई। गर्मी के बीच आग लगने से फैक्ट्री से 20 फीट दूर खड़ा होने भी मुश्किल हो गया था।

### एफएसएल की टीम करेगी जांच

फैक्ट्री में आग कैसे लगी, इसकी जांच अशोका गार्डन पुलिस करेगी। फिलहाल आगजनी का प्रकरण दर्ज किया गया है। आग से कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन फैक्ट्री मालिक के साथ किया जा रहा है। थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि शाम होने के कारण एफएसएल की टीम घटनास्थल का निरीक्षण नहीं कर सकी थी। रविवार को एफएसएल की टीम घटनास्थल का निरीक्षण करेगी। अनुमान है कि आग शॉर्ट शर्किट के कारण लगी है।

---

## उत्कृष्ट, मॉडल व संस्कृत आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 9 को




**भोपाल।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट , मॉडल स्कूलों एवं संस्कृत आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, 9 मार्च को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। सभी आवेदकों को सूचित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र समय पर डाउनलोड करें और निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में सम्मिलित हों। अधिक जानकारी के लिए संबंधित वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

---

31 यात्री भोपाल आए, 66 रवाना हुए

## इंडिगो की जबलपुर फ्लाइट शुरू पहले दिन ही अच्छा रिस्पॉन्स




**संतनगर।** इंडिगो एयरलाइंस की नई जबलपुर भोपाल उड़ान शनिवार से शुरू हो गई है। इस उड़ान को पहले दिन ही अच्छा रिस्पांस मिला। पहले दिन जबलपुर से 31 यात्री भोपाल आए और 66 यात्री जबलपुर के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि इंडिगो एयरवेज़ द्वारा उदयपुर उड़ान को बंद करके जबलपुर को चलाया जा रहा है। यह उड़ान सप्ताह में तीन जबलपुर से मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को भोपाल आकर ईवनिंग में जबलपुर जाएगी। इस तरह राजधानी वासियों को संस्कारधानी जबलपुर की हवाई सुविधा उपलब्ध हो गई है। इंडिगो एयरवेज़ की यह नई उड़ान शाम को 6:55 बजे जबलपुर से भोपाल पहुंची और शाम 7:15 बजे जबलपुर के लिए रवाना हो गई।

---

एनसीआईएसएम ने किया बीएएमएस कोर्स में बदलाव

## परिवर्तन: अब 12 नहीं, 18 माह में होंगी बीएएमएस की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस) साढ़े पांच साल की यूजी डिग्री अब पहले जैसी नहीं रही। अब हर साल होने वाली परीक्षाओं को फर्स्ट प्रॉफ, सेकेंड प्रॉफ व थर्ड प्रॉफ में आयोजित किया जाएगा। यानी अब परीक्षाएं प्रति 12 माह में नहीं, 18 माह में हुआ करेंगी।

हर प्रॉफ 18 माह का होगा। सत्र 2021-22 बैच से अब पूरी बीएएमएस डिग्री के दौरान केवल तीन मुख्य परीक्षाएं होंगी। इसके बाद पश्चात एक साल की अनिवार्य इंटर्नशिप होगी। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि पूर्व की तुलना में पेपरों की संख्या में वृद्धि हुई है। अब फाइनल प्रॉफ में आठ विषयों के अंतर्गत 13 सैद्धांतिक व 7 प्रायोगिक पेपर्स होंगे। इमरजेंसी मेडिसिन की स्पेशल कक्षाएं लगने से जीवनरक्षक औषधियों के साथ साथ छात्र आयुर्वेदिक व आधुनिक चिकित्सा इमरजेंसी अध्ययन कर सकेंगे, जिससे वे जरूरत पड़ने पर मरीजों की जान बचा सकेंगे।

### मरीजों को होगा फायदा

*डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इमरजेंसी मेडिसिन की स्पेशल कक्षाएं लगने से जीवनरक्षक औषधियों के साथ-साथ छात्र आयुर्वेदिक व आधुनिक चिकित्सा इमरजेंसी अध्ययन कर सकेंगे ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों की जान बचाई जा सके। मध्यप्रदेश समेत देशभर में 532 से ज्यादा मान्यता प्राप्त आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज संचालित हैं जिनमें 2021-22 बैच के दो लाख से ज्यादा छात्र अध्ययनरत हैं। ये छात्र तथा आगे आने वाली बैचेज के छात्र लाभ ले सकेंगे।*

---

तलैया थाने में दर्ज कराई एफआईआर

## कमला पार्क की जाली तोड़ने वाले को अमले ने पकड़ा



**भोपाल।** ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान शहर के पार्कों को सुंदर बनाया गया है, जिसके तहत शनिवार को कमला पार्क में लगाई गई जाली को तोड़कर शहर की सुंदरता को बिगाड़ने वाले व्यक्ति को निगम अधिकारियों ने जाली तोड़ते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। अफसरों ने उसे तलैया पुलिस के हवाले कर दिया है। शनिवार को निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग व सीवेज प्रकोष्ठ के कार्यपालन यंत्री आरके त्रिवेदी शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे थे, तभी कमला पार्क में लगाई गई जाली को तोड़ते हुए व्यक्ति पर उक्त दोनों अधिकारियों की नजर पड़ी, अधिकारियों ने वाहन रोककर जाली तोड़ने वाले मोहम्मद अख्तर को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया।

---

जेपी अस्पताल में नहीं थम रहीं चोरी की वारदात

## एमआरआई कराने आई महिला के चेंजिंग रूम से जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में एमआरआई कराने आई एक महिला के 30 हजार रुपए के जेवरात चेंजिंग रूम से चोरी हो गए।

पुलिस ने मामला दर्ज कर अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज निकाले हैं, जिसमें महिला एमआरआई कराने से पहले आभूषणों को निकाल कर टेबल पर रखती हुई दिखाई दे रही है। हबीबगंज पुलिस के मुताबिक टीलाजमालपुरा निवासी 30 वर्षीय अक्शा पति परवेज को पेट में दर्द की समस्या थी। वह 19 फरवरी को जेपी अस्पताल में एमआरआई कराने आई थी। एमआरआई से पहले उन्होंने अपने जेवर चेंजिंग रूम में रख दिए थे। जांच के बाद जब वह चेंजिंग रूम से जेवर निकालने पहुंची तो उनके होश उड़ गए। उनके जेवर गायब थे। चोरी गए जेवरातों की कीमत 30 हजार रुपए बताई जा रही है।

### ये साजिश है...

एमआरआई मशीन संचालन करने वाली कंपनी के मैनेजर ने बताया कि जिन कर्मचारियों पर महिला ने शक जताया था, उनसे पुलिस पूछताछ कर चुकी है। फुटेज में भी महिला के अलावा कोई भी चैजिंग रूम में जाता नहीं दिखाई दे रहा है। चोरी की झूठी शिकायत कर कंपनी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

### सभी वार्डों में लगे कैमरे

अस्पताल में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी वार्डों में लाकर सिस्टम के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। चेंजिंग रूम से एक महिला ने जेवरात चोरी करने की शिकायत की थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव**, अधीक्षक, जेपी अस्पताल

---

टंकियों का मेंटेनेंस कराने की हिदायत, टूटी-फूटी पाइपलाइनों की होगी मरम्मत

# गर्मियों में नहीं होगी पानी की दिक्कत, निगम ने प्लान किया तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने गर्मियों में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए नया प्लान बनाया है, जिससे गर्मियों में पानी की दिक्कत नहीं होगी। इसके लिए कई जगहों पर पंप लगाए जा रहे हैं। निगम ने अप्रैल में पानी की किल्लत को देखते हुए पहले ही टंकियों का मैंटेनेंस करने का फरमान जारी किया है। इसके साथ मुख्य सड़क और गलियों में टूटी पाइपलाइनों को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

निगम ने सौ से अधिक टैंकरों को भी पानी सप्लाई के लिए तैयार रखा है। जिससे इमरजेंसी में दिक्कत न हो। भोपाल में सबसे अधिक पानी की सप्लाई कोलार, नर्मदा, केरवा और बड़े तालाब से होती है। पिछले साल 2040 की आबादी के हिसाब से पानी की मांग को देखते हुए अमृत योजना 2.0 के तहत 448 करोड़ रुपए की एक परियोजना को मंजूरी दी गई थी, जिससे जलापूर्ति क्षमता को 61 एमएलडी तक बढ़ाना है। जिससे शहर में पानी सप्लाई की क्षमता 514 एमएलडी से बढ़कर 575 एमएलडी हो जाएगी।




निगम ने सौ से अधिक टैंकरों को भी पानी सप्लाई के लिए तैयार रखा है।

**100 से अधिक टैंकर रखे हैं तैयार**

### कोलार, नर्मदा, केरवा और बड़े तालाब से पानी सप्लाई

*शहर में नगर निगम पानी की सबसे अधिक सप्लाई 160 मिलियन लीटर कोलार डेम से करता है, इसके बाद नर्मदा से 150 मिलियन लीटर, बड़े तालाब से 110 मिलियन लीटर और केरवा डेम से रोज 20 मिलियन लीटर पानी सप्लाई किया जाता है। जबकि 10 फीसदी यानि करीब तीन लाख की आबादी ग्राउंड वाटर पर निर्भर हैं, इसके साथ 10-15 फीसदी आबादी के पास बोरवेल और निगम कनेक्शन दोनों होते हैं।*

### इन जगहों पर बनेंगे नए पंप स्टेशन

नगर निगम पानी सप्लाई के सिस्टम को मजबूत करने के लिए केरवा, कोलार और नर्मदा सहित नए जल संयंत्रों और पंप स्टेशनों के निर्माण की भी योजना बना रहा है। इसके अतिरिक्त मांग और आपूर्ति की जरूरतों को देखते हुए पानी सप्लाई की निगरानी की जाएगी। अमृत योजना के तहत 160 करोड़ रुपए की परियोजना लागत से नए उपचार संयंत्र और पंप स्टेशन लगाए जा रहे हैं।

### टैंकरों से पानी सप्लाई की नौबत कब?

*शहर में बिजली का शटडाउन होने या मेन पाइपलाइन फूटने से पानी की सप्लाई प्रभावित होती है। जिसके बाद ही टैंकरों से पानी सप्लाई करनी पड़ती है। इसके साथ जिन जगहों पर कम प्रेशर से पानी जाता है, वहां भी पानी के टैंकर भेजना पड़ते हैं। हालांकि यह हालात अप्रैल और मई माह में बनते हैं।*

### फ्री में करा सकते हैं पानी की जांच

*अगर आप अपने घर के पानी की जांच करना चाहते हैं, तो इसकी जांच फ्री करवा सकते हैं। जिसके लिए निगम की सहायक यंत्री से संपर्क करें। अगर नगर निगम के सप्लाई होने वाले पानी की जांच कराना है तो यह सेवा मुफ्त होगी। अगर आप बोरिंग या किसी अन्य स्त्रोत के पानी का उपयोग करते हैं, तो आपको 1600 रुपए भुगतान करना होगा, जिसमें 300 रुपए सैंपल कलेक्शन चार्ज भी शामिल है।*

### गर्मी में नहीं होगी पानी की किल्लत

*गर्मी के पहले ही नगर निगम ने टंकियों और पाइपलाइन के मैंटेनेंस का काम शुरू कर दिया है। इमरजेंसी में पानी के पर्याप्त टैंकर भी रखे गए हैं। ऐसे में शहर में कहीं भी पानी की परेशानी नहीं होगी।*

*हरेंद्र नारायण, कमिश्नर, नगर निगम*

---

देर रात मरीज को ले जा रहे थे निजी अस्पताल

## हमीदिया में फिर होने लगी मरीजों की 'चोरी', डीन ने पकड़ा, एक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अस्पतालों से मरीजों के सामान के साथ अस्पताल के उपकरण तक चोरी होने के मामले सामने आते रहते हैं। लेकिन हमीदिया अस्पताल में अब मरीजों की ही चोरी शुरू हो गई है। इसके लिए बकायदा पूरी गैंग काम कर रही है। यह गैंग देर रात अस्पताल में भर्ती या इमरजेंसी के मरीजों को चोरी-छिपे के निजी अस्पतालों में शिफ्ट कर देते हैं।

इसका खुलासा दो दिन पहले जीएमसी डीन डॉ. कविता एन. सिंह के देर रात निरीक्षण के दौरान हुआ। इमरजेंसी गेट के पास निजी अस्पताल की एंबुलेंस में मरीजों को शिफ्ट किया जा रहा है। उन्होंने पड़ताल की तो इस चोरी का पता चला। उन्होंने तत्काल इस चोरी में शामिल एक कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया। मालूम हो कि बीते साल नवंबर में भी हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक ने इमरजेंसी से तीन 108 एंबुलेंस को मरीजों को निजी अस्पताल में शिफ्ट करते पकड़ा था। इधर, मामला सामने आने के बाद डीन ने शनिवार को निजी एंबुलेंस की आवाजाही के लिए नए नियम लागू कर दिए गए, जिनके मुताबिक अस्पताल में आने-जाने वाली हर एंबुलेंस की एंट्री की जाने लगी है।

### हर एंबुलेंस पर नजर

हमने अब अस्पताल में आने वाली हर एंबुलेंस की निगरानी करने के निर्देश जारी किए हैं।

**डॉ. कविता एन सिंह**
डीन, गांधी मेडिकल कॉलेज

खातों से हुए करोड़ों के ट्रांजेक्शन की ली जानकारी

# आयकर की टीम पहुंची जेल... सौरभ के राजदार शरद से की पांच घंटे तक पूछताछ

## अविरल एनर्जी और प्रॉपर्टी से जुड़े सवालों का मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयकर, लोकायुक्त और ईडी के छापों में करोड़ों की संपत्ति के मामले में सौरभ शर्मा को पूछताछ से पूछताछ पूरी होने गई है। पिछले पांच दिनों से हर दिन लगातार घंटों तक सवाल कर रही आयकर की टीम ने शनिवार को सौरभ के पार्टनर शरद जायसवाल से अकेले में पूछताछ शुरू की। आयकर विभाग की टीम शनिवार की दोपहर 12 बजे सेंट्रल जेल पहुंची और शरद जायसवाल से पूछताछ के दस्तावेज जेल प्रशासन को दिए। इसके बाद शरद को जेल में बने पूछताछ के कमरे में लाया गया। इसके बाद शाम को पांच बजे तक इनकम टैक्स टीम का शरद से सवालों का सिलसिला चला। आयकर विभाग की टीम ने शरद से सबसे पहले अविरल एनर्जी से जुड़े हुए सवाल किए। अविरल एनर्जी नाम की फर्म में सौरभ के साथ चेतन और शरद भी पार्टनर हैं और यह कंपनी पेट्रोल पंपों का संचालन करती है। इस कंपनी से जुड़े हुए वित्तीय लेन-देन को लेकर विभाग ने शरद से कई सवाल किए। इसके अलावा शरद द्वारा किए गए बैंक ट्रांजेक्शन और उसके नाम पर खरीदी गई संपत्ति को लेकर भी जांच दल ने सवाल किए। इस दौरान शरद से उसके बैंक खातों के जरिए किए गए करोड़ों के ट्रांजेक्शन को लेकर भी सवाल किए गए।

### मां और पत्नी सौरभ से मिलने तीन बार पहुंची जेल



सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल विगत 17 फरवरी से 2 सप्ताह की ज्यूडिशियल रिमांड पर सेंट्रल जेल भोपाल में बंद हैं। इस दौरान सौरभ से चार बार, शरद से तीन बार और चेतन से मिलने चार बार उनके परिजन जेल पहुंचे। 18 फरवरी को सौरभ से मिलने उसकी मां उमा शर्मा पहुंची थी, जबकि 21,24 और 28 फरवरी को सौरभ की मां उमा और पत्नी दिव्या एक साथ मुलाकात करने पहुंची। ज्यूडिशियल रिमांडके दौरान शरद से मिलने वालों में उसकी बहन, भांजी और एक महिला मित्र भी पहुंची। विगत 18 फरवरी को भांजी पलक, 20 फरवरी को पलक एवं मित्र मेहुल और 24 फरवरी को बहन संध्या के साथ पलक और राहुल शरद से मिले थे। इसके अलावा चेतन से 18 और 21 फरवरी को पिता प्रताप, मां किरण और बहन चित्रा ने मुलाकात की थी। 25 फरवरी को पिता और बहन के अलावा चेतन के अंकल योगेंद्र तोमर भी मिलने पहुंचे थे।

# 65 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित तिलक नगर में शनिवार सुबह 65 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और वह कभी भी कहने लगते थे कि वह मुझे मार देगा।

पुलिस के अनुसार जगन्नाथ सिंह मेवाड़ा तिलक नगर, शाहपुरा में अपनी बेटी के साथ रहते थे। उनकी पत्नी बेटा राजू मेवाड़ा और बहू उनसे अलग भोपाल में रहते हैं। जगन्नाथ दिसंबर में ही सोनकच्छ से बेटी के पास तिलक नगर में आए थे। बेटी एनजीओ में काम करती है और शनिवार सुबह वह काम पर चली गई। वहां से दोपहर करीब ढ़ाई बजे लौटी तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने काफी आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद अपने भाई राजू मेवाड़ा को मोबाइल पर जानकारी दी। इधर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

### दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर में 10वीं कक्षा छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक



पूछताछ में पता चला कि छात्रा किसी दोस्त से बातचीत करती थी और उसके भाई ने दोस्त से बात नहीं करने की हिदायत दी थी। अनुमान है कि इसी कारण उसने गुस्से में यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार रवीन्द्र कॉलेज के पास पंचशील नगर निवासी 18 वर्षीय सलोनी उर्फ हर्षिता सोनवाने 10वीं कक्षा की छात्रा थी। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे उसकी छोटी बहन सविता फंदे पर लटकी है। तुरंत ही परिवार उसे फंदे से नीचे उतारकर जेपी अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टर ने चेक करते ही मृत घोषित कर दिया। छात्रा के पिता टाटा कम्युनिकेशन में डेली बेसिस पर काम करते हैं। मा किसी डॉक्टर के घर में काम करती हैं। मृतका का एक बड़ा भाई गौरव है, जो पढ़ाई कर रहा है। थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि मृतका के भाई ने कुछ समय पूर्व सलोनी को किसी दोस्त के साथ देखा था जिस पर उसे डांट भी लगाई थी।

## जैकेट का शेष

### 50 मजदूर निकाले...

हेलिकॉप्टर, वायु सेना के 2 चीता हेलिकॉप्टर शामिल हैं। वहीं, रेस्क्यू अभियान में एक नागरिक हेलीकॉप्टर को भी शामिल किया गया है। वरिष्ठ सेना अधिकारी व्यक्तिगत रूप से चल रहे बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी खुद पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर जोशीमठ के आर्मी हेलीपैड से रेस्क्यू अभियान में जुटे हैं। वर्ष 2013 की आपदा में भी यहीं से हेलीपैड से लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा था। उस समय भी आईटीबीपी और भारतीय सेना देवदूत साबित हुई थी। रेस्क्यू अभियान में खराब मौसम बांधा बन रहा है। चमोली में हिमस्खलन का खतरा बरकरार है।

**गोचर हवाई पट्टी अलर्ट मोड पर:** आठ फीट बर्फ और लगातार होती भारी बर्फबारी, तापमान माइनस जैसी विषम परिस्थितियों में सेना और आईटीबीपी के जवान हिमस्खलन में दबे मजदूरों को निकालने में जुटे हैं। माणा हिमस्खलन को लेकर गोचर हवाई पट्टी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। गोचर में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, फायर की टीमें तैनात हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी चमोली जिले में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का निरीक्षण करने के बाद देहरादून के आईटी पार्क स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष पहुंचे। सीएम धामी ने चार घंटे में दूसरी बार आपदा परिचालन केंद्र का दौरा किया। यहां उन्होंने लाए गए घायलों का हालचाल पूछा।

### कंटेनरों की तलाश ...

की जा रही है। दिल्ली से सेना की जीपीआर रडार, ग्राउंड पेनीट्रेशन रडार मंगवाई गई है, जो बर्फ के अंदर कंटेनरों को ट्रेस करने में मदद करेगी।

### पीएम मोदी ने...

जरूरी निर्देश दिए। धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी शेयर की कि गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### 15 मार्च से 26 सौ...

अभी समर्थन मूल्य उपार्जन के लिए भारत सरकार की ओर से निर्धारित नमी की मात्रा से अधिक नमी आ रही है। मप्र सरकार ने समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का निर्णय लिया है। इस उपार्जन पर समर्थन मूल्य की राशि 19,400 करोड़ रुपए तथा बोनस की राशि 1400 करोड़ रुपए का किसानों को भुगतान किया जाना संभावित है।

## पेज 1 का शेष

### अब तक 3240...

किलोग्राम अपशिष्ट का दहन किया जा चुका है। अपशिष्ट दहन हेतु लगभग 400 से 500 प्रतिघंटेडीजल की खपत हो रही है। अपरान्ह 3:00 बजे तक लगभग 21000 लीटर डीजल की खपत हो चुकी है।

### कई गैसें निकल...

के ऑक्साइड, टोटल ऑर्गेनिक कार्बन की जांच की जा रही है तथा रिजल्ट मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सर्वर पर प्राप्त हो रहे हैं, जिनके रिजल्ट्स निर्धारित मात्रा पर पाए जा रहे हैं।

### एक घंटे में ...

*फीडिंग की जा रही है, जिसमें 4.5 किलोग्राम अपशिष्ट में 4.5 किलोग्राम चूना मिलाकर यानी नौ किलोग्राम के बैग बनाए गए तथा एक घंटे में 30 बैग इन्सीनरेटर के प्राथमिक दहन कक्ष में डाले जा रहे हैं।*

### आरबीआई ने साफ किया...

जानकारी दी। 19 मई, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपए मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने का ऐलान किया था।

### गोविंदपुरा की केमिकल...

आग से कितना नुकसान हुआ है इसका आकलन किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन में प्रेम चावला की केमिकल फैक्ट्री है। शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे उनकी फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने इतना भीषण रूप ले लिया कि लपटें चालीस फीट तक उठने लगी। सूचना मिलते ही गोविंदपुरा से दमकल पहुंच गई, लेकिन आग भीषण थी। लिहाजा सीआईएसएफ, फतेहगढ़ से दमकलों को बुलाना पड़ा। फायर फाइटर और एसडीईआरएफ की मदद से करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस आगजनी में लाखों का नुकसान हुआ है।

### 1 मार्च से देश...

जनवरी में इसकी कीमत 1084 रुपए थी। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

### तापमान में कहां...

*डेढ़ डिग्री की घट बढ़ के साथ औसत पारा 33 डिग्री तक रहा। यह सामान्य औसत से 3 डिग्री तक अधिक रहा है। इससे दिन में धूप और गर्मी का असर महसूस किया गया।*

### भोपाल में भी...

के साथ बूंदाबांदी या बौछारें पड़ सकती हैं। 5 से 9 मार्च के बीच तापमान में भी तेजी से कमी आएगी।

# सूने मकान में घुसे बदमाश ने बीए की छात्रा से किया दुष्कर्म

▶ जान से मारने की धमकी दी, बाद में भी करने लगा परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीए की छात्रा से घर में घुसकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़िता का परिचित है। परिचित होने का फायदा उठाकर वह सूने घर में घुस गया और जाने मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया।

आरोपी की धमकी से डर कर पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी मां को नहीं दी, लेकिन जब आरोपी बाद में भी पीड़िता को परेशान करने लगा तो उसने अपनी मां को सारा घटनाक्रम बता दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि गुनगा के एक गांव में रहने वाली 18 साल की युवती बैरसिया के एक कॉलेज में बीए की पढ़ाई कर रही है। उसके पिता नहीं है, जबकि मां मजदूरी करती है। पास के गांव में रहने वाला नंदू गुर्जर भी मेहनत-मजदूरी करता है। काम के सिलसिले में उसका छात्रा के गांव और घर पर आना-जाना था। इसी वजह से उनके बीच बातचीत भी होती थी। पुलिस ने बताया कि विगत 19 फरवरी की दोपहर छात्रा अपने घर में अकेली थी। उसकी मां काम पर गई थी। इस बीच नंदू गुर्जर उसके घर पहुंचा और सूनेपन का फायदा उठाते हुए छात्रा से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी ने कहा था कि बाद में भी अगर किसी को इस घटना की जानकारी दी तो वह उसे और उसकी मां को मौत के घाट उतार देगा। डर के मारे छात्रा खामोश रही। पिछले दो-तीन दिन से आरोपी फिर से छात्र पर मनमानी करने का दबाव बना रहा था। तंग आकर पीड़िता ने अपनी मां को सारी बात बता दी। मां अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस शिकायत दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग, सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

*डुमना रोड स्थित मैगी प्वाइंट का बताया जा रहा है वायरल वीडियो*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर।

खमरिया थाना अंतर्गत डुमना रोड पर एक मैगी प्वाइंट में जन्मदिन का जश्न मनाने के दौरान हर्ष फायरिंग हुई, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें बदमाश और उसके गुर्गे गोलियां चला रहे हैं। बदमाश एक विधायक का करीबी बताया जा रहा है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गया। घटना तीन फरवरी की रात 12 बजे की बताई जा रही है।

### यह है मामला

सूत्रों के मुताबिक रामरूद्र यादव निवासी गधेरी का दो फरवरी को उसका जन्मदिन था। जिसे मनाने के लिए तीन फरवरी की रात को उसके गुर्गे डुमना रोड पर स्थित अपने रिश्तेदार भाई के मैगी की दुकान पर जुटे थे। जहां पर रात को केक काटने के बाद हर्ष फायरिंग की। हर्ष फायरिंग का वीडियो अब वायरल हुआ है। वीडियो में बदमाश द्वारा चलाए जा रहे तमंचे को अवैध बताया जा रहा है। पुलिस वीडियो की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

### खनन कारोबारी है आरोपी

रामरूद्र यादव खनन के काम से जुड़ा है। अवैध खनन में उसका नाम आ चुका है। वह अपराधिक प्रवृत्ति का है। तिलवारा, गढ़ा और चरगवां थाना क्षेत्र में आरोपी के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज है। अवैध पिस्टल से फायरिंग को लेकर उसका नाम एक बार फिर चर्चा में है।

### विधायक का है करीबी!

अवैध हथियार से फायरिंग करने वाले रामरूद्र यादव की गधेरी और उसके आसपास क्षेत्र में दबंगई है। सूत्रों के अनुसार विधायक के संरक्षण में वह समाधि-बरगी मार्ग पर मुर्रम का अवैध खनन कर रहा है।

### मामले की जांच चल रही है

वायरल वीडियो संज्ञान में आ चुका है, मामले की जांच चल रही है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

प्रदीप शेंडे, एएसपी, क्राइम

# एपीके लिंक भेजकर सेना के जवान से 74 हजार रुपए की ठगी

▶ ऑनलाइन सामान बुक करने के बाद आने लगे थे अनजान कॉल्स

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित द्रोणाचार्य टॉप आर्मी एरिया में रहने वाले सेना के एक जवान को एपीके लिंक भेजकर सायबर जालसाज ने 74 हजार रुपए का चूना लगा दिया। ऑनलाइन सामान बुक करने के बाद सायबर जालसाज दो-तीन दिन तक फरियादी को कॉल करता रहा। इस बीच उसने फरियादी को एपीके लिंक भेजा, जिसे क्लिक करते ही अलग-अलग बार में उनके बैंक खाते से 74 हजार रुपए अनजान बैंक खाते में ट्रांसफर हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक द्रोणाचार्य टॉप आर्मी एरिया, निशातपुरा निवासी हीरा सिंह (40) सेना के जवान हैं। जनवरी माह में उन्होंने ऑनलाइन सामान बुक किया था। ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद कुछ दिन से से ही उनके पास अनजान नंबर से कॉल आने लगे। वह लगातार कॉल को नजरअंदाज करते रहे। इस बीच आरोपी जालसाज ने उन्हें व्हाट्सएप पर एपीके लिंक की फाइल भेजी। उस पर क्लिक करते ही बिना ओटीपी आए उनके खाते से 74 हजार रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए।

# सगाई के बाद मंगेतर मांग रहा था बुलेट, नहीं देने पर शादी करने से किया इंकार

▶ छह महीने पहले हुई थी सगाई, मई में होना थी शादी प्रकरण दर्ज

भोपाल। निशातपुरा थाना क्षेत्र में दहेज की बुलट नहीं देने पर वर पक्ष ने शादी तोड़ दी। आरोपी वर सगाई के बाद बुलट की मांग कर रहा था। वधु पक्ष ने बुलट देने में असमर्थता दिखाई तो वर ने शादी से इंकार कर दिया। शादी एक महीने बाद मई में होनी थी तैयारी पूरी हो चुकी थी, लेकिन वर नहीं माना तो पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार स्टेट बैंक कॉलोनी करोंद में रहने वाली 23 साल की युवती प्राइवेट काम करती है। करीब छह माह पूर्व युवती की सगाई रायसेन में रहने वाले अभिषेक चावरिया से हुई थी। अभिषेक भी प्राइवेट काम करता है। सगाई होने के बाद शादी की तारीख मई में निकली थी। वधु पक्ष के लोगों ने शादी की तैयारियां में लेग थे। इस बीच वर पक्ष के लोगों ने दहेज में बुलट की मांग शुरू कर दी। अचानक हुई मांग को लेकर वधु पक्ष के लोग परेशान होने लगेत्र उन्होंने वर पक्ष को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे लोग अपनी मांग पर अड़ रहे। जब वधु पक्ष ने उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो वर पक्ष ने सगाई तोड़ते हुए शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़ित पक्ष ने शिकायत निशातपुरा पुलिस से की थी।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 7439736348
. R-27-02-25 to 17-03-2025 not 4,6,7-03-25

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm 1 अप्रैल 2024 से लागू

नाम परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम GAURAV SINGH BAGHEL था। किंतु अब मैंने अपना नाम परिवर्तित कर GAURAV SINGH रख लिया है। जो मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट एवं आधार कार्ड में भी दर्ज है। मैं अब GAURAV SINGH S/O PRABHAKAR SINGH के नाम से जाना/पहचाना जाता हूं। ADDRESS : Flat, 109, 1st Floor, Chitragupt Nagar, Kotra Sultanahad, Bhopal, (M.P.) - 462003

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26 not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

वैवाहिकी
वधु चाहिए

वधु चाहिए
ब्राह्मण वर्षो से अकेले अधिकारी को अधिकतम 45 वर्ष तक की "जिम्मेदारीमुक्त" महिला साथी चाहिए जाति बंधन नहीं उच्च जाति को प्राथमिकता स्वयं फोन करें.
मो.: 7898132122

मांगलिक वधु चाहिए
32 वर्षीय, 5'4" अग्रवाल/ ग्रेजुएट, बिलासपुर में दुकान व घर है, छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश से हिंदी भाषी अविवाहित कन्या चाहिए। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें।
6232014944

वधु चाहिए
गुजराती 44/5'11" स्वयं का व्यवसाय इनकम 40,000/- मासिक, युवक हेतु, उच्च जाति बंधन नहीं (मैरिज ब्यूरो क्षमा करें)
सम्पर्क करें 9827114645 9131139179

## राशिफल

| राशि | |
|---|---|
| मेष | मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। |
| वृष | मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। |
| मिथुन | परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। |
| कर्क | शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। |
| सिंह | मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। |
| कन्या | भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें। |
| तुला | व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। |
| वृश्चिक | कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा। |
| धनु | शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। |
| मकर | लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। |
| कुंभ | क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। |
| मीन | परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। |

## शब्द पहेली - 5794



**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली -5793 का हल




## सूडोकू नवताल - 5804


★★★★☆ कठिन



सूडोकू नवताल - 5803 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।



## अक्टूबर 2024 से अब तक निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ और 5 महीने में यह 12 प्रतिशत गिर चुका

# बाजार गिरे तब क्या करना

*शेयर बाजार में आज गिरावट दर्ज की गई है। लगातार बाजार को गिरता देख निवेशक परेशान हो रहे है ऐसे में आपको बताते है बाजार की गिरावट के टाइम आपको क्या करना चाहिए। शेयर बेच देना चाहिए या एसआईपी बंद कर देना चाहिए या बाजार में टिके रहना चाहिए?*

**मार्केट क्रैश**
शंभू भद्र

बाजार जब गिरता है तो निवेशकों को कुछ समझ नहीं आता है कि शेयर बेच दे, एसआईपी बंद करें या बाजार में टिके रहें। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ है और ये 5 महीने में 12 प्रतिशत गिर चुका है। 1996 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि बाजार में लगातार पांच महीने गिरावट आई है। इससे पहले साल 1996 में जुलाई से लेकर नवंबर महीने के बीच बाजार में लगातार 5 महीने गिरावट देखी गई थी। इन 5 महीनों के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 26 प्रतिशत गिरा था। अमेरिका से लेकर यूरोप तक में की गई एकेडमिक स्टडीज से पता चलता है कि जब भी लोग बाजार में निवेश को लेकर घबराएं या चिंतित रहते हैं तब-तब बाजार ने एवरेज से ज्यादा रिटर्न दिया है। इसका मतलब है जब भी आप सोचते हैं कि शेयर बेच देना चाहिए, एसआईपी बंद कर देना चाहिए और बाजार से निकल जाना चाहिए उस समय ही बाजार में निवेश का सबसे बेहतर समय होता है। साल 2008 में 21 जनवरी को सेंसेक्स एक ही दिन में करीब 1400 अंक गिर गया था। वहीं 2008 के अंत तक सेंसेक्स 20,465 अंक से गिरकर 9716 अंक पर आ गया। वर्ष 2010 सितंबर में सेंसेक्स फिर से 20,000 अंक को पार कर गया। इसके बाद 2020 में कोरोना महामारी के कारण एक हफ्ते में सेंसेक्स 42,273 अंक से गिरकर 28,288 अंक पर आ गया था। 2020 अप्रैल से इसमें रिकवरी देखने को मिली और सेंसेक्स वर्ष के अंत तक 47,751 के स्तर पर पहुंच गया। मतलब, जब-जब बाजार में गिरावट आई है इसमें तेजी से रिकवरी भी दिखी गई है। ऐसे में जो निवेशक पहले से इन्वेस्टेड है उन्हें अपने निवेश में वैसे ही बना रहना चाहिए और जो लोग नया निवेश करना चाहते हैं वह थोड़ा-थोड़ा करके निवेश कर सकते हैं।

## शेयर बाजार लगातार क्यों गिर रहे?

विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 तक पांच महीनों में भारतीय बाजार से 3.11 लाख करोड़ रुपए निकाल लिए हैं। इसके अलावा निवेशकों को चीनी कंपनियों के शेयर भारतीय कंपनियों के शेयरों की तुलना में ज्यादा सस्ते दिख रहे हैं। खाने-पीने की चीजें महंगी होने के कारण अक्टूबर 2024 में रिटेल महंगाई बढ़कर 6.21% पर पहुंच गई थी, जो महंगाई का 14 महीनों का उच्चतम स्तर था। खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से जनवरी 2025 में रिटेल महंगाई घटकर 5 महीने के निचले स्तर 4.31% पर आ गई थी। लेकिन ये कमी निवेशकों का विश्वास बहाल करने के लिए काफी नहीं है। हाल के महीनों में देखा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी हो गई है। डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसीज से निवेशक काफी चिंतित है। भारत सहित कई अन्य देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी से बाजार में अनिश्चितता दिखाई दे रही है। ट्रंप ने बीते दिनों कहा था, चाहे वो कोई भी देश हो- भारत या चीन, वे हम पर जितना चार्ज करते हैं, हम भी उतना ही रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे, हम व्यापार में बराबरी चाहते हैं।

### चीन की ओर रुझान

विदेश संस्थागत निवेशकों का निवेश चीन भी जा रहा है। चीन की सरकार ने पिछले साल देश की अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करने के लिए बड़े निवेश का एलान किया था। इस निवेश के बाद एफआईआई चीन के बाजार में जाने लगे थे। यह दौर अभी भी जारी है। ट्रंप की जीत के बाद अमेरिकी बाजार दुनियाभर से निवेश आकर्षित कर रहा है। दूसरी तरफ संस्थागत निवेश के लिए चीन का बाजार एक मजबूत विकल्प के तौर पर उभरा है। चीन की सरकार के नए प्रयासों ने एक सकारात्मक भावना पैदा की है। चीन ने ब्याज दरों में कटौती की, मार्केट में पैसा डाला और अर्थव्यवस्था को स्थिर किया। इससे निवेशकों को कॉन्फिडेंस मिला है।

### उथल-पुथल में अर्थव्यवस्था का हाल

भारत पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा लगा रहेगा? गांवों की मांग और सरकार का जोर इसे बचा सकता है। तमाम बुरी खबरों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था में हम कुछ अच्छे संकेत देख सकते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.2 फीसदी रही, जो जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.4% थी। अच्छे मानसून का इसमें बड़ा योगदान है, ग्रामीण इलाकों में लोगों के पास खर्च करने को पैसा आया है। सरकार ने भी खर्च में तेजी लाई है। पिछली तिमाही में हालात ठीक नहीं थे। शहरी मांग कमजोर थी। अप्रत्याशित रूप से शहरी इलाकों में लोगों के खर्च में कमी आई। पिछले साल चुनाव की वजह से सरकारी खर्च भी रुका था। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी के बादल मंडराते हुए दिख रहे थे।

### टैरिफ का मामला उलझा

5.4% ग्रोथ रेट सात तिमाहियों में सबसे कम था। वैश्विक स्तर पर परेशानियाँ कम नहीं हैं। अमेरिका के साथ टैरिफ का मसला उलझा हुआ है। ट्रंप प्रशासन टैरिफ की बात कर रहा है। इससे वैश्विक अनिश्चितता बढ़ी है। विनिर्माण और सर्विस सेक्टर पर असर पड़ा है। आने वाले दिनों में व्यापार, होटल और परिवहन में भी सुस्ती रह सकती है। रियल एस्टेट और फाइनेंशियल सर्विसेज भी कमजोर हैं। अब अच्छी बातों पर एक नजर डालते हैं तो कृषि क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया। फसल अच्छी हुई। पिछले तीन महीनों में 4.4% की वृद्धि थी। केंद्र और राज्य सरकारें पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) बढ़ा रही हैं। सड़कें, पुल और प्रोजेक्ट्स पर पैसा लग रहा है। इनसे अर्थव्यवस्था को सहारा मिल सकता है। रिजर्व बैंक ने हाथ खोले हैं। नीतिगत दरें घटाईं, तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ाई। सख्त नियमों को टाला, पर 2025-26 में भी जीडीपी दर 7% से नीचे रहने का अनुमान है। अमेरिकी टैरिफ का असर छोटा होगा, पर कुछ सेक्टर्स को नुकसान होगा। विनिर्माण और सर्विसेज पर दबाव है। बजट में टैक्स राहत दी गई। इससे उपभोक्ताओं को फायदा होगा, पर वैश्विक चुनौतियाँ खत्म नहीं हुईं। तो क्या भारत पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा लगा रहेगा? फिलहाल उम्मीदें कायम हैं।

### ये तबाही कब तक जारी रहेगी?

मार्च में कुछ रिकवरी देखने को मिल सकती है। मैक्रोइकॉनमिक स्तर पर बेहतर खबरें आ सकती हैं और कुछ एफआईआईज भी भारतीय बाजार में लौट सकते हैं। अभी विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा भारी बिकवाली, अमेरिकी बांड पर बढ़ती आय, रुपए में भारी गिरावट, तीसरी तिमाही के आय में सुस्ती और हाई वैल्यूवेशन ने हाल के महीनों में बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लिए गए टैरिफ को लेकर फैसले ने बाजार की दिशा-दशा बदली है। ऐतिहासिक रूप से मार्च का महीना तेजड़ियों के पक्ष में रहा है, यानी मार्च में शेयर बाजार अक्सर तेजी में रहा है। पिछले 15 सालों में बेंचमार्क इंडेक्स ने 10 बार पॉजिटिव रिटर्न दिया है और निवेशकों की कमाई कराई है। 30 साल पहले ही मार्च के दौरान तेजी रही थी। लंबी अवधि के नजरिए के हिसाब से अच्छे शेयरों को खरीद सकते हैं। वित्त वर्ष 26 में भारतीय इक्विटी बाजारों के लिए जोखिम और चुनौतियों को देखें तो भारत की विकास संभावनाएं आशाजनक हैं, पर जोखिम भी हैं। निकट भविष्य में बाजार में और कमजोरी नजर आ रही है। निफ्टी शॉर्ट टर्म में और गिरावट की उम्मीद की जा सकती है।

### डावांडोल बाजार में क्या अपनाएं रणनीति

यह पूरा हफ्ता निवेशकों के लिए खराब गुजरा है। इसलिए जब गिरावट का दौर हो तो शेयर में निवेश के प्रति सतर्क रहना जरूरी है। एक शेयर ब्रोकर ट्रेडेड मूल्य पर धन कमाता है। इसलिए ज्यादातर ब्रोकरेज हाउस मुफ्त में सलाह दिया करते हैं। ध्यान रहे जब भी नुकसान होगा, आपका ही होगा। इस हफ्ते आपके निवेश की स्ट्रैटेजी क्या होनी चाहिए? अगर आप अपने धन से हाथ नहीं धोना चाहते तो कुछ बुनियादी नियमों का ध्यान रखें।

### निवेश के लिए अपनाएं ऐसी स्ट्रैटेजी

ट्रेडर व निवेशक दोनों को अलग-अलग स्ट्रैटेजी अपनानी चाहिए। ट्रेडर है तो स्टॉपलॉस के साथ ट्रेड ले सकते हैं। गिरावट के माहौल का फायदा उठा सकते हैं। हालांकि ट्रेडरों को कम क्वांटिटी के साथ ट्रेड करना चाहिए। इस वक्त ट्रेडरों के लिए भी काफी मुश्किल भरा मार्केट है। निवेशक के लिए अच्छा है कि वह सीधे निवेश से बचें। एसआईपी जारी रखें। कम अग्रेसिव निवेशक थोड़ा इंतजार करें। बाजार में रिवर्सल के संकेतों का वेट करें। इस वक्त ट्रेडर व निवेशक दोनों संभल कर अपनी स्ट्रैटेजी बनाएं। वारेन बफे के मुताबिक गिरते बाजार में निवेश करने का जोखिम उठाना चाहिए।

### टिप्स का अध्ययन करें

लिटमस टेस्ट करें। आपके निवेश करने के पहले, किसी भी विश्लेषक की टिप्स का कुछ समय तक परीक्षण करें। उसके बाद ही फैसला करें। कई ब्रोकरेज हाउस अपनी बड़ी रिसर्च टीम का दावा करते हैं। उनकी रोजाना रिपोर्ट आती हैं। इनमें से कितनी सही रहती होंगी।

### पहले रिसर्च करें, बाद में नहीं

निवेश के पहले शेयर के बारे में ठीक से रिसर्च करें। उस पर ब्रोकर से विस्तार से रिपोर्ट मांगें। लंबी अवधि की संभावनाएं अच्छी हों तभी निवेश करें। ट्रिगर प्राइस और टार्गेट प्राइस वाली टिप्स पर समय बर्बाद नहीं करें।

### जो तेज चढ़ता है, तेज गिरता है

जब भी ऊंचाई पर कोई आंकड़ा देखा जाता है, उसमें प्रगति की बड़ी संभावना दिखाई देती है। लेकिन जब कोई शेयर काफी बढ़ चुका हो या किसी सेक्टर में काफी तेजी आ चुकी हो, सतर्क रहना चाहिए। ज्यादा पीई अनुपात का मतलब है कि भविष्य में प्रगति दर घटने वाली है।

### समय नहीं है तो सिप से लगाएं धन

अगर आपके पास अपने पोर्टफोलियो में नए शेयर चुनने का समय नहीं है तो शेयर बाजार में सीधे धन नहीं लगाएं। सिस्टैमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान (सिप) में निवेश से भी काफी मूल्य निर्मित किया जा सकता है।

### अस्थिरता होने पर नहीं करें ये गलतियां

### घबराकर बिकवाली ना करें

बाजार में अस्थिरता होने पर घबराहट में बिकवाली करने से बचें। यह सबसे पहला नियम है। कयासबाजी पर तुरंत प्रतिक्रिया करना हानिकारक साबित हो सकता है। आपको हमेशा यह बात देखनी चाहिए कि किसी शेयर की पिटाई क्यों हुई है? इसे देखते हुए ही किसी शेयर को बेचने का फैसला करना चाहिए। अगर आप गिरावट की वजहों से संतुष्ट नहीं हैं तो इस बात पर विचार करें कि क्यों आपने उस शेयर को खरीदा था। इससे आपको सही समीक्षा करने में मदद मिलेगी।



### सिप को नहीं रोकें

आपका कुछ भी फैसला हो, लेकिन, म्यूचुअल फंड में सिप को रोकने की गलती कतरइ न करें। इससे सिप को लेने का मकसद विफल हो जाता है। बाजार में मंदी का दौर ही वह समय होता है जब आपको इनके साथ जरूर बने रहना चाहिए। इससे आपको अपने लंबी अवधि के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलती है। सिप को रोककर आप इक्विटी में चक्रवृद्धि ब्याज का लाभ खो देंगे। गिरावट के समय आपको कम कीमत पर ज्यादा यूनिटें खरीदने का मौका मिलेगा। बाजार के वापसी करने पर आप इसका फायदा उठा सकेंगे। लंबी अवधि में इक्विटी से सबसे अच्छा रिटर्न मिलता है। इसलिए इनके साथ बने रहने में समझदारी है।

### सिर्फ गिरावट के समय नहीं खरीदें

केवल पिटे हुए स्टॉकों में पैसा लगाने में आप गलती भी कर सकते हैं। इस बात का अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है कि किसी कंपनी का निचला स्तर क्या होगा। इससे आप सही मूल्य को आंकने के चक्कर में बुरी तरह से फंस सकते हैं। नए निवेशकों को फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों से दूर रहना चाहिए। किसी कंपनी में निवेश करने से पहले उसके बुनियादी पहलुओं को देखना चाहिए। इस बात की भी जानकारी करनी चाहिए कि कंपनी का ट्रैक रिकॉर्ड कैसा रहा है। उसके रेवेन्यू, प्रॉफिट, प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो और डेट-टू-इक्विटी रेशियो के बारे में जानकारी कर लेनी चाहिए। अगर आप खुद यह काम नहीं कर सकते हैं तो किसी प्रोफेशनल की सलाह लेनी चाहिए।

### एक सेक्टर में लिवाली न करें

हमेशा डायवर्सिफिकेशन के बारे में सोचना चाहिए। कहते हैं कि एक टोकरी में सभी अंडों को रखना बड़े नुकसान को दावत दे सकता है। इसलिए गिरावट के समय अच्छे शेयरों में निवेश के मौके तलाशने चाहिए। केवल एक सेक्टर के शेयरों में ही दांव लगाने से बचना चाहिए।

### कर्ज लेकर शेयरों में न लगाएं

कई लोग ज्यादा रिटर्न के लिए कर्ज लेकर शेयरों में लगा देते हैं इस तरह के निवेश के तरीके को मार्जिन इंवेस्टिंग कहा जाता है। बेशक इस तरह से अच्छा रिटर्न कमाया जा सकता है। लेकिन, इसमें नुकसान भी बहुत ज्यादा होता है। इस तरह के निवेश के तरीके से हमेशा ही बचना चाहिए।

## ये पांच खूबियां, तभी निवेश में कामयाबी

बिजनेस डेस्क

लोकप्रिय मान्यता के विपरीत, पैसे कमाने के लिए प्रतिभा और कौशल की उतनी जरूरत नहीं होती है जितना उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए सही दृष्टिकोण का होना जरूरी होता है। आप शानदार रणनीतियां बनाते हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं करते हैं तो आप ज्यादा कुछ नहीं कर पाएंगे। सफल निवेशक, अपने निवेश के मार्ग पर दृढ़ता और धैर्य के साथ आगे बढ़ते रहते हैं और लक्ष्य तक पहुंच कर ही मानते हैं। अगर आप भी निवेशक के तौर पर कामयाबी हासिल करना चाहते हैं तो आपे में पांच खूबियां जरूर होनी चाहिए।

### पहले बचत, बाद में खर्च

सफल निवेशक महीने की शुरुआत बचत से करते हैं और खर्च बाद में करते हैं। पहले बचत करने से खर्च पर नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। पैसे बनाने के लिए आपका भी पहला कदम यही होना चाहिए। आप ऑटोमैटिक तरीके से महीने की शुरुआत में ही अपनी बचत को लॉक कर सकते हैं। आप बैंक को आपके रेकरिंग डिपॉजिट अकाउंट या म्यूच्यूअल फंड एसआईपी के लिए हर महीने की शुरुआत में ही कुछ रकम काट लेने का स्थायी निर्देश दे सकते हैं।

### उद्देश्य के अनुसार निवेश

व्यावहारिक लक्ष्य निर्धारित करना और उसी के हिसाब से निवेश करना एक और ऐसी ही खूबी है जो काफी फायदेमंद साबित होती है। इस बात पर ध्यान देते हुए कि संसाधन सीमित हैं, आपको अपने लक्ष्यों की प्राथमिकता के आधार पर रैंकिंग करनी चाहिए और अपने निवेश लक्ष्य के अनुसार निवेश साधनों का चयन करना चाहिए। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, शादी-ब्याह और रिटायरमेंट की प्लानिंग जैसे लक्ष्य दीर्घकालिक होते हैं और इसके लिए आपको म्यूच्यूअल फंड्स और पीपीएफ जैसे साधनों में निवेश करना चाहिए। दूसरी तरफ, कार खरीदना या छुट्टी में घूमने जाना जैसे लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लिक्विड फंड्स, रेकरिंग डिपॉजिट जैसे अल्पकालिक निवेश साधनों में निवेश किया जा सकता है।

### जोखिम उठाने की क्षमता

सफल निवेशक जोखिम उठाने से घबराते नहीं हैं। अच्छा रिटर्न पाने के लिए आपको जोखिमवाले निवेश साधनों में निवेश करना चाहिए। अपना सारा पैसा किसी पारंपरिक संपति में लगाकर आप ज्यादा मुनाफा नहीं कमा पाएंगे। यहां तक कि अधिकांश पारंपरिक संपतियों में भी थोड़ा-बहुत जोखिम तो होता ही है। ब्याज दरें समय-समय पर घटती-बढ़ती रहती हैं। उठाए जानेवाले जोखिम को किसी अच्छे रिस्क मैनेजमेंट प्लान की मदद से सुरक्षित किया जा सकता है।

### निवेश में लाएं विविधता

अनुभवी निवेशक किसी एक एसेट पर ध्यान देने के बजाय अलग-अलग ऐसेट्स में निवेश करते हैं। उनका कहना है कि अपने सारे अंडे एक ही टोकरी में न रखें। अलग-अलग निवेश साधनों में अलग-अलग रिटर्न मिलने की संभावना रहती है और जोखिम भी अलग-अलग होता है। इक्विटी में बहुत अच्छा रिटर्न मिलता है लेकिन यह बहुत परिवर्तनशील होता है। ऋण निवेश साधनों (डेट इन्वेस्टमेंट इंस्ट्रूमेंट्स) में थोड़ा कम जोखिम होता है और कम रिटर्न मिलता है। दूसरी तरफ, रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश में कम जोखिम होता है और अच्छा रिटर्न भी मिलता है लेकिन इसमें लिक्विडिटी का अभाव होता है। इसलिए, पोर्टफोलियो बनाते समय किसी एक ऐसेट पर ध्यान देने के बजाय अलग-अलग ऐसेट्स में निवेश करना बेहतर होता है। इस तरह जोखिम भी कम हो जाएगा और रिटर्न से समझौता भी करना नहीं पड़ेगा।

### पैसे निकालने की आदत छोड़ दें

अंतिम लेकिन बिल्कुल महत्वपूर्ण बात यह है कि आपको अपने निवेश के मामले में धैर्य रखना पड़ेगा। सफल निवेशक किसी के कहने पर या इधर-उधर की बातों या विज्ञापनों पर आंख मूंदकर भरोसा करके पैसे निकालने की गलती नहीं करते हैं। मच्योरिटी से पहले निवेश की रकम निकाल लेने से लक्ष्य आधारित निवेश का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता है। अपने निवेश पर अटल रहने के लिए निवेश के उद्देश्य को याद रखना जरूरी है। दीर्घकालिक निवेशों को अबाधित छोड़ देने पर अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना रहती है। इसलिए समय से पहले अपने निवेश को भंजाने की गलती न करें।



## इक्विटी एनालिसिस सीखना आसान

# ऐसे कर सकते हैं शुरूआत

जब आप इक्विटी में निवेश करने जाते हैं तो सबसे मुश्किल काम एनालिसिस समझा जाता है। एक छात्र कॉलेज में स्टॉक मार्केट गेम्स खेला करता था। उन्हें इस गेम में मजा आया, लेकिन वह यह भी जानता था कि यह पैसा बनाने का भरोसेमंद तरीका नहीं है। उसके बाद वे इक्विटी एनालिसिस कॉम्पिटिशन में शामिल हुआ और उन्हें पता चला कि उस फोरम में जिन केस पर चर्चा हुई, वे बेहद पेचीदा थे। क्या किसी नए शख्स के लिए इक्विटी एनालिसिस शुरू करने का कोई आसान तरीका हो सकता है? अगर किसी ने फाइनेंस की पढ़ाई नहीं की है तो वह इक्विटी एनालिसिस सीखने की शुरुआत कैसे करे? आइए जानते हैं। इक्विटी एनालिसिस में कई फैक्टर्स शामिल होते हैं। इसमें आपको सूचनाओं का गंभीरता से विश्लेषण करना पड़ता है। हालांकि, बुनियादी कॉन्सेप्ट्स सिंपल और सीधे हैं। आपको यह देखना होता है कि कंपनी में ऐसी क्वॉलिटी है, जिससे उसका मुनाफा लंबे समय तक बढ़ता रहे? यह सबसे बड़ा सवाल होता है। अगर जो भी एनालिसिस करें, उससे यह पता चलना चाहिए। यह नए बिजनेस के लिए मार्केट ऑपर्च्युनिटी हो सकती है या प्रमोटर्स की समझदारी या प्रॉडक्ट्स तैयार करने का इनोवेटिव तरीका, जिससे कम समय में कंपनी बाजार के बड़े हिस्से पर कब्जा कर ले। इन सभी कामकाज का असर

**मार्केट मंत्र** | बिजनेस डेस्क

आखिरकार कंपनी के मुनाफे पर पड़ता है।

### ऐसे समझें

एक ऐसे बिजनेस की कल्पना करिए, जिसकी शुरुआत प्रमोटर्स ने अपने जेब से लगाए पैसे से की हो। इनवेस्टर्स को रिटर्न देने के लिए बिजनेस को एसेट्स की जरूरत पड़ेगी, जिससे वह कोई प्रॉडक्ट बना सके या सर्विस ऑफर कर सके। यह पैसा इस काम के लिए लगाया जाता है और इससे फिर आमदनी होने लगती है। एनालिसिस की शुरुआत इससे की जा सकती है कि कंपनी सेल्स से जो कमाई कर रही है, उससे मुनाफा होगा। टैक्स के बाद जो मार्जिन बचता है, वह इनवेस्टरों के लिए होता है। इसलिए सबसे पहले आपको इस आंकड़े पर नजर डालनी चाहिए। उसके बाद यह सवाल करना चाहिए कि सेल्स में कैसे बढ़ोतरी होगी? क्या कंपनी ट्रेडिंग बिजनेस से जुड़ी हुई है? क्या वह पैसों का इस्तेमाल सामान खरीदने के लिए करती है। इस स्टॉक के क्लीयर होने पर उसे मुनाफा होने लगेगा। कुछ कैपिटल बिजनेस की एसेट्स में ब्लॉक हो सकता है। हालांकि, एसेट्स से जितनी सेल्स हासिल होगी, इनवेस्टर्स का रिटर्न उतना ही अच्छा होगा।

### ऐसे करें आकलन

मान लीजिए कि किसी बिजनेस की शुरुआत 100 रुपए से होती है। इस पैसे को फिक्स्ड एसेट्स, स्टॉक और मैटीरियल्स में लगाया जाता है। इससे फिर सामान तैयार किया जाता है। साल के अंत में 150 रुपए की बिक्री हासिल होती है, जिसकी लागत 125 रुपए रहती है। इसमें टैक्स के बाद 25 रुपए का मुनाफा होता है। ऐसे में इनवेस्टर्स का रिटर्न 25 पर्सेंट होगा। अब मान लीजिए कि उस कैपिटल से कंपनी को 300 रुपए की सालाना सेल्स हासिल होती है क्योंकि वह साल में दो बार उतना सामान तैयार करके बेचती है। तब इनवेस्टरों का रिटर्न दोगुना हो जाएगा। एक बिजनेस जो कैपिटल की मदद से अधिक सेल्स हासिल करता है और वह एसेट्स में पहले जितना ही इनवेस्टमेंट करता है तो शेयरहोल्डर्स को अधिक रिटर्न मिलता है। एसेट्स टु सेल्स टर्नओवर से इनवेस्टर्स का रिटर्न बढ़ता है। सेल्स-एसेट्स ऐसा डेटा है, जिससे इनवेस्टर को बिजनेस की एसेट प्रॉडक्टिविटी का पता चलता है।

### कर्ज की समझ जरूरी

तीसरी चीज कर्ज है। अगर कोई बिजनेस कैपिटल पर 25 फीसदी का रिटर्न हासिल करता है, तो प्रमोटर्स 10 फीसदी पर कर्ज लेकर उसमें इनवेस्ट करना पसंद करेंगे। मान लीजिए कि बिजनेस में 50 फीसदी इक्विटी और 50 फीसदी बॉरोइंग है। तब क्या होगा? उस वक्त ब्याज चुकाने के बाद मुनाफा 25 रुपए से घटकर 20 रुपए रह जाएगा। हालांकि, 50 रुपए के इक्विटी पर 20 रुपए के रिटर्न 40 फीसदी होगा। यह पहले के 25 फीसदी रिटर्न से अच्छा है। इसलिए एसेट टु नेटवर्थ डाटा को भी देखना चाहिए। रिटर्न ऑन इक्विटी प्रॉफिट मार्जिन, सेल्स एसेट्स और एसेट्स नेटवर्थ से डिसाइड होता



है।

### इक्विटी के दम से पूरे करें सपने

किसी भी लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट में रिस्क रिवॉर्ड रेशियो का ज्यादा झुकाव इक्विटी इनवेस्टमेंट की तरफ होता है। रिस्क फ्री फिक्स्ड इनकम इनवेस्टमेंट की श्रेष्ठता तब धरी-की-धरी रह जाती है, जब हमें समझ आता है कि जोखिम से आजादी दिखने वाली चीज असल में कुछ हाथ नहीं आने की आजादी है। ये बात हमें तब समझ आती है जब हम रियल, इन्फ्लेशन एडजस्टेड, टैक्स बाद रिटर्न पर गौर करते हैं। हम जैसे ही इक्विटी निवेश की अपरिहार्यता को स्वीकार कर लेते हैं, हमारे सामने तुरंत यह सवाल आता है कि यह मुश्किल काम किया कैसे जाए?

### निवेश के दो तरीके

जिन लोगों ने पहले कभी शेयरों में निवेश नहीं किया है उनके लिए यह तय करना मुश्किल है कि शुरुआत कहां से की जाए। वैसे इक्विटी निवेश के दो तरीके होते हैं। एक तरीका यह है कि आप शेयरों का चुनाव और खरीद-फरोख्त खुद करें। दूसरा, इक्विटी फंड्स के जरिए निवेश करें। दोनों का अंतिम मकसद एक ही होता है- इक्विटी से सुपीरियर रिटर्न हासिल करना। हालांकि, दोनों एक्टिविटीज एक दूसरे से एकदम अलग हैं। अगर आप एक्सपर्ट नहीं हैं या इसके लिए ज्यादा वक्त देने को तैयार नहीं हैं तो खुद निवेश करने के बारे में सोचने का कोई फायदा नहीं। ऐसे में म्यूचुअल फंड्स बेहतर विकल्प होंगे। ऐसे कई लोग हैं, जो अपना पोर्टफोलियो खुद मैनेज कर रहे हैं और बेहतर रिटर्न पा रहे हैं। हालांकि, 100 में से 5 या 10 को कामयाबी मिल पाती है। इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश से इन दिक्कतों से छुटकारा पाया जा सकता है। इक्विटी निवेश का मूल मंत्र यह है कि आपकी नजर में कामयाब स्टॉक इनवेस्टिंग क्या है और इंफॉर्मेशन, एनालिसिस के आधार पर बनी निवेश योजना को अंजाम देने की क्षमता कितनी है। लेकिन म्यूचुअल फंड्स के जरिए इक्विटी निवेश के बहुत ज्यादा फायदे हैं। सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें अनुशासित डायवर्सिफिकेशन होता है। फंड मैनेजर्स संस्थागत दायरे में काम करते हैं जिसमें उन पर निवेश के कुछ नियम लागू होते हैं। इसमें पोर्टफोलियो डायवर्सिफाइड रहेगा और इंडिविजुअल शेयर, सेक्टर या स्टॉक टाइप को लगने वाले झटके से सुरक्षित रहेगा। दूसरा फायदा यह होता है कि इसमें छोटी रकम से निवेश शुरू किया जा सकता है। म्यूचुअल फंड्स में आप कुछेक हजार रुपए से शुरुआत कर सकते हैं। यह आसान भी होता है। इक्विटी फंड्स का एक और फायदा ये होता है कि लॉन्ग टर्म में इनसे ज्यादा रिटर्न मिलता है। शेयरों के अट्रैक्शन के हिसाब से सभी इक्विटी पोर्टफोलियो में उनकी कुछ खरीदफरोख्त होती है।

## सचेत रहते हुए रणनीति बनाएं, तभी गिरते बाजार में कमा पाएंगे निवेशक

**अलर्ट** | बिजनेस डेस्क

इस समय शेयर बाजार में लगातार गिरावट को दौर जारी है। ऐसे में निवेशकों को भी अलर्ट रहना होगा। भारतीय शेयर बाजार जबरदस्त हलचल से भरा हुआ है। निफ्टी 50 लगातार गिरावट के दौर से गुजर रहा है और अगर आगे भी यह ट्रेंड जारी रहा, तो यह 28 साल में अपनी सबसे लंबी गिरावट दर्ज करेगा। इससे पहले 1996 में ऐसी गिरावट देखने को मिली थी। निफ्टी लगातार पांच महीने तक गिरा है। लगातार गिरावट के इस माहौल में निवेशकों के मन में बड़ा सवाल है अब आगे की रणनीति क्या बनाई जाए, ताकि कुछ वसूली हो सके और निवेशक घाटे से उबर सकें। ऐसे में क्या करें, बाजार से बाहर निकलें? धैर्य बनाए रखें? (लेकिन कब तक?) या नए अवसरों की तलाश करें? इस रिपोर्ट में आपको ऐसे ही कुछ सवालों के जवाब मिलेंगे जो आपको बाजार की सही दिशा के बारे में जागरूक कर सकते हैं।

**इस समय एक गिरावट तोड़ सकती है निफ्टी का 28 सालों का रिकार्ड**

### बाजार के आंकड़े किधर जा रहे

एक्सपट्र्स की राय जानने से पहले बाजार की स्थिति पर एक नजर डालते हैं। निफ्टी पिछले साल सितंबर से गिर रहा है और इसमें लोअर टॉप-लोअर बॉटम पैटर्न बन रहा है। अक्टूबर 2024 से अब तक यह 11.7% गिर चुका है। फरवरी के पहले कुछ हफ्तों में ही इसमें 3% की गिरावट दर्ज हो चुकी है। सन 1990 के बाद से सिर्फ दो बार ऐसा हुआ है जब निफ्टी लगातार पांच महीने तक गिरा हो। पहली बार 1994-95 में जब यह 31.4% टूटा था और दूसरी बार 1996 में जब यह 26% गिरा था। मौजूदा गिरावट तुलनात्मक रूप से कम है, लेकिन चिंताजनक बनी हुई है। विदेशी निवेशकों की बिकवाली एक बड़ी वजह बन रहा है। अक्टूबर 2024 से एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बिकवाली कर चुके हैं। वैश्विक कारणों को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। चीन के बाजारों में जबरदस्त रिकवरी आई है, जिससे विदेशी निवेशक वहां शिफ्ट हो रहे हैं। इसके अलावा, अमेरिकी नीतियां भी उभरते बाजारों पर असर डाल रही हैं।

**कार्यालय नगर परिषद बागली, जिला देवास (म.प्र.)**

क्रमांक/नि.शा./2025/158-159 बागली, दिनांक 27/02/2025

// ई - निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा समस्त सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार / फर्म को सूचित किया जाता है कि निविदा निम्न लिखित कार्य की निविदा ई प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि | खोले जाने अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_405781_1 | वार्ड क्र. 01 मुकुन्द बाग मार्ग आंगनवाडी भवन निर्माण कार्य | 1000738/- | 7600/- | 5000/- | 12 माह | 17.03.2025 |
| 2 | 2025_UAD_405788_1 | वार्ड क्र. 06 ग्रामीण स्कूल भवन परिसन में आंगनवाडी भवन निर्माण कार्य | 1000738/- | 7600/- | 5000/- | 12 माह | 17.03.2025 |

1. निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने की प्रांरभ दिनांक- 28.02.2025
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक - 14.03.2025

टीप :- 1. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लियें http:.mptenders.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है विज्ञप्ति मे किसी भी प्रकार के होने वाले संशोधन के लिये पृथक से समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशन नहीं किया जावेगा। संशोधन ऑनलाईन किये जावेगे।

श्रीमति सीमा कमल यादव
अध्यक्ष, नगर परिषद बागली

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद बागली

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

// आम सूचना //

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड/भवन क्रमांक 314 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा सुश्री अजीमुननिसा पुत्री श्री असगर हुसैन के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 10980-87 दिनांक 14/09/1984 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 27/12/1984 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 15/03/2016 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। सुश्री अजीमुननिसा द्वारा संपत्ति का रजिस्टर्ड वसीयतनामा अपने पोते श्री मोहम्मद सुफियान कुरेशी पुत्र स्व. श्री रिजवान उद्दीन कुरेशी के नाम पर पंजीयन कार्यालय से पंजीयन क्र. MP059712024A3506809 दिनांक 26/04/2024 को निष्पादित कराया गया है। सुश्री अजीमुननिसा पत्नी स्व. श्री वहीद उद्दीन (दादी जी) की दिनांक 20/01/2025 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पोते श्री मोहम्मद सुफियान कुरेशी पुत्र स्व. श्री रिजवान उद्दीन कुरेशी (नाबालिग) संरक्षिका श्रीमती निकहत कुरैशी पत्नी स्व. श्री रिजवान उद्दीन कुरेशी (माता) के द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड वसीयतनामा एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद सुफियान कुरेशी पुत्र स्व. श्री रिजवान उद्दीन कुरेशी (नाबालिग) संरक्षक श्रीमती निकहत कुरैशी पत्नी स्व. श्री रिजवान उद्दीन कुरेशी (माता) के नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

**हाल में केंद्र सरकार की तरफ से जीवनशैली संबंधी स्वास्थ्य को लेकर दो अहम घोषणाएं हुई हैं। पहली, केंद्र सरकार देश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में बीपी (उच्च व निम्न रक्तचाप), शुगर (डायबिटीज या मधुमेह) और कैंसर की राष्ट्रीय स्तर पर जांच कराने जा रही है। दूसरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापा के खिलाफ देश में जागरूकता लाने का आह्वान किया है। इसके लिए सरकार की ओर से दस हस्तियों को अंबेस्डर बनाया गया है, जो देशवासियों में मोटापा से बचने के लिए जागरूकता फैलाएंगे। देश में करीब 40 करोड़ लोग जीवनशैली संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सालाना करीब 60 लाख लोगों की जीवनशैली संबंधित रोगों के चलते मौत हो जाती है। इसके अलावा भी कई एक्यूट रोग हैं, जिनके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। कारोना महामारी के समय देश के सरकारी स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर की पोल खुली, उसके बाद से सरकार ने लगातार हेल्थ संबंधी बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने की कोशिश की है, लेकिन भारत जैसे बड़ी आबादी व जरूरती देश के लिए सरकार की कोशिश ऊंट के मुंह में जीरा साबित होती है। स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता के आधार पर लेने की जरूरत है, इसमें बड़े निवेश की आवश्यकता है। इसी के साथ योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा जैसे प्रिवेंटिव हेल्थ सिस्टम को सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रम से जोड़ने की आवश्यकता है। जीनशैली संबंधी रोगों की स्थिति का आंकलन करता आजकल का यह अंक..**

# जीवनशैली से संबंधित रोग बड़ी चुनौती



सेहत
डॉ. ए.के. अरुण
जनस्वास्थ्य वैज्ञानिक व होम्योपैथिक

**जीवनशैली से संबंधित रोग आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया की सार्वजनिक स्वीकार्यता के बाद पूरी दुनिया में जीवनशैली से जुड़े रोगों का आंकड़ा तेज़ी से बढ़ने लगा है और सामान्य से दिखने वाले रोग जानलेवा तथा असाध्य रोगों की श्रेणी में आ गए हैं। आज जीवनशैली से सम्बंधित रोग एक बड़ी समस्या के रूप में हमारे सामने हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को ग़ैर संचारी रोग या एनसीडी भी कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जीवनशैली से संबंधित रोगों की वजह से सालाना छह मिलियन लोगों की जान जा रही है।**

जीवनशैली से संबंधित रोगों के बारे में मेरी धारणा स्पष्ट है कि पहले आधुनिकता के नाम पर ग़लत जीवनशैली अपनाओ और बीमार बनो, फिर उसके इलाज के लिए अस्पतालों और डाक्टरों के पास भटको। जीवनशैली से संबंधित रोग आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया की सार्वजनिक स्वीकार्यता के बाद पूरी दुनिया में जीवनशैली से जुड़े रोगों का आंकड़ा तेज़ी से बढ़ने लगा है और सामान्य से दिखने वाले रोग जानलेवा तथा असाध्य रोगों की श्रेणी में आ गए हैं। आज जीवनशैली से संबंधित रोग एक बड़ी समस्या के रूप में हमारे सामने हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को ग़ैर संचारी रोग या एनसीडी भी कहा जाता है। यदि हमारे दैनिक जीवन की आदतें, जैसे भोजन, नींद, व्यायाम, दिनचर्या, तनाव का स्तर आदि स्वस्थ्य नहीं है तो यह जीवन शैली के रोगों की वजह बन सकता है। विगत कुछ वर्षों में कोरोना के बाद भारत में जीवनशैली से संबंधित रोगों की स्थिति चिंताजनक रूप से बिगड़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जीवनशैली से संबंधित रोगों की वजह से सालाना 60 लाख लोगों की जान जा रही है। अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2030 तक इन रोगों की वजह से भारत को छह ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक नुक़सान उठाना पड़ सकता है।

## तनाव में 26 फ़ीसदी भारतीय

इंडिया फिट रिपोर्ट 2024 के अनुसार 26 फ़ीसदी भारतीय तनाव से जूझ रहे हैं। इनमें 17 फ़ीसदी लोगों के तनाव की वजह वित्तीय अस्थिरता है। इसी रिपोर्ट के अनुसार 24 फ़ीसदी भारतीय उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। रिपोर्ट के अनुसार विगत तीन वर्षों में मधुमेह, उच्च रक्तचाप उच्च कोलेस्ट्रॉल,थायरॉइड जैसे जीवनशैली के रोगों में बहुत तेज़ी आई है। उच्च रक्तचाप एवं उच्च कोलेस्ट्रोल एक साइलेंट किलर है। यह आम भारतीयों में तेज़ी से बढ़ रहा है। उच्च कॉलेस्ट्रोल वाले लोगों की संख्या में सालाना दो फ़ीसदी की बढ़ोतरी देखी जा रही है। ऐसे ही मधुमेह रोगियों का बुरा हाल है। इंडिया फिट रिपोर्ट 2024 के अनुसार 48 फ़ीसद भारतीय अस्वस्थ्य हैं। यही रिपोर्ट यह भी बता रही है कि भारत की लगभग आधी आबादी (50 फ़ीसदी) अस्वस्थ्य जीवनशैली की आदतों से पीड़ित है। यह आंकड़ा चिंताजनक है। मानसिक रोग जैसे अनिद्रा तनाव अवसाद के साथ साथ स्लिप एपनिया के मामले भी तेज़ी से बढ़ रहे हैं। कम उम्र के युवाओं में हृदयगति रुक जाने से होने वाली मौतों की घटनाओं में भी वृद्धि देखी गई है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंताओं के बीच अब सवाल उठता है कि सरकारें इन रोगों के रोकथाम प्रबंधन के लिए क्या कर रही है? विगत कुछ वर्षों से भारत सरकार का स्वास्थ्य बजट देखें तो बहुत उत्साहजनक नहीं दिखता। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी बजट बढ़ाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। नवीनतम राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा रिपोर्ट अनुसार पहले से ही स्वास्थ्य बजट कुल जीडीपी का लगभग 1.2-1.3 फीसदी पर स्थिर है। इसे 2025 तक 2.5-3.0 फीसदी तक बढ़ाने की बात की जा रही थी। ऐसा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में वादा भी किया गया था। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के बजट में मामूली वृद्धि की गई है। पर वह एक फीसदी के पास ही है।



## धनाभाव में सरकारी अस्पताल

विगत कोरोना वायरस महामारी के आतंक को सभी ने देखा और भुगता है। सबसे बुरी हालत मेहनतकश ग़रीब लोगों की थी। सरकारी अस्पताल लगभग नकारा थे। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो 85 फ़ीसदी सरकारी अस्पताल और उपचार केंद्र आज भी धन के अभाव में ही चल रहे हैं। कोरोना महामारी के थम जाने के बावजूद सरकार कोरोना से होने वाली मौतों का ठीक से आंकड़ा भी उपलब्ध नहीं करा पाई है। यदि देश के 748 ज़िले के अस्पताल ठीक होते तो विगत कोरोना महामारी के दौरान ऐसी अफ़रातफ़री नहीं मचती। इधर सरकार द्वारा लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित कई घोषणाएं सुनाई देती हैं। इन घोषणाओं में आधुनिक जीवनशैली के रोगों से निपटने के लिए सरकारी विज्ञापन आजकल सरेआम है।

## प्रशिक्षित चिकित्सकों की कमी

कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य ढांचागत निर्माण मिशन उन योजनाओं में एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे देशभर में प्राथमिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया था। सन् 2021 से 2026 तक की अवधि के लिए इस योजना में 64,180 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। लेकिन पिछले दो बजट में कुल मिलाकर लगभग आठ हज़ार करोड़ रुपये का ही आवंटन किया गया है। भारत में अभी भी प्रशिक्षित चिकित्सकों की संख्या लगभग 13 लाख है, जो देश में 15-20 हज़ार प्रति व्यक्ति पर एक चिकित्सक की दर से बैठती है। यदि यहां प्रति दस हज़ार व्यक्ति पर एक चिकित्सक की उपलब्धता को ही मान लें तो सन् 2050 कोई 20.7 लाख चिकित्सक और चाहिए होंगे। सच्चाई तो यह है कि प्रशिक्षण के बाद लगभग दस-बीस फ़ीसद चिकित्सक अपना चिकित्सा व्यवसाय छोड़कर किसी और धंधे में चले जाते हैं। चिकित्सा सेवा के स्वभाव में परिवर्तन एवं देश में उपभोक्तावाद के हावी होने के बाद अधिकांश चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करने अथवा निजी पांचसितारा अस्पतालों में जाना पसंद करते हैं। मसलन सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था धीरे धीरे उपेक्षित एवं नकारा होती जा रही हैं। विगत कुछ वर्षों में चिकित्सा शिक्षा से संबंधित सरकारी नीतियों में जटिलता की वजह से भी दिक्कतें आ रही हैं। कहा जा रहा है कि देश में 70 हज़ार से एक लाख ऐसे डॉक्टर्स हैं जिन्होंने विदेशों में पढ़ाई की है और वे भारत में अपना रजिस्ट्रेशन कराना चाहते हैं। लेकिन जटिल प्रक्रिया की वजह से ये अभी भी धक्के खा रहे हैं। देश में नक़ली डॉक्टरों की भी एक बड़ी संख्या है जिसे सरकार पकड़ नहीं पा रही है।

## टोगो वैक्सीन वितरण की योजना

भारत सरकार की प्रधानमंत्री आयुष्मान जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) प्रति वर्ष प्रत्येक ग़रीब परिवार को 5.0 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने का दावा करती है। सरकारी दावों में लगभग 1.80 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) का लक्ष्य बताया गया है,जबकि वर्तमान में 1,68,044 आरोग्य मंदिर चलने का दावा किया जा रहा है। "आयुष्मान भव" अभियान के तहत 7.12 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड तथा 11.34 करोड़ आभा आईडी सृजित किए गए हैं। यह भी दावा है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 15.33 करोड़ से ज़्यादा लोगों ने लाभ प्राप्त किया है। सरकार ने अपने मासिक मंत्रिमंडल रिपोर्ट फ़रवरी 2024 में दावा किया है कि लगभग 3.5 लाख आयुष्मान मेले का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें टीबी, एचबीपी, मधुमेह, माउथ कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, मोतियाबिंद आदि से बचाव के लिए 29.54 करोड़ से भी ज़्यादा स्क्रीनिंग की गई। भारत सरकार का दावा है कि फ़रवरी 2024 में डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल (जीआईडीएच) को भी शुरू किया गया है। यह भी दावा किया है कि 'टोगो'नामक महामारी की रोकथाम के लिए बिल गेट्स की संस्था 'गावी' के साथ मिलकर वैक्सीन वितरण की पहल या साझेदारी भी की जा सकती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

# सेहत पर भारी पड़ रहा है पैक्ड फूड



खान-पान
अर्चना कुमारी
लेखिका व स्वतंत्र पत्रकार

आधुनिक समय में लोगों की जीवनशैली काफी बदल चुकी है। लोग हेल्दी खाने से ज्यादा उसका स्वाद देखते हैं, जिसका नतीजा यह है कि आज अधिकांश व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त हैं। दरअसल, व्यस्त लाइफस् टाइल में इन दिनों पैक्ड फूड यानी जंक फूड पर हम ज्यादा निर्भर होते जा रहे हैं जो कि एक बेहद ही गंभीर मामला है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दशकों में प्रोसेस्ड फूड कैंसर जैसी महामारी का बड़ा कारण बन सकता है। बता दें, पैक्ड फूड को लंबे समय तक ठीक रखने के लिए कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। यह केमिकल बेहद ही खतरनाक होते हैं। जो हमारे शरीर पर कई तरह के हानिकारक प्रभाव डालते हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिसीज स्टडी के आंकड़ों के मुताबिक, विश्व में 20 प्रतिशत मौतें खराब आहार के कारण होती हैं। जंक फूड को बनाने में बहुत ज्यादा तेल, फैट, शुगर, स्टार्च, नमक और प्रोटीन आदि का इस्तेमाल किया जाता है। इससे मोटापा और हृदय रोगों का खतरा बढ़ सकता है। कई स्टडी में यह बात सामने आ चुकी है कि फास्ट फूड में पाया जाने वाला ट्रांसफैट ब्लड में बैड कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देता है और गुड कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम कर देता है। इससे टाइप 2 डायबिटीज और हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ा देता है। नमक की ज्यादा मात्रा बढ़ने से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। फास्ट फूड में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है जिसकी वजह से लोगों का वजन बढ़ जाता है और मोटापे का शिकार हो जाते हैं। इससे अस्थमा और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां होने का रिस्क बढ़ जाता है। यह भी सुझाव दिया गया है कि जंक फूड खाने से मस्तिष्क उसी तरह प्रभावित होता है, जैसे नशे की दवाओं का सेवन करने से। दुनिया भर में जंक फूड को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना गया है। ये गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) को जन्म देते हैं, विशेष रूप से गरीब देशों में कुपोषण और मोटापे के दोहरे बोझ के लिए जिम्मेदार हैं। खानपान के तमाम जानकारों, जीवन शैली के तमाम विशेषज्ञों और डॉक्टरों के लगातार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद पिछले कुछ वर्षों में जंक फूड हमारे ब्रंच, लंच या डिनर का अहम हिस्सा बन गया है। आजकल लोग पोषक भरी चीजे न खाकर स्वादिष्ट जंक फ़ूड ज्यादा खा रहे हैं। जिसमें शरीर के लिए जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स नहीं होते हैं। जिस वजह से उनके शरीर में आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स की अत्यधिक कमी हो जाती है जिसको पूरा करने के लिए उन्हें दवाइयों पर निर्भर होना पड़ता है। इतना ही नहीं, जरूरी पोषक तत्वों की कमी की वजह से वो गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे परिवारों की संख्या भी कम नहीं है जो पूरी तरह से पैक्ड फूड या रेडी टू ईट फूड पर निर्भर हो चुके हैं। बता दें, दुनिया भर में भारत खाद्य मानकों का उल्लंघन करने वाला सबसे बड़ा देश है, ऐसा फूड सोर्स मॉनिटरिंग कंपनी फूड सेंट्री का कहना है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है कि एक दशक में आसानी से तैयार हो जाने वाले पैकेट बंद फूड के बाजार में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इनके खाने के फायदे कम और नुकसान ज्यादा हैं। विदेश से आये फास्ट फूड ने हमारे देश पर कब्जा कर लिया है। जबकि भारतीय खाने में इतने विभिन्न आयाम हैं कि बयान करना मुश्किल हो जाता है। पकवान भारत के लोगों के इतिहास और उनकी संस्कृति को परिदृश्य करते हैं।

# 'स्वस्थ भारत' संकल्प बने राष्ट्रीय अभियान



योजना
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक

देश में नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) के बढ़ते बोझ को देखते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 30 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी व्यक्तियों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गैर-संचारी रोगों तथा सामान्य कैंसर के लिए 100 प्रतिशत जांच करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत ब्लड प्रेशर, मधुमेह या मुंह, स्तन या सर्विकल कैंसर जैसे गैर-संचारी रोगों की जांच होगी। इसके तहत देश के 89 करोड़ लोगों की शुगर से लेकर बीपी और कैंसर की जांच मुफ्त की जाएगी। यह अभियान 20 फरवरी से शुरू होकर 31 मार्च तक चलेगा। इसमें सरकारी अस्पताल, मोबाइल मेडिकल यूनिट और आशा कार्यकर्ताएं घर-घर जांच अभियान करेंगी।

## गैर-संक्रामक रोगों का प्रकोप

सरकार ने यह फैसला इसलिए लिया है कि पिछले कुछ सालों से देश में गैर संक्रामक रोगों से मरने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस अभियान का उद्देश्य वास्तविक समय पर निगरानी करना है और साथ ही साथ एनसीडी से जुड़ी जटिलताओं को कम करना भी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट बताती है कि देश में 66 प्रतिशत मौतें गैर-संक्रामक बीमारियों के कारण हो रही हैं। हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और श्वसन रोग जैसी बीमारियां 30 साल से अधिक उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ रही हैं जो एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। इसलिए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बीमारियों की जल्दी पहचान करना, इलाज शुरू करना और गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं को रोकना है। भारत सरकार ने अपने अभियान में मुख्य रूप से तीन तरह के कैंसर जांच की बात की है। इसमें मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की बात कही गई है। सरकार ने पाया है कि तंबाकू के सेवन से मुंह के कैंसर के मरीज अधिक सामने आए हैं, जिनकी मृत्यु भी हुई है।

## फैल रहा सर्वाइकल कैंसर

वहीं महिलाओं में तेजी से स्तन कैंसर बढ़ रहा है। इसके अलावा पुरुष और महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर भी तेजी से फैल रहा है। इसकी रोकथाम और सही समय पर इलाज के लिए सरकार ने जांच का फैसला किया है। इतना ही नहीं, हार्ट अटैक से मरने वाले लोगों के लिए हाई ब्लड प्रेशर सबसे बड़ा कारण है। कम उम्र में ही लोग हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रहे हैं। अधिक दबाव की वजह से वो अपना जीवन खो रहे हैं।

## खराब लाइफ स्टाइल कारण

भारत में 45 प्रतिशत लोग हर साल सिर्फ हार्ट अटैक से मर रहे है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एनसीडी सामूहिक रूप से दुनिया भर में हृदय रोग, स्ट्रोक, कैंसर, पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियों और मधुमेह समेत कुछ मौतों के 74 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं। गौरतलब है कि आजकल कम उम्र में ही लोग डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियों और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इन बीमारियों का एक बड़ा कारण खराब लाइफ स्टाइल है। ये सभी बीमारियां नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज यानी गैर-संचारी बीमारियां हैं। इनका मतलब है कि ये बीमारियां एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलतीं और इनका विकास अक्सर काफी समय लेता है।




## आहार संबंधी आदतों से बढ़े रोग

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि साल 1990 में इन बीमारियों से होने वाली मौतों का अनुपात 37.9 प्रतिशत था, जो 2016 में बढ़कर 61.8 प्रतिशत हो गया। आज के समय में भारत में 66 प्रतिशत से ज्यादा मौतें नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों के कारण हो रही हैं। इन बीमारियों में मुख्य रूप से दिल से जुड़ी बीमारियां, डायबिटीज, कैंसर और सांस से जुड़ी बीमारियां शामिल हैं। भारत में अधिकतर युवा आबादी है और ऐसा देखा गया है कि 30 से 40 साल की उम्र के युवा भी इस तरह की लाइफ स्टाइल डिजीज से काफी परेशान हैं। जीवनशैली में बदलाव, पर्यावरणीय कारक और आहार संबंधी आदतें इस महामारी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं, जिससे न केवल बुजुर्ग बल्कि युवा भी प्रभावित हो रहे हैं। आज खाने में पैक्ड फूड को जिस तरह से तरजीह दी जा रही है, उसकी वजह से ये भी बीमारियां हो रही हैं। चिंता का विषय यह है कि भारत उन देशों में शामिल हो रहा है जहां कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हाल के अध्ययनों से भारत में कैंसर के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिली है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, देश में हर साल 1.3 मिलियन से अधिक नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और अगले दशक में यह संख्या तेजी से बढ़ने की संभावना है। 2040 तक, भारत में कैंसर की घटनाओं के दोगुना होने का अनुमान है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है। अगर देखा जाए तो सरकार की ये पहल स्वागत योग्य है, बशर्ते इसके पीछे छिपा हुआ कोई और एजेंडा ना हो।

गौरतलब है कि मोदी सरकार ने 'स्वस्थ भारत' की बात की, तो उसमें सिर्फ दवा, अस्पताल और डॉक्टर ही नहीं हैं, बल्कि प्राथमिकता यह है कि नागरिक बीमार ही ना हों। इसके लिए योग और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अगर कोई बीमार हो भी जाता है तो जांच और समयबद्ध उपचार की पूरी व्यवस्था है। मरीजों को मुफ्त दवा और इलाज की सुविधाएं आज बड़े पैमाने पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## आयुष्मान भव अभियान लांच

देश के 50 करोड़ से अधिक लोगों को साल का पांच लाख रुपये का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना मुहैया करा रही है। मोदी सरकार का लक्ष्य यह है कि देश के हर कोने में रह रहे जन-जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही आयुष्मान भव अभियान लांच किया गया है। इस अभियान के तहत जन आरोग्य योजना को जन-जन तक ले जाने, हर किसी का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आइडी बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है। कई तरह की बीमारियों की पहचान के लिए व्यापक स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था की गई है। इनमें टीबी, हाइपरटेंशन, सिकल सेल डिसीज यानी रक्त संबंधी विकार, मधुमेह आदि के लिए गांवों और शहरों में जांच अभियान चलाया जा रहा है। आयुष्मान भव योजना का मूल लक्ष्य देश के 6.45 लाख गांवों और 2.55 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचने का है, ताकि लोगों के बीच इस योजना को लेकर जागरुकता आए और वे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। यह प्रतिबद्धता पीएम मोदी की 'स्वस्थ भारत' परिकल्पना का अंग है। मालूम हो, अच्छा स्वास्थ्य मानव प्रगति और समृद्धि की आधारशिला है। आने वाला भविष्य उन्हीं समाजों का होगा, जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में पर्याप्त संसाधन लगाएंगे।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधार की जरूरत



दो टूक
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार व जन स्वास्थ्य विश्लेषक

हाल में केंद्र सरकार की तरफ से जीवनशैली संबंधी स्वास्थ्य को लेकर दो अहम घोषणाएं हुई हैं। पहली, केंद्र सरकार देश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में बीपी (रक्तचाप), शुगर (मधुमेह) और कैंसर की राष्ट्रीय स्तर पर जांच कराने जा रही है। दूसरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापा के खिलाफ देश में जागरूकता लाने का आह्वान किया है। इसके लिए सरकार की ओर से दस हस्तियों को अंबेस्डर बनाया गया है, जो देशवासियों में मोटापा से बचने के लिए जागरूकता फैलाएंगे। वर्ष 2022 तक देश को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया था, लेकिन सरकारी उदासीनता के चलते इस योजना ने दम तोड़ दिया। आज वर्ष 2025 में देश में कूड़ा व कचरा निस्तारण को लेकर मुकम्मल व्यवस्था नहीं बन सकी, तो क्या मोटापे के खिलाफ भी अभियान का ऐसा ही हश्र होने वाला है? पीएम ने ही जोर-शोर से फिट इंडिया अभियान शुरू किया था, यह अभियान आज कहां है? किसी को पता नहीं है। आज देश जीवनशैली संबंधी बीमारियों-उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, कैंसर, मोटापा (ओबेसिटी), थायराइड, कब्ज, टेंशन, डिप्रेशन के पीड़ितों के ज्वालामुखी पर बैठा हुआ है। करीब 19 करोड़ लोग शुगर, करीब 15 करोड़ लोग मोटापा, करीब 14 करोड़ लोग बीपी, करीब 9 करोड़ लोग कैंसर, करीब 12 करोड़ लोग टेंशन-डिप्रेशन, व करोड़ों लोग कंस्टिपेशन यानी कब्ज जैसी जीवनशैली संबंधी रोगों से सफर कर रहे हैं।

## बहुत सारी बाधाएं

इन रोगों के लिए सिडेंट्री रहन-सहन, अस्वास्थ्यकर खानपान और गलत दिनचर्या जिम्मेदार हैं। खास बात है कि इन रोगों को प्रचलित मॉडर्न मेडिसिन से क्योर नहीं किया जा सकता है। यह बात समस्त चिकित्सा जगत को पता है। पीड़ितों को आजीवन दवा खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन हॉलिस्टिक हेल्थ एप्रोच से जीवनशैली, खानपान और दिनचर्या में बदलाव लाकर इन रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है। इसलिए लाइफस्टाइल रिलेटेड इन बीमारियों से बचाव के लिए राष्ट्रीय अभियान की जरूरत है। जनस्वास्थ्य के प्रति सरकार की पहल स्वागत योग्य है, परंतु स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशिक्षित वर्कफोर्स से लेकर नीति व बजट तक में बहुत सारी बाधाएं हैं। कई बार सरकार की योजनाओं का प्रारूप ही तय नहीं होता है। स्वच्छ भारत, ओडीएफ, फिट इंडिया जैसे कार्यक्रम उदाहरण हैं। सरकार अपनी योजनाओं का सोशल ऑडिट भी नहीं करती है। डायबिटीज, बीपी व कैंसर जांच का उद्देश्य अगर फार्मा कंपनियों को मुफ्त में डाटा उपलब्ध भर कराना है, तो ऐसे अभियान का कोई नतीजा नहीं निकलेगा। इस जांच का उद्देश्य अगर सच में जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नीति, उपचार व क्रियान्वयन की दिशा में कुछ किया जाना है, तो निश्चित रूप से इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

## प्रिवेंटिव स्वास्थ्य पर हो जोर

भारत में करीब 80 फीसदी रोग प्रिवेंटिव हैं, जिसके लिए अस्पताल या दवा की जरूरत नहीं है, केवल गाइडेंस, प्रिवेंटिव चिकित्सा से रोका या ठीक किया जा सकता है। केवल 20 फीसदी रोग हैं, जिसके लिए असल में अस्पताल व दवाओं की जरूरत है। अगर सरकार योग-व्यायाम-ध्यान, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा समेत समस्त भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को प्रिवेंटिव हेल्थ कार्यक्रम से जोड़ेगी तो स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय खर्च को तर्कसंगत बनाया जा सकता है। प्रिवेंटिव हेल्थ को स्कूल शिक्षा कार्यक्रम से भी जोड़ने की आवश्यकता है। खानपान व जीवनशैली संबंधी विषयों को शैक्षिक पाठ्यक्रम का अहम हिस्सा बनाने की जरूरत है।



## स्वास्थ्य बजट जरूरत से कम

इस बार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट में स्वास्थ्य के लिए 99,858.56 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष से लगभग 11 प्रतिशत अधिक है। यह पिछले वित्त वर्ष के 89,974 करोड़ रुपए के बजट आवंटन से मामूली वृद्धि है। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल 1.19 लाख करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। इसमें आयुष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए राशि भी शामिल है। सरकार ने दवा उद्योग के लिए पीएलआई हेतु 2,445 करोड़ रुपए भी आवंटित किए हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) को 9,406 करोड़ का आवंटन मिला। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएमएबीएचआईएम) के लिए 4,200 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को 37,226.92 करोड़ व राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को 79.6 करोड़ आवंटित किए गए। बजट में वित्त मंत्री ने जन स्वास्थ्य का जिक्र सात बार किया, जिसमें सुलभ, ऊंची गुणवत्ता वाली और किफायती स्वास्थ्य सेवा पर जोर दिया गया था। जो मुख्य कदम बताए गए उनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड से जोड़ना, एआई से चलने वाले स्वास्थ्य उत्कृष्टता केंद्र तथा चिकित्सा शिक्षा में 10,000 नई सीटें जोड़ना शामिल हैं। वास्तव में चिकित्सा शिक्षा में पांच साल के भीतर 75,000 सीटें जोड़ी जानी हैं। 200 डे केयर कैंसर सेंटर खोलने, 1 करोड़ गिग (अस्थायी रोजगार वाले) कर्मचारियों को पीएम-जय के दायरे में लाने और चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के साथ मिलकर 'हील इन इंडिया' जैसे कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके साथ ही 36 जीवनरक्षक औषधियों पर सीमा शुल्क में भी राहत की घोषणा की गई। छह अन्य जीवनरक्षक औषधियों पर 5 फीसदी की रियायती दर से शुल्क लगाने तथा रोगी सहायता कार्यक्रमों का विस्तार करने की बात भी कही गई है। भारत में जन स्वास्थ्य प्राथमिक रूप से राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में स्वास्थ्य व्यय को 2025 तक बढ़ाकर जीडीपी का 2.5 फीसदी करने की सिफारिश थी। लेकिन अभी बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटन जीडपी का एक फीसदी के करीब है, यानी बजट आवंटन लक्ष्य से बहुत पीछे है।

## हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत

देश में वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए हेल्थ बजट जीडीपी का छह फीसदी होना चाहिए। इस क्षेत्र में नए रोजगार सृजन की क्षमता है। भारत के लिए बड़ा अवसर है, ऐसे में केंद्र व राज्य सरकार को मिलकर हेल्थ क्षेत्र को बेहतर बनाना चाहिए। इसे निजी क्षेत्र के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। सरकार को इस क्षेत्र को रेगुलेट करने के लिए इरडा, सेबी जैसे हेल्थ सेक्टर के लिए नियामक बनाना चाहिए। इसी के साथ सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम लाना चाहिए। बजट में अनेक ख़ामियां रह गई हैं। जनसांख्यिकीय संकट पर कोई बात नहीं की गई है। आवासीय चिकित्सक, एंबुलेटरी यानी अस्पताल तथा बुजुर्गों की देखभाल को लेकर कोई बात नहीं है।



फाइल फोटो

# अहा बिरज में होली रे रसिया

*श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में होली का भव्य उत्सव शुरू हो चुका है। शनिवार को द्वारकाधीश मंदिर से इस उत्सव का शुभारंभ हुआ, जो पूरे मार्च तक चलेगा। ब्रज की होली पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और इसे देखने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु यहां आते हैं। ब्रज की होली केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे महीने तक मनाया जाता है।*

# द्वारकाधीश मंदिर से शुरुआत, 8 को होगी लट्ठमार होली

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में होली का भव्य उत्सव की शुरुआत हो चुकी है। शनिवार को द्वारकाधीश मंदिर से इस उत्सव का शुभारंभ हुआ, जो पूरे मार्च तक चलेगा। ब्रज की होली पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और इसे देखने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु यहां आते हैं। ब्रज की होली केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे महीने तक मनाया जाता है। बारसाना, नंदगांव और वृंदावन की होली अपने अनोखे अंदाज के लिए जानी जाती है। लट्ठमार होली से लेकर फूलों और टेसू के रंगों तक, हर जगह होली का अलग-अलग रंग देखने को मिलता है।

## ब्रज की होली का ऐतिहासिक महत्व

होली का पर्व वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक माना जाता है और ब्रज में इसे खास तौर पर श्रीकृष्ण-राधा की प्रेम लीला से जोड़ा जाता है। बरसाना की प्रसिद्ध लट्ठमार होली, जहां महिलाएं पुरुषों को लाठियों से मारती हैं, इस पर्व का मुख्य आकर्षण होती है।मथुरा-वृंदावन के अलावा गोकुल, नंदगांव और बलदेव में भी होली बेहद धूमधाम से मनाई जाती है। इस उत्सव में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक शामिल होते हैं।

### देश-विदेश से श्रद्धालुओं का जमावड़ा होगा

हर साल ब्रज की होली को देखने के लिए दुनियाभर से लाखों लोग मथुरा-वृंदावन आते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। प्रशासन ने भी सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।



फाइल फोटो

### 7 को फाग आमंत्रण उत्सव आयोजित

*नंदगांव में फाग आमंत्रण उत्सव 7 मार्च को आयोजित होगा, जिसमें होली खेलने के लिए सखियों को बुलाने की परंपरा निभाई जाती है। इसी दिन बरसाना के श्रीराधारानी मंदिर में लड्डू मार होली खेली जाएगी। 8 मार्च को बरसाना में प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली जाएगी, जहां महिलाएं पुरुषों पर लाठियों से प्रहार करेंगी और पुरुष इसे ढाल से बचाने का प्रयास करेंगे। इस वर्ष होली का मुख्य पर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा, लेकिन इससे पहले ही ब्रज के विभिन्न स्थानों पर होली का आनंद लिया जा सकता है।*

## खबर संक्षेप

### तुहिनकांत ने सेबी चेयरमैन का कार्यभार संभाला



**मुंबई।** तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के 11वें चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाल लिया। अब तक वित्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे एक नौकरशाह पांडेय को गुरुवार को सरकार ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का चेयरमैन नियुक्त किया। उन्होंने माधबी पुरी बुच की जगह ली।

### 4 डीएसपी, 25 पीओ सस्पेंड, परीक्षकों पर केस



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने 10वीं व 12 की परीक्षा के दौरान केंद्रों से प्रश्न-पत्र आउट होने व नकल होने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए सीएम नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के 25 पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। इनमें 4 डीएसपी और 3 एसएचओ शामिल हैं। इन सभी पर यह कार्रवाई ड्यूटी में लापरवाही बरते जाने पर की गई है।

### बंगाल में तृणमूल ने शुरू किया सत्यापन अभियान



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। नेताओं ने शनिवार को वोटर लिस्ट के सत्यापन यानी कि वेरिफिकेशन के लिए घर-घर जाकर कैंपेन शुरू किया। मेयर फिरहाद हकीम ने चेतला इलाके में खुद मतदाता सूची सत्यापन अभियान चलाया।

### तरनतारन में परिवार के 5 लोगों की मौत



**तरनतारन।** तरनतारन के पंडोरी गोला गांव में मकान की छत गिरने से परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मरने वालों में पति-पत्नी और उनके 3 बच्चे शामिल हैं। शुक्रवार रात जिस वक्त घर की छत गिरी, उस वक्त परिवार सो रहा था। मृतक के परिजनों ने मीडिया से कहा कि हादसा छत गिरने के कारण हुआ। जिसमें घर के 5 सदस्यों की मौत हो गई है।

### चलती बस के आगे गिरा एचटी तार, एक की मौत



**शिमला।** कालका-शिमला नेशनल हाईवे पांच पर परवाणू में पथ परिवहन निगम की चलती बस के आगे अर्थिंग वायर गिर गई। तार गिरने से अगले दोनों टायर फट गए। बस को रोककर जैसे ही ड्राइवर समेत एक अन्य व्यक्ति बाहर निकले तो अचानक उन्हें भी झटका लग गया। इसमें से एक तार की चपेट में आ गया। तार से झुलसने से व्यक्ति की मौत हो गई।

**बजट के दृष्टिकोण को कार्रवाई योग्य परिणामों में बदलना होगा**

## कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर पीएम मोदी ने वेबिनार को किया संबोधित

# दलहन का उत्पादन, कृषि क्षेत्र की वृद्धि, गांवों की समृद्धि को बढ़ाएं, हर किसान लाभान्वित हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





*नीतियों को प्रभावी तरीके से लागू करें*

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि' पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि यह तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। यह हमारी नीतियों में निरंतरता को दर्शाता है। विकसित भारत के विजन को एक नया विस्तार भी दिखता है। बजट से पहले आप सभी हितधारकों द्वारा दिए गए इनपुट और सुझाव, बजट तैयार करते समय बहुत उपयोगी रहे।

अब इस बजट को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने में, इसके परिणाम जल्द से जल्द प्राप्त करने में और सभी नीतियों को प्रभावी बनाने में, आपकी भूमिका और बढ़ गई है। इसका उद्देश्य इस वर्ष की बजट घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की रणनीति बनाने पर केंद्रित चर्चा के लिए प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाना है। कृषि विकास और ग्रामीण समृद्धि पर ज़ोर देते हुए कहा कि यह सत्र बजट के दृष्टिकोण को कार्रवाई योग्य परिणामों में बदलने के लिए सहयोग को बढ़ावा देगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे प्रयासों से देश में दालों का उत्पादन बढ़ा है।

### प्रत्येक किसान को आगे बढ़ाना होगा

वेबिनार में निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और विषय वस्तु विशेषज्ञों को शामिल किया ताकि प्रयासों को संरेखित किया जा सके और प्रभावी कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जा सके। पीएम ने कहा कि विकसित भारत की ओर बढ़ने का भारत का संकल्प बहुत स्पष्ट है, हम सब मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं जहां किसान समृद्ध और सशक्त हों। हमारा प्रयास है कि कोई भी किसान पीछे न छूटे। हर किसान को आगे बढ़ाना है। हमने कृषि को विकास का पहला इंजन मानकर अपने अन्नदाताओं को गौरवपूर्ण सम्मान दिया है। हम कृषि क्षेत्र के विकास और गांवों की समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं।

### उन्नत बीजों की आपूर्ति बनी रहे

पीएम मोदी ने कहा कि अभी भी हमारी घरेलू खपत का 20 फीसदी विदेशों से आयात पर निर्भर है, जिसका मतलब है कि हमें अपना दलहन उत्पादन बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि दलहन उत्पादन में तेजी लाने के लिए जरूरी है कि उन्नत बीजों की आपूर्ति बनी रहे और संकर किस्मों (दो अलग-अलग वंशों के बीच प्रजनन से बनी नई प्रजाति होती है। संकर किस्मों को हाइब्रिड भी कहा जाता है।) को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए आप सभी को जलवायु परिवर्तन, बाजार की अनिश्चितता और कीमतों में उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियों के समाधान पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

### संगीत महोत्सव को भव्य उत्सव बताया

पीएम मोदी ने नई दिल्ली में जहान-ए-खुसरो महोत्सव में अपनी भागीदारी के अनुभव साझा किए। यह महोत्सव सूफी संगीत और संस्कृति का एक भव्य उत्सव है जो इस साल अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। सुंदर नर्सरी में यह महोत्सव 2 मार्च को समाप्त होगा। पीएम मोदी ने कहा कि जहान-ए-खुसरो लोगों के दिलों में जगह बना रहा है। उन्होंने रमजान की शुभकामनाएं दीं। आगा खान के योगदान की सराहना की। अमीर खुसरो की विरासत की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को सभी बड़े देशों से महान बताया था।

### एनबीडब्ल्यूएल बैठक की करेंगे अध्यक्षता, फिर 'वनतारा' जाएंगे

**अहमदाबाद।** पीएम मोदी शनिवार से गुजरात के 3 दिनी दौरे पर रहेंगे। वे जूनागढ़ के सासन में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वे रविवार को जामनगर स्थित पशु देखभाल केंद्र वनतारा का भी दौरा करेंगे और अगले दिन जंगल सफारी का आनंद लेंगे। पीएम मोदी प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री सोमनाथ ट्रस्ट की एक बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे।

### एनएक्सटी कॉन्क्लेव में बोले

## आज भारत दुनिया में अपनी विशेष 'छाप' छोड़ रहा

*पीएम मोदी ने शनिवार को एनएक्सटी कॉन्क्लेव 2025 में भारत की बढ़ती वैश्विक पहचान और आयोजन क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में हर दिन नई उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। पीएम ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को जानना चाहती है। भारत हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और आर्थिक, सांस्कृतिक और तकनीकी रूप से दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि भारत दुनिया में सकारात्मक खबरों का केंद्र बन गया है। इस दौरान उन्होंने हाल ही में संपन्न महाकुंभ 2025 का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दुनिया इस भव्य आयोजन से आश्चर्यचकित है कि करोड़ों लोग एक साथ अस्थायी शहर में आकर पवित्र नदी में स्नान करते हैं। इस दौरान 66 करोड़ 21 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पीएम मोदी ने कहा कि यह आयोजन दुनिया को भारत की आयोजन क्षमता से परिचित कराता है।*

### अगला एआई समिट भारत में होगा

*पीएम मोदी ने भारत की वैश्विक भूमिका को भी उजागर किया। उन्होंने कहा किउन्हें फ्रांस में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) समिट में शामिल होने का अवसर मिला जहां भारत सह-आयोजक था। उन्होंने घोषणा की कि अब अगला एआई समिट भारत में आयोजित होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एआई और अन्य नई तकनीकों के माध्यम से करोड़ों लोगों का जीवन सुधार सकता है।*

### दिल्ली सरकार के मंत्री सिरसा बोले

# 1 अप्रैल से 15 साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल



- *दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सरकार ने बैठक में की चर्चा*
- *क्लाउड सीडिंग को लेकर भी जरूरी अनुमति लेगी दिल्ली सरकार*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को लेकर दिल्ली सरकार ने बड़ी घोषणा की है। सरकार ने ऐसे वाहनों को अब पेट्रोल पंप पर तेल नहीं देने की बात कही है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में 31 मार्च के बाद पेट्रोल पंपों पर 15 साल से पुराने वाहनों को फ्यूल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली में प्रदूषण पर नकेल कसने के लिए पहले ही 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर रोक लगी हुई है। अब सरकार ने एंटी स्मॉग गन लगवाने और क्लाउड सीडिंग पर भी अहम फैसला किया है।

### अनिवार्य होगा एंटी-स्मॉग गन

*सिरसा ने कहा कि दिल्ली में कुछ बड़े होटल हैं, कुछ बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स हैं, दिल्ली एयरपोर्ट है, बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट्स हैं। हम इन सबके लिए तुरंत एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं ताकि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। हम दिल्ली की सभी ऊंची इमारतों के लिए स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। हम दिल्ली के सभी होटलों के लिए स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं।*

### क्लाउड सीडिंग की अनुमति लेंगे

*सिरसा ने कहा कि इसी तरह हम सभी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लिए इसे अनिवार्य करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने आज फैसला किया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके।*

### पेट्रोलियम मंत्रालय को भी किया जाएगा सूचित

बैठक के बाद सिरसा ने कहा कि हम पेट्रोल पंपों पर ऐसे गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से अधिक पुराने वाहनों की पहचान करेंगे और उन्हें कोई ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस फैसले के बारे में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को सूचित करेगी। पुराने वाहनों के लिए ईंधन की आपूर्ति को प्रतिबंधित करने के अलावा, सिरसा ने घोषणा की कि राजधानी में सभी ऊंची इमारतों, होटलों और वाणिज्यिक परिसरों में वायु प्रदूषण के स्तर को रोकने के लिए एंटी-स्मॉग गन स्थापित की जानी चाहिए।

### स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने 'जन औषधि रथ' को दिखाई हरी झंडी

# किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं लोगों तक आसानी से पहुंचेंगी

- *विभिन्न इलाकों में घूमेगा रथ , लोगों को देगा स्वास्थ्य की जानकारी*
- *जन औषधि सप्ताह की शुरुआत के साथ ही बताया इसका उद्देश्य*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को 'जन औषधि रथ' को हरी झंडी दिखाकर 'जन औषधि सप्ताह' (1 मार्च से 7 मार्च) की शुरुआत की। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना का हिस्सा है। इसका उद्देश्य सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं लोगों तक पहुंचाना है।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी शामिल रहीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने बताया कि 'जन औषधि रथ' दिल्ली-एनसीआर में विभिन्न इलाकों में घूमेगा और लोगों को जन औषधि केंद्रों के लाभों के बारे में जानकारी देगा। यह जन औषधि केंद्र कम कीमतों पर जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराते हैं जिससे आम लोगों का इलाज किफायती हो सके।



### लोगों में जागरुकता बढ़ाई जाएगी: मंत्री अनुप्रिया

वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जन औषधि सप्ताह के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों में इसकी जागरुकता बढ़े। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दवाओं के दाम भी कम किए जा रहे हैं, जिससे लोगों का खर्च कम हो।

### 1 रुपए में सैनिटरी पैड उपलब्ध होंगे

मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हम 1 से 7 मार्च तक 'जन औषधि-जन चेतना' सप्ताह मना रहे हैं। इस दौरान कई कार्यक्रम होंगे ताकि लोग जन औषधि केंद्रों और सस्ती दवाओं के बारे में जान सकें। हम दवाओं के लिए सस्ते विकल्प दे रहे हैं ताकि लोगों की दवा पर होने वाली खर्च को कम किया जा सके। अनुप्रिया पटेल ने यह भी बताया कि महिलाओं को सिर्फ 1 रुपए में सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक महिलाएं इस सुविधा का लाभ उठाएंगी।

### भाजपा ने स्टालिन की बैठक के बहिष्कार का किया ऐलान

# मुख्यमंत्री स्टालिन ने परिसीमन व त्रि-भाषा विवाद पर बुलाई सर्वदलीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने 5 मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें लोकसभा परिसीमन और तीन-भाषा नीति पर चर्चा होगी। इस बैठक में 45 राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, भाजपा ने बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह निर्णय गहन विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। स्टालिन ने राज्य के लोगों से परिसीमन और तीन-भाषा नीति के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दावा कर रही है कि वह राज्य पर अपनी इच्छाएं नहीं थोप रही है, लेकिन उसकी कार्रवाई इसके विपरीत संकेत देती है।

### केंद्रीय मंत्री शाह ने आरोप खारिज किए



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्टालिन के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सहित किसी भी दक्षिणी राज्य में संसदीय सीटों की संख्या कम नहीं होगी। भाजपा ने कहा है कि हमने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर स्पष्ट किया है कि हम बैठक में भाग क्यों नहीं ले रहे हैं? पार्टी ने यह भी सवाल उठाया कि स्टालिन किस आधार पर यह दावा कर रहे हैं कि तमिलनाडु की लोकसभा सीटें घट सकती हैं? एआईएडीएमके ने घोषणा की है कि उसके दो प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होंगे और पार्टी का रुख स्पष्ट करेंगे। भाजपा की सहयोगी पार्टी पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) ने भी बैठक में भाग लेने की घोषणा की है। तमिलनाडु के कई राजनीतिक दलों को आशंका है परिसीमन प्रक्रिया से राज्य की लोकसभा सीटें कम हो सकती हैं।

# डॉ. मयंक शर्मा ने संभाला रक्षा लेखा महानियंत्रक का कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



डॉ. मयंक शर्मा ने शनिवार को रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) का कार्यभार संभाला। वह भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के वर्ष 1989 बैच के अधिकारी हैं। उनका सरकार में करीब तीन दशक से अधिक का विशिष्ट करियर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डॉ. शर्मा ने सरकार के रक्षा लेखा विभाग सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने कैबिनेट सचिवालय, संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय, संयुक्त राष्ट्र अपराध रोकथाम एवं आपराधिक न्याय आयोग तथा संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून आयोग में वैकल्पिक स्थायी प्रतिनिधि के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। मंत्रालय के मुताबिक, डॉ. मयंक शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक अकादमी और वियना की राजनयिक अकादमी में देश का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा भारतीय दूतावास प्रभाग के प्रमुख के रूप में वह सभी दूतावास मामलों के जिम्मेदार थे। यूएनओडीसी में उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल की जिम्मेदारी भी डॉ. शर्मा ने संभाली है।

### वैष्णव ने अहमदाबाद में हाई-स्पीड रेल परियोजना का किया निरीक्षण

# बुलेट ट्रेन का निरीक्षण कर प्रगति की सराहना की

- *श्रमिकों के बीच पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सेल्फी भी ली*
- *350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार, 360 किलोमीटर का काम करीब पूरा, 1100 टन से अधिक वजनी पुल, 508 किलोमीटर परियोजना की कुल दूरी*

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को अहमदाबाद में राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल परियोजना का निरीक्षण किया। रेल मंत्री ने एनएच 48 पर स्टील ब्रिज की स्थापना स्थल का भी दौरा किया, जो परियोजना का एक प्रमुख अवयव है।

इसके साथ ही अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना का निरीक्षण किया और कहा कि महाराष्ट्र खंड ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कार्य की प्रगति की सराहना भी की।



### इन स्टेशनों के बीच दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

*इसे मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के नाम से जाना जाता है. जिसकी दूरी 508 किलोमीटर है। इस परियोजना में गुजरात (352 किमी) और महाराष्ट्र (156 किमी) शामिल हैं, जिसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद/नडियाद, अहमदाबाद और साबरमती में कुल 12 स्टेशनों की योजना बनाई गई है।*

### 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

*वैष्णव ने कहा कि 360 किलोमीटर का काम करीब पूरा हो चुका है। जब 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलेगी, तो उसके चारों ओर प्रेशर का वातावरण तैयार होगा। स्टेशन पर जो दो लाइन बनेगी, तो ट्रेन की स्पीड को ध्यान में रखकर स्टेशन के रूफ को विशेष तरीके से डिजाइन किए जा रहे हैं। हर चीज का विशेष ध्यान रखा जा है। स्टेशन, ट्रैक, टनल में अच्छे और तेजी से काम चल रहे हैं। वैष्णव ने बताया कि बुलेट ट्रेन परियोजनाओं में कई जगहों पर किसी न किसी तरह का अनूठा निर्माण हो रहा है। यह पुल 1100 टन से अधिक वजन का है। इसके कई विशेष अवयव भारत में निर्मित हैं। यहां काम करने वाली टीम पुल निर्माण की विशेषज्ञ है। यह वही टीम है जिसने अंजी और चिनाब पुलों पर काम किया है।*

## हिमाचल में भारी बारिश और हिमपात के कारण कई जगह भूस्खलन

# कुल्लू में 112 सड़कें अवरुद्ध, बिजली, पानी दूरसंचार सेवाएं बाधित, जनजीवन प्रभावित

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश और हिमपात के कारण भूस्खलन और सड़कें अवरुद्ध होने से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कांगड़ा जिले के रोकारू (मुल्थान) में लगातार बारिश और बादल फटने से हुए भूस्खलन के कारण कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और 12 मकान खतरे में पड़ गए।

कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज ने बताया कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है और पुनर्निर्माण कार्य जारी है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पालमपुर में शिवा जलविद्युत परियोजना के निकट एक व्यक्ति लापता हो गया और उसकी तलाश के लिए अभियान शुरू किया गया है। भारी हिमपात के कारण चंबा में पांगी घाटी का संपर्क टूट गया है और बिजली तथा दूरसंचार सेवाएं बुरी तरह बाधित हुई हैं।

### 1646 'ट्रांसफार्मर' को चालू करने का काम जारी



टोहलू नाला में भूस्खलन के कारण कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया और पर्यटक फंस गए। कुल्लू में कुल 112 सड़कें बंद हैं और 1646 'ट्रांसफार्मर' को चालू करने का काम जारी है। कुल्लू के जिलाधिकारी तारुल रवेश ने बताया कि कुल 125 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हुई हैं। उन्होंने बताया कि कुल्लू-मनाली मार्ग भी बंद है और वाहनों को नग्गर की ओर भेजा जा रहा है, जबकि मणिकरण और मनाली में बिजली आपूर्ति अभी बहाल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को सड़कें साफ होने तक उनके स्थानों पर ही रहने की सलाह दी गई है। गांधीनगर नाला से सड़कों पर मलबे के बड़े-बड़े ढेर आने से लोग असुविधा का सामना कर रहे हैं और सड़कों को साफ करने का काम जारी है।



### जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी

जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी का दौरा जारी है। घाटी के कई इलाकों में शनिवार को भारी हिमपात हुआ जिसके कारण रेल, हवाई और सड़क मार्ग प्रभावित हुए। सड़कों से लेकर मैदानी इलाकों में कई इंच तक बर्फ जमा हो गई। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन और मिट्टी धंसने व पत्थर गिरने से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। गुलमर्ग, सोनमर्ग, डोडा में शनिवार को भारी बर्फबारी हुई है। रामबान में भूस्खलन से सड़क मार्ग प्रभावित हुआ है।

### बर्फ में फंसी जिंदगियां, उम्मीद बने हिमवीर

**चमोली।** उत्तराखंड में शुक्रवार को भारत-चीन (तिब्बत) सीमा क्षेत्र में माणा कैंप के पास भारी हिमस्खलन में फंसे मजदूरों की तलाश के लिए बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। आठ फीट बर्फ और लगातार होती भारी बर्फबारी, तापमान माइनस जैसी विषम परिस्थितियों में अपनी जान की परवाह किए बिना सेना और आईटीबीपी के जवान हिमस्खलन में दबे मजदूरों को बचाने के लिए हर प्रयास कर कर रहे हैं। उनका यही जज्बा उन्हें हिमवीर बनाता है।



सेना और आईटीबीपी के जवान श्रमिकों की कर रहे तलाश



घायलों को स्ट्रेचल पर ले जाते जवान

#### जोशीमठ में स्थापित होगा आपदा कंट्रोल रूम

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने माणा में हिमस्खलन की घटना का राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जोशीमठ में भी आपदा कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए।

## खबर संक्षेप

### 14वें बच्चे के पिता बने अरबपति एलन मस्क

**वॉशिंगटन।** मशहूर अरबपति कारोबारी एलन मस्क 14वीं बार पिता बने हैं। मस्क की कंपनी न्यूरालिंक से



जुड़ीं शिवोन जिलिस ने मस्क के साथ अपने चौथे बच्चे की जानकारी दी है। शिवोन जिलिस ने एक पोस्ट में लिखा कि एलन से बात करने के बाद और अपनी बेटी आर्केडिया के जन्मदिन के मौके पर, मुझे लगता है कि अपने बेटे शेल्डन लिकरगस के बारे में बताना सही होगा।

### माइक्रोसॉफ्ट मई में स्काइप करेगा बंद

**न्यूयॉर्क।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट 'वीडियो कॉलिंग' सेवा 'स्काइप' को बंद कर



रहा है। उसने इस सेवा को उसने 2011 में 8.5 अरब डॉलर में खरीदा था। कंपनी ने कहा कि वह मई में स्काइप को बंद कर देगी और अपनी कुछ सेवाओं को अपने प्रमुख वीडियोकांफ्रेंस और टीम एप्लीकेशन प्लेटफॉर्म 'माइक्रोसॉफ्ट टीम्स' पर स्थानांतरित कर देगी।

### तुर्किए में 40 साल से चल रही लड़ाई थमी

**अंकारा।** तुर्किए में बीते 40 वर्षों से जारी लड़ाई अब थम गई है। तुर्किए के सबसे बड़े उग्रवादी संगठन



कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) ने शनिवार को युद्धविराम का एलान कर दिया। इसे राष्ट्रपति रजब तैयप एर्दोआन की सरकार के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पीकेके नेता अब्दुल्ला ओकलान ने समूह के लड़ाकों से हथियार डालने और समूह को खत्म करने की अपील की थी।

### अमृतसर एयरपोर्ट पर 8 करोड़ का गांजा पकड़ा

**अमृतसर।** अमृतसर में श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने एक बड़ी



कार्रवाई करते हुए एक यात्री को 8.17 करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पकड़ा गया आरोपी मलेशिया से भारत लौटा था।

### बीएसएफ ने बांग्लादेशी तस्कर को मार गिराया

**अगरतला।** त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बांग्लादेशी



तस्कर को उस समय मार गिराया, जब अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर से तस्करों के एक समूह ने बल के जवानों पर हमला किया। बीएसएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ ने कहा कि तस्करों के हमले में उसका एक जवान भी घायल हो गया।

## ब्रिटेन पहुंचते ही जेलेंस्की के बदले सुर

# बोले- ट्रंप का समर्थन बेहद जरूरी यूएस के बिना युद्ध रोकना असंभव



एजेंसी ▶▶ लंदन

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिकी यात्रा के बाद शनिवार को ब्रिटेन पहुंचे। यहां वह यूरोपीय देशों के प्रमुखों से मुलाकात करने वाले हैं। राष्ट्रपति ट्रंप से हुई तीखी बहस के बाद अब जेलेंस्की ने एक नया ट्वीट किया है। जिसमें उनके सुर बदले नजर आ रहे हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा कि हम सभी तरह के समर्थन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के बहुत आभारी हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों के द्विदलीय समर्थन के लिए भी उनका आभारी हूं। यूक्रेन के लोगों ने हमेशा इस समर्थन की सराहना की है, खासकर इन तीन वर्षों के आक्रमण के दौरान। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका की मदद हमारे अस्तित्व को बचाने में महत्वपूर्ण रही है और मैं इसे स्वीकार करना चाहता हूं। कठिन वार्ता के बावजूद, हम रणनीतिक साझेदार बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ हमारा रिश्ता सिर्फ दो नेताओं से कहीं बढ़कर है।

### रूसी मीडिया बोला- रिएलिटी शो जैसा तमाशा

रूस की एचएसई यूनिवर्सिटी की अंतरराष्ट्रीय मामलों की जानकार अनस्तासिया लिखशेवा ने कहा कि दुनिया ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में लंबे समय से ऐसा कुछ नहीं देखा, सिवाय रिएलिटी टीवी शो के। यह बिल्कुल पुराने टीवी शो- द अप्रेंटिस की याद दिलाता है। रूस की वेबसाइट रशिया टुडे ने कहा कि तीन साल तक युद्ध के दौरान पश्चिमी देशों में किसी ने भी यूक्रेन के प्रतिनिधि के खिलाफ बयान नहीं दिया, बल्कि खुद जेलेंस्की और उनके साथियों को कुछ भी बोलने की आजादी थी। यह सब सिर्फ इसलिए किया गया, क्योंकि पश्चिम उन्हें पीड़ित मानता था और इसीलिए उन्हें अधिकार थे। लेकिन इसी चीज ने उन पर भद्दा मजाक किया। स्पूतनिक, तास और रिया नोवोस्ती ने अपने एक्स हैंडल पर ट्रंप-जेलेंस्की की बैठक पर जबरदस्त तंज कसे।

### यूक्रेनी राजदूत ने सिर पीट लिया

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में शुक्रवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई तीखी बहस की खबरें दुनियाभर में छाई हुई हैं। इस बीच एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि जब ओवल ऑफिस में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस हो रही थी तो उस वक्त ओवल ऑफिस में मौजूद अमेरिका में यूक्रेन की राजदूत अपने सिर पर हाथ रखें निराशा में डूबी नजर आ रही हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखी जा रही है।



## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

# सभी सड़कों पर लोगों की आवाजाही करें सुनिश्चित, नशे के नेटवर्क को करें ध्वस्त

*अमित शाह ने कहा कि केंद्र राज्य में स्थायी शांति बहाल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह इस प्रकार की पहली बैठक थी*

*अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने का काम जल्द पूरा करें*

*बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली में मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, जिसमें सूबे में सामान्य स्थिति बहाल करने और कई समूहों द्वारा रखे गए अवैध और लूटे गए हथियारों को आत्मसमर्पण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। केंद्रीय मंत्री शाह ने शनिवार को सुरक्षा बलों को 8 मार्च से मणिपुर में सभी मार्गों पर लोगों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि केंद्र राज्य में स्थायी शांति बहाल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह इस प्रकार की पहली बैठक थी।

बैठक में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, उप सेना प्रमुख और सेना की पूर्वी कमान के कमांडर शामिल थे। मणिपुर में हिंसा तब शुरू हुई जब मई 2023 में मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' का आयोजन किया गया। मेइती और आसपास की पहाड़ियों पर बसे कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं।

### जबरन उगाही मामलों में सख्त कार्रवाई करें





गृह मंत्री अमित शाह ने निर्देश दिया कि 8 मार्च, 2025 से मणिपुर के सभी रास्तों पर जनता की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाए, रास्ते में अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जबरन उगाही के सभी मामलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखी जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मणिपुर से लगने वाले अंतरराष्ट्रीय सीमा पर आवाजाही के लिए चिन्हित किए गए प्रवेश स्थानों के दोनों तरफ बाड़ लगाने के काम को जल्द पूरा किया जाए। इसके साथ ही, मणिपुर को नशामुक्त बनाने के लिए नशे के व्यापार में लिप्त पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए।

### राज्यपाल ने बढ़ाई हथियार लौटाने की समय सीमा

*राज्यपाल ने शुक्रवार को लूटे गए और अवैध हथियारों को जमा करने की समयसीमा को 6 मार्च शाम 4 बजे तक बढ़ा दी, क्योंकि पहाड़ी और घाटी दोनों क्षेत्रों के लोगों ने अतिरिक्त समय की मांग की थी। करीब 22 महीने पहले शुरू हुई जातीय हिंसा के शुरुआती चरण के दौरान मणिपुर में कई जगहों पर पुलिस से कई हजार हथियार लूटे गए थे। तीन जनवरी को राज्यपाल का पदभार संभालने के बाद से भल्ला विभिन्न वर्गों के लोगों से मिल रहे हैं और उनसे राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने के बारे में प्रतिक्रिया ले रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने मणिपुर में कई बैठकों की अध्यक्षता भी की, जहां राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की गई और सुरक्षा बलों को आवश्यक निर्देश दिए गए।*

### 13 फरवरी से सूबे में राष्ट्रपति शासन

मणिपुर में 13 फरवरी को एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। राज्य विधानसभा का कार्यकाल निलंबित कर दिया गया है, जो 2027 तक है। राज्यपाल द्वारा 20 फरवरी को अवैध और लूटे गए हथियार रखने वाले सभी लोगों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दिए जाने के बाद सुरक्षा समीक्षा की गई। सात दिनों के वक्त के दौरान, मुख्य रूप से घाटी के जिलों में 300 से ज्यादा हथियार जनता द्वारा लौटाए गए। इनमें मैतेई कट्टरपंथी समूह अरम्बाई टेंगोल द्वारा आत्मसमर्पण किए गए 246 आग्नेयास्त्र शामिल हैं।

## बंगाल के जादवपुर यूनिवर्सिटी में वामपंथी छात्रों का बवाल

# शिक्षा मंत्री बसु को बंधक बनाया महिला प्रोफेसर की साड़ी फाड़ी

एजेंसी ▶▶ जादवपुर

पश्चिम बंगाल की जादवपुर यूनिवर्सिटी में शनिवार को जमकर बवाल हुआ है। वामपंथी छात्रों ने यूनिवर्सिटी में पहुंचे बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के सामने पहले हंगामा किया, फिर उन्हें बंधक बना लिया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थक छात्र भड़के तो मामला हिंसक हो गया। वामपंथी छात्रों ने अपने कब्जे से निकल रहे शिक्षा मंत्री और अन्य गाड़ियों पर पथराव कर दिया। इस पथराव में शिक्षा मंत्री घायल हो गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा है। वामपंथी छात्रों पर टीएमसी समर्थक महिला प्रोफेसर के साथ भी मारपीट करने और उनकी साड़ी फाड़ने का आरोप भी लगा है। इस हिंसा में एक छात्र का सिर फूटने से उसके भी घायल होने की खबर है। मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया है और हालात को काबू में करने की कोशिश की।



### छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की

जादवपुर यूनिवर्सिटी को भी वामपंथ के प्रभाव के कारण पश्चिम बंगाल का जेएनयू कहा जाता है। शिक्षा मंत्री जब वेबकूपा की बैठक में भाषण दे रहे थे। इसी दौरान वहां वामपंथी छात्र पहुंच गए और छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की मांग शुरू कर दी। इस पर वहां माहौल भड़क गया। वामपंथी छात्रों ने कार्यक्रम स्थल पर तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिसमें कई प्रोफेसरों को कुर्सियों से धक्का दिया गया और कारों के टायरों की हवा निकाल दी गई। छात्रों ने 'चोर-चोर' और 'वापस जाओ' के नारे लगाए।

## दक्षिणी चीन में नदी में हादसा

# पोत और नौका की टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत





एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन के दक्षिणी हिस्से में एक नदी में तेल रिसाव को साफ करने वाले एक पोत ने एक छोटी नौका को टक्कर मार दी। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हो गए। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार रात इस हादसे के बारे में जानकारी साझा की। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि मंगलवार की सुबह हुनान प्रांत में युआनशुई नदी में हुई दुर्घटना के दौरान 19 लोग पानी में गिर गए। गनीमत रही कि तीन को तत्काल ही बचा लिया गया। दुर्घटना उस स्थान पर हुई, जहां नदी औसतन 60 मीटर (200 फुट) से अधिक गहरी और 500 मीटर (1,600 फुट) चौड़ी है। तलाश एवं बचाव अभियान जारी है।

दुर्घटना में बचे एक व्यक्ति के रिश्तेदार ने बताया कि नौका ही उनके गांव में आने-जाने का मुख्य साधन है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में तेल रिसाव को साफ करने वाला एक बड़ा पोत शांत पानी में नौका को पीछे से टक्कर मारता दिखाई दे रहा है।

## तीनों सशस्त्र सेनाओं ने प्रदर्शित की अपनी मारक क्षमता



# जोधपुर एयरबेस पर संपन्न हुआ 'डेजर्ट हंट-2025' युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीमाओं पर बने हुए चुनौतीपूर्ण सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित तीनों सशस्त्र सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास 'डेजर्ट हंट-2025' राजस्थान के जोधपुर एयरबेस पर सफलता के साथ संपन्न हो गया है। इसमें सेना के विशिष्ट पैरा बल (पैरा-एसएफ), नौसेना के मरीन कमांडो और वायुसेना के गरुड़ कमांडो ने एक साथ भाग लिया।

यह युद्धाभ्यास पांच दिवसीय था। जिसकी शुरुआत बीते 24 फरवरी को हुई और इसका समापन 28 फरवरी को हुआ। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि डेजर्ट हंट युद्धाभ्यास के जरिए तीनों सशस्त्र सेनाओं ने युद्ध के कृत्रिम वातावरण में एकजुटता से न केवल अपनी युद्धक क्षमता का प्रदर्शन किया। बल्कि एक-दूसरे के अच्छे अनुभवों का आदान-प्रदान भी किया।

### पाक सीमा के करीब हुआ युद्धाभ्यास

बता दें कि डेजर्ट हंट युद्धाभ्यास राजस्थान में भारत की पाकिस्तान से लगी हुई सीमा के करीब स्थित वायुसेना के एक अग्रणी जोधपुर एयरबेस पर किया गया था। दोनों देशों के बीच बीते दिनों जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अचानक हुई गोलीबारी की घटनाओं की वजह से कुछ तनाव पनपा था। जिसे स्थानीय सैन्य कमांडरों ने बातचीत के माध्यम से हल कर लिया है।

### सेनाओं के बीच अंतर-संचालन बढ़ाना उद्देश्य

मंत्रालय ने कहा कि डेजर्ट हंट युद्धाभ्यास का उद्देश्य उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए तीनों सेनाओं की विशेष बल इकाइयों के बीच अंतर-संचालन, समन्वय और सामंजस्य को बढ़ाना था। अभ्यास में हवाई संचालन, सटीक हमले, बंधक बचाव, आतंकवाद विरोधी अभियान, युद्ध मुक्त पतन और शहरी युद्ध जैसे विषय पर खासतौर पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## अमेरिकी भौतिक विज्ञानी ब्रायन को ग्रीन हाइड्रोन बस की कराई सवारी, कहा

# 'हाइड्रोजन ईंधन' अदभुत संभावनाओं में से एक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अमेरिकी भौतिक विज्ञानी और कोलंबिया विश्वविद्यालय में गणित एवं भौतिकी के प्रोफेसर ब्रायन ग्रीन के लिए ग्रीन हाइड्रोजन बस यात्रा का आयोजन किया। इससे प्रभावित होकर ब्रायन ग्रीन ने कहा कि इस अत्याधुनिक तकनीक को व्यवहार में लाना अद्भुत है। हमें पारंपरिक जीवाश्म ईंधन से दूर रहने की जरूरत है। हाइड्रोजन ईंधन अद्भुत संभावनाओं में से एक है, और यह देखना बहुत अच्छा है कि भारत इस तकनीक में अग्रणी बनने का प्रयास कर रहा है। कोई नहीं जानता कि भविष्य क्या होने वाला है। इसके लिए, आपको अच्छी तरह से प्रशिक्षित, ऊर्जावान वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों की आबादी की जरूरत है और यही भारत में हो रहा है। हरित ऊर्जा को हमारी बातचीत और नीति-निर्माण में सबसे आगे होना चाहिए।

*हरित ऊर्जा को बातचीत और नीति-निर्माण में आगे होना चाहिए*

*भारत में प्रशिक्षित वैज्ञानिक अच्छा काम कर रहे*



### भारत लक्ष्य पर चल कर इस तकनीक को आगे बढ़ा रहा

कियर्नी एडवांस्ड मोबिलिटी इंस्टीट्यूट के वैश्विक प्रमुख क्रिश्चियन गैसपारिक ने कहा कि अक्षय ऊर्जा अब दुनिया के लगभग सभी देशों का लक्ष्य बन गई है। कई देश ग्रीन हाइड्रोजन की उपलब्धता पर काम कर रहे हैं, और इसे हासिल करने के लिए ईंधन भरने के बुनियादी ढांचे की जरूरत थी, इसलिए यह बहुत अच्छी बात है कि भारत इस लक्ष्य पर चल रहा है और इस तकनीक को आगे बढ़ा रहा है। परिवहन ग्रीनहाउस उत्सर्जन के प्रमुख कारणों में से एक है, और इसे रोकने के लिए जो कुछ भी किया जा सकता है वह महत्वपूर्ण है।

### पीएम मोदी का नेतृत्व महत्वपूर्ण

एमआईटी स्लोन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में मार्टिन ट्रस्ट सेंटर फॉर एमआईटी एंटरप्रेन्योरशिप में वरिष्ठ व्याख्याता जोनाथन फ्लेमिंग ने कहा कि यह बस एक भौतिक अभिव्यक्ति है और भविष्य की हरित ऊर्जा क्रांति का एक तरीका है। हम सभी कारों की जगह ऐसी बसों में यात्रा कर व्यक्तिगत स्तर पर इसमें योगदान दे सकते हैं। पीएम मोदी का नेतृत्व महत्वपूर्ण और अद्भुत है। संयुक्त राज्य अमेरिका का इस पर असंगत दृष्टिकोण रहा है, इसे समझने के लिए ज्यादातर निजी क्षेत्र पर छोड़ दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### पंचकोटी हनुमान मंदिर में रामकथा शुरू

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के पंचकोटी हनुमान मंदिर रामराज्य चौराहा पर आयोजित संगीतमय रामकथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथाव्यास चैतन्य कृष्ण त्रिपाठी महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा का श्रवण कराया जा रहा है। शनिवार को कथा श्रवण कराते हुए उन्होंने कहा जीवन के महत्वपूर्ण सिद्धांतों और धर्म के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने माता सती और मां पार्वती के उदाहरणों से वैवाहिक जीवन में विश्वास की महत्ता को समझाया।

### बैंक के कर्ज से परेशान होकर की आत्महत्या

**मंडीदीप।** वार्ड 15 निवासी एक युवक ने बैंक रिकवरी वालों से प्रताड़ित होकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सतलापुर थाने की जानकारी अनुसार सतलापुर निवासी अशोक केवट ने शनिवार को अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार उसने बैंक से कर्ज लिया था। बैंक द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर उन्होंने फांसी लगा ली। सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने बताया कि शव फंदे से उतर कर पोस्टमार्टम कराया और मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जांच में सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### व्यापारी महासंघ ने पटेल का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागसंज।** व्यापारी महासंघ ने सह सचिव राजू पटेल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। अध्यक्ष जगदीश चांदनी, उपाध्यक्ष कैलाश नागर, सचिव प्रदीप अरोरा, देवेंद्र सिंह राजू, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, अशोक जायसवाल, संतोष गुप्ता, दिनेश सेन, रतन मेघानी, सिद्धार्थ मित्तल, विवेक मित्तल, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, गिरीश चावला, अमित राय आदि ने जन्मदिन की बधाई दी।

### गर्मी की आहट के साथ पगड़ी रस्म का बदला समय

**संतनगर।** गर्मी का मौसम आते ही पूज्य सिंधी पंचायत में पगड़ी रस्म के टाइम में परिवर्तन किया है। पहले पगड़ी रस्म का समय शाम 5 बजे से था वो अब शनिवार से साढ़े 5 बजे शाम को हो गया है। पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी ने बताया के सर्दी के मौसम में शाम की पगड़ी रस्म आधा घंटा पहले आयोजित की जाती है, लेकिन अब गर्मी के समय में इसमें कुछ परिवर्तन किया गया है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता गौर का सदस्यों को सुझाव

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा के



वरिष्ठ नेता व व्यापारी रमेश गौर ने कहा कि विधायक सुरेंद्र पटवा सज्जन और मिलनसार हैं उनके सक्रियता से भोजपुर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। वे भोजपुर क्षेत्र के लोगों के जननेता है। तभी तो वे विस चुनाव में चालीस हजार वोटों से जीते थे। मगर अगले 2028 के चुनाव में सत्तर से अस्सी हजार मतों से जीतेंगे। पटवा क्षेत्र के सभी नागरिकों से सबसे मिलते हैं और उनकी समस्याओं को सुन कर उसका निराकरण भी करते हैं। गौर ने स्थानीय नेताओं को सुझाव दिया है कि पटवा से सीखो और उनके अनुसार ही काम करो।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 690 | 53 | 120 |
| रात: | 247 | 31 | 489 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 457 | 60 | 118 |
| रात: | 889 | 59 | 199 |

---

पिता ने बेटे के ससुराल पक्ष पर लगाए जहर देकर मारने के आरोप

# नाराज पत्नी को लेने ससुराल पहुंचे पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र के कजलीखेड़ा में एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह नाराज पत्नी को मनाने और साथ ले जाने के लिए ससुराल पहुंचा था। इसके बाद ससुराल पक्ष की ओर से मृतक के पिता को मोबाइल पर बताया गया कि उसने जहर खा लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गणेश नगर मिसरोद निवासी राहुल देशवाली पिता विनोद देशवाली (30) प्राइवेट काम करता था। साल 2021 में उसकी शादी कजलीखेड़ा में रहने वाली सुषमा से हुई थी। करीब पांच माह पूर्व उनके यहां बेटे वीरांश का जन्म हुआ था। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच मामूली अनबन होती रहती थी। आपसी पारवारिक नोंक-झोंक के चलते सुषमा बीते तीन माह से पांच माह के बेटे के साथ मायके आकर रह रही थी। इस बीच राहुल ने कई बार पत्नी को मनाकर घर लाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं आई। पिता विनोद ने बताया कि उनका बेटा, बहू को लेने उसके घर जाता था, लेकिन ससुराल वाले मारपीट कर उनके बेटे को भगा देते थे। विगत 28 फरवरी को भी राहुल अपनी पत्नी को लेने कजलीखेड़ा पहुंचा था। शाम को ससुरालवालों ने पिता को सूचना दी कि राहुल की तबियत खराब हो गई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पिता और अन्य परिजन जब जेपी अस्पताल पहुंचे, तब तक उनके बेटे राहुल की मौत हो चुकी थी। डॉक्टर ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने से मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।



**बहू को उसका जीजाजी ले गया था...**

पिता विनोद देशवाली ने आरोप लगाया है कि उनका बेटा बहू को लेने मायके गया था। वहां मारपीट कर ससुराल पक्ष ने उनके बेटे को जहर दे दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। उनके बेटे की हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि करीब तीन माह पूर्व बहू का जीजा घर आया था और बिना कोई कारण बताए बहू को अपने साथ ले गया था। उसके बाद से बहू घर नहीं आई है।

# किंडर गार्टन सेरेमनी में बच्चों ने दी मनमोहक रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर




विद्यासागर पब्लिक स्कूल में शनिवार को हर्षोल्लास से किंडरगार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर नन्हें बच्चों ने अपनी शिक्षा के पहले पड़ाव को सफलतापूर्वक पूरा करने की खुशी मनाई। समारोह का शुभारंभ शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष संत सिद्ध भाऊजी द्वारा मां सरस्वती, मां भारती एवं परमहंस संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर हुआ।

इस दौरान संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी, विद्यासागर पब्लिक स्कूल के निदेशक भगवान दामानी, मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय बहादुर, नवनिध हासोमल लखानी, पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अमृता मोटवानी एवं विद्यासागर स्कूल की प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी विशेष रूप से उपस्थित थीं। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य और भाषण भी शामिल थे। उनकी मासूमियत और आत्मविश्वास ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया।

---

कॉल सेंटर की जांच में एएसआई करता रहा लापरवाही

# फर्जी कॉल सेंटर पर अब हुई एफआईआर फरियादी को महाराष्ट्र से भोपाल बुलाया

◆ टीआई को पता होने पर भी नहीं पहुंचे कॉल सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग स्थित प्रभात चौराहा पर साइबर ठगी के लिए संचालित किए जा रहे फर्जी कॉल सेंटर पर ऐशबाग पुलिस की मेहरबानी का अंदाजा इस तरह लगाया जा सकता है कि एएसआई पवन रघुवंशी कॉल सेंटर पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करता रहा और थाना प्रभारी ने एक बार भी कॉल सेंटर पहुंचकर जांच नहीं की। जब फर्जी कॉल सेंटर की कहानी मीडिया तक पहुंची तो थाना प्रभारी ने मीडियाकर्मियों से बात करनी बंद कर दी।

इसके विपरीत एएसआई पवन रघुवंशी कॉल सेंटर की जांच का हवाला देते रहे। वह सिर्फ यही कहते हुए नजर आए कि कॉल सेंटर में काम नहीं करने वाली युवती ने सेलरी नहीं मिलने की शिकायत की है। अभी जांच चल रही है। वहां फिलहाल कुछ भी फर्जीवाड़ा अभी तक नहीं मिला है। अब मामले की तूल पकड़ने के बाद ऐशबाग पुलिस ने महाराष्ट्र में रहने वाले फरियादी अमित विश्वास को भोपाल बुलाया और उनकी शिकायत पर अफजल सहित शाहिबा पर छापे के सात दिन बाद एफआईआर दर्ज की। पुलिस की जांच में सामने आया कि अफजल अपने कॉल सेंटर में काम करने वाले टेलीकॉलर को ठगी की स्क्रिप्ट लिखकर उन्हें कंप्यूटर में देता था। उसी के जरिए टेलीकॉलर लोगों को अपने जाल में फंसाकर ठगी करते थे। पुलिस ने सेंटर से 87 कम्प्यूटर, पेटीएम मशीन, फोन, मिस जब्त किए हैं। इनकी पुलिस साइबर सेल से जांच करा रही है। जिससे कि ठगी की रकम का खुलासा हो सके।

**ऑनलाइन ट्रेडिंग का सुझाव देकर साढ़े पांच हजार ठगे**

महाराष्ट्र निवासी अमित विश्वास ने बताया कि उनके पास अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल पर एक युवती ने बताया कि वह आईडियालॉजी एडवांस स्टॉक कंपनी से बोल रही है। कंपनी ऑनलाइन ट्रेडिंग का सुझाव देती है। उसने उन्हें ट्रेडिंग के मुनाफे बताए। अमित युवती के प्रलोभन में आ गए। उन्होंने साढ़े 5 हजार रुपए कंपनी की मेंबर फीस के नाम पर जमा कर दिए। दो ट्रेडिंग में उनको प्रॉफिट मिला। लाभ देखकर उन्होंने 40860 रुपए निवेश कर दिया। इसके बाद उन्हें प्रॉफिट नहीं मिला। आरोपी उनसे अलग-अलग टैक्स बताकर और पैसे मांगने लगे। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ।

**शाजापुर में खुलवाए थे पचास खाते**

अफजल ठगी में हाथ लगी रकम जमा करने के लिए खुद ही बैंक अकाउंट खुलवाता था। उसने शाजापुर के एक एयू स्माल बैंक से करीब 50 खाते खुलवाए थे। खाता खुलवाने में उसने कॉल सेंटर में काम करने वाले कर्मचारियों के दस्तावेज जमा कर दिए। इन्हीं बैंक खातों में ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन होता था। पुलिस की जांच में आया कि महाराष्ट्र के निवासी अमित विश्वास से ठगी की रकम अफजल के खाते में आई थी। इसी के चलते पुलिस ने उसे आरोपी बनाया है।

### बाइक सवार ने न्यूज एजेंसी के सीनियर प्रोड्यूसर का मोबाइल झपटा

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अरेरा कॉलोनी में बाइक सवार बदमाश न्यूज एजेंसी के सीनियर प्रोड्यूसर का मोबाइल झपटकर भाग निकले। घटना 27 फरवरी की रात करीब 10 बजे की है। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। हबीबगंज पुलिस के अनुसार रुचि लाइफ स्कैप जाटखेड़ी निवासी हितेश शर्मा (33) एक न्यूज एजेंसी में सीनियर प्रोड्यूसर हैं। विगत 27 फरवरी की रात करीब सवा 10 बजे वह अरेरा कॉलोनी स्थित अपने ऑफिस से सांची कार्नर तक गए और फिर मोबाइल पर बात करते हुए लौट रहे थे। उसी समय नेशनल अस्पताल की ओर से आ रही बाइक पर सवार तीन लडकों में से पीछे बैठे लडके ने झपट्टा मारकर हितेश शर्मा का मोबाइल छीन लिया और नर्मदा अस्पताल की ओर भाग निकले। फरियादी ने दौड़कर पीछा करना चाहा, लेकिन तब तक बाइकसवार बदमाश गली के रास्ते भाग निकले। इसके बाद फरियादी ने थाने जाकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कराया।

---

एक्टिवा की डिग्गी में रखी थी 55 हजार की नगदी, प्रकरण दर्ज

# 12 नंबर मल्टी के पास चलते स्कूटर को लात मारकर गिराया, फिर लेकर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित 12 नंबर मल्टी के पास चलते एक्टिवा को लात मारकर गिराने और एक्टिवा लूटकर ले जाने का मामला सामने आया है। उक्त मामला गत 26 फरवरी की सुबह करीब पौने 11 बजे के आसपास का है। घटना की शिकायत फरियादी ने तत्काल थाने पहुंचकर की थी, लेकिन पुलिस को मामला संदिग्ध लगने के कारण पुलिस ने देरी से एफआईआर की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अज्ञात आरोपियों पर लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

**पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया**

दिनदहाड़े लूटपाट की शिकायत लेकर थाने पहुंचे लोकेंद्र गोडिया ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने उससे पूछताछ की, लेकिन पुलिस के गले उसकी बातें उतर नहीं रही थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद लूट का प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की जल्द होगी गिरफ्तारी।

थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि लोकेंद्र गोडिया (38) शाहपुरा में रहता है। वह संगीता कुशवाह के पास काम करता है। संगीता कुशवाह ने बारह नंबर मल्टी में किसी को 55 हजार रुपए दे रखे थे। उक्त रुपए लेने के लिए लोकेंद्र गोडिया 26 फरवरी की सुबह 12 नंबर मल्टी पहुंचा। 55 हजार रुपए लेकर उसने एक्टिवा की डिग्गी में रख दिए और निकल गया। 12 नंबर मल्टी से कुछ दूरी पर पहुंचते ही सड़क पर दो युवकों ने उसे रुकने का इशारा किया। लोकेंद्र ने एक्टिवा रोकी नहीं, लेकिन रफ्तार कम कर ली थी। रफ्तार कम होने पर युवकों ने उसकी एक्टिवा को लात मारकर गिरा दिया। एक्टिवा गिरते ही आरोपी उसकी एक्टिवा लेकर भाग निकले।

आबकारी विभाग ने 16 लोगों पर दर्ज किए केस, किराना दुकान में बेच रहा था शराब

# ढाबों में चल रहे मयखाने, दो लाख रुपए की देशी-विदेशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



एक अप्रैल से शराब के नए ठेके होने है, इससे पहले ही कई शराब दुकानों में शराब के दाम कम कर दिए गए हैं। इसको लेकर आबकारी अमले ने अवैध शराब की तस्करी करने वालों की सर्चिंग शुरू कर दी है।

शनिवार को आबकारी अमले ने सूखी सेवनिया और बैरागढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेचने वाले चौकसे ढाबा, संस्कृति ढाबा,न्यू विक्की ढाबा, कोहिनूर ढाबा लांबाखेड़ा, सूखी सेवनिया में आरोपी राज पाल यादव के यहां कार्रवाई की। राजपाल किराना दुकान से शराब की तस्करी कर रहा था, जबकि ढाबों पर मयखानों की तरह शराब परोसी जा रही थी। आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल का कहना है कि कार्रवाई के दौरान अलग-अलग टीमों ने 16 केस दर्ज कर 48 बीयर, 3 पेटी देसी शराब और डेढ़ पेटी विदेशी शराब जब्त की है।

---

# न्यायाधीशों का पांच दिवसीय मध्यस्थता प्रशिक्षण शुरू

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

मध्यस्थता से विवाद को कैसे समाप्त किया जाए, उसके लिए प्रशिक्षित मध्यस्थ होना आवश्यक है। विवाद रहित समाज की परिकल्पना में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक हैं। हमें आशा है कि आप सभी न्यायाधीशों का मध्यस्थता प्रशिक्षण प्राप्त कर विवाद रहित समाज की परिकल्पना को साकार करने में अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे। उक्त उद्गार प्रदीप मित्तल सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजधानी की एक होटल में न्यायाधीशगण के पांच दिवसीय मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 मार्च से 5 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के छोटे से छोटे एवं बड़े से बड़े विवादों को सकारात्मकता के साथ मध्यस्थता कराकर निपटाया जा सकता है। गिरिबाला सिंह मध्यस्थ सीनियर मास्टर ट्रेनर ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किया कि मध्यस्थता ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे छोटे से छोटे विवाद को प्रारंभिक स्तर पर प्रयास कर निपटाया जा सकता है, नहीं तो ऐसे छोटे विवाद भी आगे चलकर आपराधिक प्रकरण में तब्दील हो जाते हैं।

### नगर में रोजाना लग रहा जाम, लोग परेशान

**औबेदुल्लागंज।** मैन चौराहे से लेकर बरखेड़ा रोड नीरज चावला की दुकान तक शनिवार को जाम लगा, जिससे लोग परेशान होते रहे। इस दौरान कोई पुलिस भी नहीं थी। सड़क पर वाहन खड़े करने से रास्ता संकरा हो जाता, जिससे वाहनों के निकलने में दिक्कत होती है। नगर में जाम की समस्या आम हो गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### मुख्यमंत्री से दिव्यांग पेंशन बढ़ाने की मांग

**औबेदुल्लागंज।** विकलांग सुधारक विकास कल्याण समिति के ने मुख्यमंत्री को 31 दिसंबर 2024 को दैनिक समाचारों पत्रों में विकलांग पेंशन 1500 बढ़ाने की घोषणा की खबर छपी थी, जो अब तक पूरी नहीं हुई। इसको लेकर मुख्यमंत्री को विकलांग समिति ने विकलांग पेंशन बढ़ाने की मांग की है।

# नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने बाजार में की मुनादी

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद ने शनिवार को बाजार से अतिक्रमण हटाने के लिए चिन्हित किया। इसके लिए नगर परिषद के कर्मचारियों ने नाली के ऊपर चूना डलकर दायरा फिक्स किया और मुनादी कराई कि नाली के बाहर जो भी सामान रखा है, बोर्ड रखे हैं उसे हटा लें।




लगातार शिकायतो के बाद नगर परिषद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रही है। सीएमओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि नगर परिषद ने सभी नागरिकों और व्यापारियों कहा है कि नगर को सुंदर स्वच्छ बनाने में सहयोग दें। इधर, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, कैलाश डब्बू नागर, बल्लू अरोरा, रवि कमल, आशीष दीक्षित, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, विवेक मित्तल, अमित राय, संतोष गुप्ता, श्याम मालवीय, गिरीश चावला ने एसडीएम चंद्रशेखर को स्मरण कराया कि व्यापारियों की बैठक में जो चर्चा हुई थी कि अतिक्रमण हटाने के पहले व्यापारियों की बैठक करेंगे। व्यापारियों ने कहा कि दुकान पर नाली के ऊपर लगे सेड से जाम लगने का खतरा नहीं है तो उसे न हटाया जाए।

पति पर आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज

# शराबी पति की प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने पीया था फिनाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित दानिश कुंज रोड पर निर्माणाधीन मकान में फिनाइल पीकर आत्महत्या करने वाली महिला के पति पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि जिला सागर निवासी सरोज रावत (29) और पति उमेश रावत (30) दानिश कुंज रोड स्थित एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करते थे और वहीं पर रहते थे। उनके दो बच्चे हैं जो नानी के पास रहकर पढ़ाई करते हैं। उमेश रावत शराब पीने का आदी है। शराब पीकर वह अक्सर पत्नी से मारपीट करता था। विगत 28 फरवरी की रात उमेश शराब पीकर आया और सरोज के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान सरोज के एक हाथ में गंभीर चोट आ गई थी। कुछ देर बाद सरोज ने घर में रखा फिनाइल पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर पति उसे एम्स लेकर पहुंचा था, लेकिन उमेश ने पत्नी को भर्ती कराते समय फिनाइल पीने की बात नहीं बताई। खुलासा उस समय हुआ जब अगले दिन सरोज का भाई भोपाल पहुंचा। उसने ही डॉक्टर को फिनाइल पीने की बात बताई थी। अस्पताल की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची, तब तक सरोज बेसुध हो चुकी थी। दो दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जांच के बाद खुलासा होने पर पुलिस ने पति उमेश रावत के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### आयुष्मान योजना में तस्वीरें अपलोड करने के मामले में लिया संज्ञान

**भोपाल।** आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने वाले मरीजों के सर्जरी पार्ट की तस्वीरें अपलोड करने के मामले में मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और आयुष्मान सीईओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले में आयोग ने अफसरों को फटकार लगाते हुए कहा कि यह बेहद परेशान करने वाला कृत्य है और मरीज की गोपनीयता और गरिमा का स्पष्ट उल्लंघन है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने वाले मरीजों के सर्जरी पार्ट की तस्वीरें ली जाती हैं। इन्हें पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। आयुष्मान का क्लेम पास कराने के लिए इन फोटो को सबूत के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, जो सार्वजनिक होने का खतरा है।

---

300 लोगों से निवेश के नाम पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक ठगे

# एसयूएसके इंडिया लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर सहित 9 लोगों पर ईओडब्ल्यू ने किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निवेशकों ने पैसा मांगा तो ऑफिस बंद कर गायब हुए पदाधिकारी




आम जनता के साथ निवेश के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाली चिटफंड कंपनी एसयूएसके इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर सहित 9 पदाधिकारियों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी पदाधिकारियों ने वर्ष 2011 से 2016 की अवधि में चिटफंड कंपनी की स्थापना की थी। इसके बाद करीब 300 लोगों से उसमें निवेश के नाम पर करीब डेढ़ करोड से अधिक की राशि जमा कराई। जालसाजों ने कंपनी का कार्यालय उज्जैन में बनाया था। इतना ही नहीं कंपनी ने अपना पॉलिसी बांड भी जारी किया और निवेशकर्ताओं को मैच्योरिटी अवधि पूर्ण हो जाने पर ब्याज सहित कई गुना रिटर्न का दावा किया था। पॉलिसी की मैच्योरिटी अवधि पूरी हो जाने के बाद निवेशकों को उनका भुगतान नहीं किया गया और पदाधिकारी कंपनी का ऑफिस बंद कर गायब हो गए।

**एजेंट बनाकर कई सेक्टर में निवेश का दिया झांसा**

कंपनी के पदाधिकारियों ने पहले जिलों में एजेंट्स तैयार किए और उनके माध्यम से लोगों से रियल स्टेट, फिल्म डेवलपर, प्रॉपर्टी, एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स, कंस्ट्रक्शन, फार्म, डेयरी, फैक्ट्री, सोसाइटी, पेस्ट कंट्रोल सर्विसेस, होटल में निवेश के नाम पर पैसे जमा कराए। वहीं कई गुना रिटर्न का प्रलोभन दिया। जब लोगों को ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने ईओडब्ल्यू मुख्यालय में आरोपियों के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया। मामले की शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने कंपनी के डायरेक्टर कैलाश लोधी, नरेन्द्र सिंह लोधी, भागवती बाई, अनिल सिंह लोधी, फतेह सिंह, अमित जैन, शाकिर खान, सुनील कुमार तिवारी सहित अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी और मध्यप्रदेश निपेक्षकों के संरक्षण अधिनियम 2000 की 6(1) धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

# एचआर हेड से मिला हेम्टू इंटक यूनियन का प्रतिनिधिमंडल

**कर्मचारियों की समस्याओं से कराया अवगत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हेम्टू इंटक का प्रतिनिधि मंडल भेल के एचआर हेड संतोष कुमार गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इंटक के राजेश शुक्ला ने किया। इस दौरान हेम्टू इंटक के साथियों ने गुप्ता का शॉल-श्रीफल से स्वागत किया एवं बीएचईएल भोपाल का एचआर हेड का पदभार ग्रहण करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर शुक्ला ने एचआर हेड गुप्ता को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि भेल में सुपरवाइजर एवं एक्सक्यूटिव की तरह आर्टिजन की भी भर्ती अतिशीघ्र की जाए। वहीं रिवार्ड स्कीम को रिवाइज कर उसकी विसंगतियों को दूर किया जाए। इसके साथ ही कस्तूरबा अस्पताल में जीवन रक्षक कुछ दवाओं का इंतजार खत्म कर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। वहीं यूथ इंटक अध्यक्ष मिथलेश तिवारी ने कहा कि ईएल का नगदीकरण प्रारंभ किया जाए।

**मान्यता है इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने राधा व गोपियों के साथ फूलों की होली खेली थी**

# फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया पर मनाई फुलेरा दूज... भगवान श्रीकृष्ण मंदिरों में खेली फूलों से होली, बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर शनिवार को फुलेरा दूज मनाई गई। इस दिन फूलों से होली खेलने की परंपरा है। नए कार्यों के शुभारंभ के लिए भी यह दिन खास है।

इसके चलते राजधानी के श्रीकृष्ण मंदिरों में फूलों की होली खेली गई। पंडितों व ज्योतिषाचार्य के अनुसार सनातन धर्म परंपरा में फुलेरा दूज का विशेष महत्व है। मान्यता है इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने राधा व गोपियों के साथ फूलों की होली खेली थी।

## मार्कंडेय मंदिर में विशेष पूजा



फुलेरा दूज पर मार्कंडेय मंदिर में विशेष पूजा हुई। फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन फुलेरा दूज का त्योहार मनाया जाता है। इस मौके पर मार्कंडेय मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजा-पाठ की। भगवान कृष्ण और राधा रानी की पूजा कर फूलों की होली खेली।

## दादाजी धाम मंदिर में संत श्री रामकृष्ण परमहंस की जयंती मनाई

*दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संत श्री रामकृष्ण परमहंस का प्राकट्य दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से संत रामकृष्ण परमहंस के भक्त दादाजी धाम मंदिर में उपस्थित हुए। सभी ने शाम साढ़े सात बजे से गर्भग्रह प्रक्रिमा में स्थापित संत रामकृष्ण परमहंस का पूजन, अर्चना, आरती, हवन किया। मंदिर में भक्त सुबह से ही दर्शन के लिए आते रहे। सभी को प्रसाद दिया गया।*



## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 7 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ होगी शुरू

मां शीतला माता मंदिर जनता नगर कॉलोनी में सात से 13 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आयोजित की जा रही है। प्रसिद्ध कथावाचन श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम के पीठाचार्य पंडित सुशील महाराज के मुखारबिंद से यह श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जाएगी। आचार्य सुशील महाराज का नियम है कि आयोजक समिति से श्रीमद् भागवत कथावाचन का शुल्क नहीं लेते हैं। वह निःशुल्क श्रीमद् भागवत कथा करते हैं। श्रीमद् भागवत के शुभारंभ अवसर पर सात अप्रैल को मां शीतला माता मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।





**करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर शांडिल्य महाराज की नर्मदा पद परिक्रमा संपूर्ण कर लौटने पर किया स्वागत**

करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य महाराज द्वारा प्रारंभ की गई नर्मदा पद परिक्रमा संपूर्ण कर लौटने पर शनिवार को आश्रम में उनका भव्य स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि शांडिल्य महाराज की ओर से 6 दिसंबर से नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ की गई थी, जो 85 दिन बाद समाप्त हुई। इस दौरान उन्होंने करीब 3 हजार 500 किलोमीटर की यात्रा की।

## बटेश्वर महादेव मंदिर में मुंह दिखाई रस्म हुई

### घूंघट करके कैलाश पर्वत पर आई दुल्हनिया, ले लो ले लो बलैइयां

आई है गोरा हमारे अंगना देखो घूंघट करके कैलाश पर्वत पर आई दुल्हनियां ले लो लेलो बलैइयां... मुखड़ा लगे बड़ो प्यारो गौरा रानी घूंघट न डारो। श्री बड़वाले महादेव मंदिर में शनिवार को माँ पार्वती की मुंह दिखाई रस्म के मौके पर उक्त बधाई गीत गाते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने दुल्हन स्वरूपा मां गौरा रानी की बलैइयां ली एवं जमकर नृत्य कर मुंह दिखाई की रस्म निभाई। बुलउआ होने के बाद सभी श्रद्धालु महिलाओं को बूंदी, बताशा एवं सुहाग सामग्री का वितरण समिति की ओर से किया गया। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि रविवार को बाबा बटेश्वर एवं मां पार्वती का दूल्हा-दुल्हन रूप में आलोकिक श्रृंगार कर छप्पन भोग अर्पित कर महा आरती होगी। इसके बाद सभी दर्शनार्थियों को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति के प्रकाश मालवीय ने बताया कि 11 मार्च को माता जी की विदाई एवं प्रदोष उत्सव के साथ 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन होगा।



## खबर संक्षेप



### एसपीएम कॉलेज में अंतरिक्ष के रहस्यों पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

**भोपाल।** शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तहत व्याख्यान माला में तीसरे दिन डॉ. अनुज हुंडैत द्वारा अंतरिक्ष के रहस्यों विषय पर चर्चा की गई। इसमें उन्होंने बिग बैंग थ्योरी, ब्लैक होल, सोलर फ्लेयर के बारे में विस्तार से समझाया। डॉ. हुण्डैत ने विद्यार्थियों की अंतरिक्ष के संबंध में जिज्ञासाओं का भी समाधान किया।

### भेल कॉलेज में लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की निःशुल्क जांच

**भोपाल।** राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में शनिवार को उमंग उच्च शिक्षा स्वास्थ्य और कल्याण द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निःशुल्क स्वास्थ्य चेकअप जिंदल हॉस्पिटल भोपाल के सीईओ डॉ. वीके रिछारिया द्वारा किया गया। इसमें प्राचार्य डॉ. संजय जैन एवं समस्त प्राध्यापकों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य चेकअप कराया।

### घायल जननी एक्सप्रेस के ड्राइवर को डायल 100 ने पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल।** जबलपुर के थाना कषेत्र में अमरकंटक रोड पर रविवार को एक जननी एक्सप्रेस का एक्सीडेंट होने के कारण उसका ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर डायल-100 में तेनात स्टाफ प्रधान आरक्षक रविकान्त श्रीवास, आरक्षक ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं पायलेट कार्तिक लॉरेंस ने मौके पर पहुंचे और जननी एक्सप्रेस चालक अंशुल परस्ते पिता सुखदेव परस्ते उम्र 21 वर्ष निवासी गरियारी घायल हो गया था उसे समय रहते अस्पताल पहुंचाया।

## नगर निगम अध्यक्ष के निगम आयुक्त को लिखे पत्र ने बढ़ाई परेशानी

# राजधानी में करीब 2000 स्थानों पर किया जाएगा 13 को होलिका दहन, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली 14 मार्च को है। 13 को होलिका दहन होगा। इस बार राजधानी में 2000 स्थानों पर होली जलेगी। गोकाष्ठ से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होगा। इसे लेकर होलिका दहन उत्सव समितियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है। 13 मार्च से होलिका दहन के साथ ही पांच दिवसीय रंगों के पर्व की शुरुआत हो जाएगी। लेकिन इस बार होलिका दहन को लेकर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के द्वारा निगम आयुक्त को लिखे उस पत्र ने परेशानी बढ़ा दी है, जिसमें उन्होंने होलिका दहन डामर की सड़कों पर न किया जाने की बात कही। हालांकि होलिका दहन करने वाली समिति का कहना है कि अभी तक ऐसा कोई आदेश नहीं मिला है। इस तरह का आदेश गलत है। क्योंकि आज अधिकांश कॉलोनी व मोहल्लों की सड़कें सीमेंट की ही है। ऐसे में इस तरह के आदेश गलत है।



### इस तरह के आदेश से हिंदू आस्था को ठेस पहुंचेगी

*चौक बाजार स्थित मां भवानी होलिका दहन समिति चौक बाजार के अध्यक्ष विपिन शर्मा का कहना है कि अभी तक नगर निगम से इस तरह का आदेश नहीं मिला है। इस तरह के आदेश से हिंदू आस्था को ठेस पहुंचेगी। क्योंकि अधिकांश जगहों पर सीमेंट की सड़कें है। ऐसे में इस तरह के आदेश से होलिका दहन को लेकर परेशानी होगी।*

### दिन पर दिन कम हो रहा होलिका दहन का रूप

*कटारा हिल्स होलिका दहन उत्सव समिति के अध्यक्ष रूपेश चौरसिया का कहना है कि निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के द्वारा निगम आयुक्त को लिखा पत्र अपनी जगह सही है। क्योंकि सारी सड़क सीमेंट की है। वैसे ही आज-कल होलिका दहन का रूप काफी छोटा हो गया है। इसके चलते सड़क पर जल्दी असर नहीं पड़ता है।*

### इन स्थानों पर होगा होलिका दहन

शहर में मुख्य रूप से चौक बाजार, इतवारा, बुधवारा, मंगलवारा, पीरगेट, रोशनपुरा चौराहा, चांदबड़, सर्राफा बाजार, बस स्टेंड, करोंद, कोलार, आनंद नगर समेत 2000 स्थानों पर मुख्य रूप से होलिका का दहन किया जाएगा। इसी के साथ शहर की कॉलोनियों के लोग भी छोटे रूप में होलिका का दहन करेंगे। होली उत्सव समितियों तैयारियां शुरू कर दी है। तो वहीं अधिकांश समितियों द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए गोकाष्ठ से व कंडों से दहन करेंगे।



मस्जिदों में तरावीह का दौर शुरू, इबादत में मशगूल रहेंगे बंदे

# रमजान का चांद दिखा, आज रखा जाएगा पहला रोजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को चांद नहीं दिखने के बाद शनिवार को आसमान में रमजान का चांद नजर आ गया। जिसके साथ रमजान का पवित्र माह शुरू हो गया है, जिसके साथ शनिवार से ही मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज शुरू हो गई है। रविवार को पहला रोजा रखा जाएगा। एक महीने तक चलने वाले पवित्र माह रमजान की तैयारी मुस्लिम समाज ने पंद्रह दिन पहले शब-ए-बारात से ही शुरू कर दी थीं।

मोती मस्जिद में शनिवार को रौयते हिलाल कमेटी के सदस्यों ने मगरिब की नमाज के बाद आसमान में चांद की तलाश की, चांद नजर आने के बाद शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने रविवार से रमजान शुरू होने का ऐलान किया, जबकि शनिवार से तरावीह शुरू कर दी गई हैं। रविवार से बंदे रोजा रखने के साथ नमाज, जिक्र और कुरआन की तिलावत में मशगूल रहेंगे।




### तुर्जुमे वाली मस्जिद में तरावीह के साथ तफ्सीर

इस बार भी तर्जुमे वाली मस्जिद में पांच दिन में हाफिज अब्दुल अजीज कुरआन की तकमील कराएंगे। तरावीह के साथ कुरआन की तफ्सीर भी की जाएगी। इधर शहर की अधिकतर मस्जिदों में 21 और 27 दिन में कुरआन की तकमील की जाएगी। करोंद राजीव कॉलोनी स्थित मस्जिद मुनव्वर में हाफिज मोहम्मद साजिद 15 दिन में कुरआन की तकमील कराएंगे।

**तेरह घंटे 26 मिनट का होगा पहला रोजा:** रविवार को पहला रोजा रखा जाएगा। जिसमें सुबह 5.03 पर सेहरी खत्म होने के बाद शाम को 6.29 पर रोजा इफ्तार किया जाएगा। जिससे पहला रोजा तेरह घंटे 26 मिनट का रहेगा। इसके बाद सेहरी और इफ्तार के समय में बढ़ोतरी होगी।

भूमि पूजन के यज्ञ में दी 11-11 हजार रुपए की आहूति

## गायत्री शक्तिपीठ पर श्रीराम भवन निर्माण का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गायत्री शक्तिपीठ पर श्रीराम भवन निर्माण का भूमि पूजन शांतिकुंज प्रतिनिधि जगदीश चंद्र कुलमी ने सपत्नीक एवं मप्र के जोनल प्रभारी राजेश पटेल ने शनिवार को किया।

भूमि पूजन की विधिवत पूजा आरपी हजारी एवं रमेश अभिलाष ने संपन्न कराई। इस अवसर पर भवन निर्माण के लिए भोपाल के परिजनों ने सहयोग राशि 30 लाख के लिए 11000 तक की एक-एक आहुति भवन निर्माण के लिए समर्पित की। इस अवसर पर कुलमी ने मध्य प्रदेश में प्रारंभ हुए 5 ज्योति कलश रथ जो विगत शिवरात्रि पर उज्जैन शक्तिपीठ से प्रारंभ किए गए, उनको भोपाल जिले में व्यवस्थित रूट चार्ट बना कर लाया जाएगा। वहीं उन्होंने गुरुदेव के द्वारा बनाई युग निर्माण योजना के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन दिया।

## 3 फेरे के लिए चलेगी ग्वालियर-इंदौर परीक्षा विशेष अनारक्षित ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे की ओर से रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ग्वालियर से इंदौर एवं इंदौर से ग्वालियर के बीच परीक्षा विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन भोपाल मंडल के बीना एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर ठहराव के साथ संचालित होगी। यह ट्रेन ग्वालियर- इंदौर परीक्षा विशेष ट्रेन 13 फेरों के लिए चलेगी।

■ संत हिरदाराम नगर व बीना स्टेशन पर लेगी हाल्ट

जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 01825 ग्वालियर-इंदौर परीक्षा विशेष ट्रेन 1 मार्च से 11 मार्च एवं 16 मार्च, 17 मार्च को ग्वालियर स्टेशन से दोपहर 13.00 बजे प्रस्थान कर, शाम 17.00 बजे बीना, रात 19.30 बजे संत हिरदाराम नगर और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए, अगले दिन 2.00 बजे इंदौर स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01826 इंदौर-ग्वालियर परीक्षा विशेष ट्रेन 2 मार्च से 12 मार्च एवं 17 मार्च, 18 मार्च को इंदौर स्टेशन से शाम 19.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 00.15 बजे संत हिरदाराम नगर, सुबह 03.00 बजे बीना एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 10.15 बजे ग्वालियर स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन ग्वालियर, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ललितपुर, बीना, संत हिरदाराम नगर, उज्जैन, इंदौर स्टेशन पर दोनों से हाल्ट लेगी।

ईंटखेड़ी स्कूल मामला

## डीईओ ने प्रभारी हेड मास्टर को भेजा दूसरे स्कूल, जल्द आएगी जांच रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी के ईंटखेड़ी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला की महिला शिक्षकों द्वारा प्रभारी हेड मास्टर नरेंद्र सिंह परमार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को की गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए डीईओ नरेंद्र कुमार अहिरवार ने प्रभारी हेड मास्टर परमार को स्कूल से हटा दिया है।

फिलहाल उन्हें शिकायत की जांच पूरी होने तक शासकीय माध्यमिक शाला कोलूखेड़ी में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि मामले में शिकायत मिलने के बाद डीईओ ने जांच टीम गठित की थी। जिसकी जांच के रिपोर्ट जल्द ही आ सकती है। बताया जा रहा है कि मामले मे जल्द ही डीईओ कार्रवाई करने के साथ ही लोक शिक्षण संचालनालय को आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजेंगे। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों महिला शिक्षिकाओं की ओर से परमार पर आरोप लगाए गए थे कि शैक्षिक कार्य के बहाने अकेले में बुलाते हैं और व्यक्तिगत टिप्पणी के साथ ही बैड टच करते हैं। इस स्कूल में लगभग 7 महिला शिक्षक हैं। इनमें से 6 ने शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा स्कूल के बच्चों के बयान भी रिपोर्ट में शामिल किए गए हैं।

## राष्ट्रीय विज्ञान आयोजन में चिराग और सक्षम ने हासिल किया प्रथम स्थान

**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में महान वैज्ञानिक और नोबल पुरस्कार विजेता डॉ. सीवी रमन द्वारा खोजे गये रमन प्रभाव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का दो दिवसीय आयोजन मप्र काउंसिल ऑफ साइंस एवं टेक्नोलाजी, नेशनल काउंसिल फार साइंस एंड टेक्नोलाजी कम्यूनिकेशन नई दिल्ली के सहयोग से किया गया। जिसमें विभिन्न अंतर विद्यालयीन एवं अंतरमहाविद्यालयीन स्पर्धा आयोजित की, जिसमें दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी चिराग मेहरा और सक्षम उदासी ने विज्ञान मॉडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## बीएमएचआरसी: डीएनए सीक्वेंसर मशीन से सटीक होगी सिकल सेल एनीमिया की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत बीएमएचआरसी में डीएनए सीक्वेंसर मशीन स्थापित की गई है। यह मशीन सिकल सेल एनीमिया की आनुवंशिक जांच में सहायक होगी, जिससे बीमारी के कारणों की स्पष्ट पहचान संभव हो सकेगी। बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है, जो माता-पिता से बच्चों में आती है। यह एचबीबी जीन में होने वाले म्यूटेशन के कारण होता है।

डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान में प्रचलित अन्य जांच विधियां हीमोग्लोबिन के प्रकारों की पहचान करती हैं, लेकिन डीएनए सीक्वेंसर मशीन सीधे जीन स्तर पर जाकर म्यूटेशन की सटीक पहचान करती है। यह मशीन बीमारी की जड़ तक पहुंचकर यह बताने में सक्षम है कि एचबीबी जीन में कौन-सा म्यूटेशन मौजूद है, जिससे मरीजों के लिए अधिक प्रभावी और व्यक्तिगत उपचार योजना बनाई जा सकती है।



### मशीन की खासियत

- यह उन मामलों में भी स्पष्ट जानकारी देती है, जहां अन्य पारंपरिक जांच विधियां भ्रमित कर सकती हैं।
- गर्भस्थ या नवजात शिशुओं में सिकल सेल बीमारी की पहचान हो सकेगी।
- मशीन सटीक रूप से यह पता लगाने में मदद करती है कि कोई व्यक्ति सिकल सेल एनीमिया का वाहक है या नहीं।

### जीन एडिटिंग के खुले रास्ते

डीएनए सीक्वेंसर मशीन जीन एडिटिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह मशीन जीन में मौजूद म्यूटेशन की सटीक पहचान करके यह जानकारी देती है कि किस स्थान पर बदलाव की आवश्यकता है। जीन एडिटिंग तकनीकों की सहायता से इस म्यूटेशन को ठीक किया जा सकता है। मशीन यह तय करने में मदद करती है कि मरीज को जीन एडिटिंग से लाभ होगा या नहीं।

**डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, निदेशक, बीएमएचआरसी**

## 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए दिए महत्वपूर्ण टिप्स

राजेंद्र जसूजा, शा. सुभाष उमा उत्कृष्ट विद्यालय के व्याख्याता ने कहा

# प्रश्नों के उत्तर देते समय प्रश्न की भाषा पर विशेष ध्यान दें, संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। इस वार्षिक बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थी कुछ महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान दें तो वह अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा में विद्यार्थियों को बेहतर अंक लाने के लिए शा. सुभाष उमा उत्कृष्ट विद्यालय के व्याख्याता राजेन्द्र जसूजा द्वारा कुछ महत्वपूर्ण टिप्स बताए गए हैं। उन्होंने बताया कि वाणिज्य संकाय के अंतर्गत 80 अंक का प्रश्नपत्र होता है जिसके लिए विद्यार्थी को 3 घंटे का समय प्रदान किया जाता है। प्रश्नपत्र में 32 अंक के वस्तुनिष्ट प्रश्न दिए जाते हैं जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न, रिक्त स्थान की पूर्ति, सत्य-असत्य, सही जोड़ियां बनाइए, एक वाक्य में उत्तर दीजिए, प्रश्नों को शामिल किया जाता हैं। प्रत्येक वस्तुनिष्ट प्रश्न 1 अंक का होता है। प्रत्येक अध्याय से वस्तुनिष्ट प्रश्न लिए जाते हैं, सही उत्तर होने पर शत् प्रतिशत अंक मिलते हैं, इन प्रश्नों के उत्तर देते समय प्रश्न की भाषा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे कि सही उत्तर दिया जा सके।

### खास बातें

- फ्लो चार्ट बनाने के बाद व्याख्या ज्यादा प्रभावशाली होती है
- प्रश्न पत्र में 4 अंक के प्रश्न के उत्तर लगभग 120 शब्दों में दिए जाने चाहिए

### इन प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में दिया जाना चाहिए



प्रश्नपत्र में 2 अंक के 10 प्रश्न दिए जाते हैं, सभी प्रश्नों में विकल्प उपलब्ध होता है इन प्रश्नों का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दिया जाना चाहिए। इसके अलावा 3 अंक के 4 प्रश्न दिए जाते हैं इनमें भी सभी प्रश्नों का विकल्प दिया जाता हैं, इन प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में दिया जाना चाहिए। प्रश्न पत्र में 4 अंक के प्रश्न के 4 प्रश्न दिए जाते हैं, इनमें भी प्रत्येक प्रश्न में विकल्प दिया जाता है, इन प्रश्नों के उत्तर लगभग 120 शब्दों में दिए जाने चाहिए। संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं होता है।

### उत्तर में आवश्यकतानुसार फ्लो चार्ट बनाया जाना चाहिए

विद्यार्थी को 3 अंक तथा 4 अंक में प्रश्नों के उत्तर में आवश्यकतानुसार फ्लो चार्ट बनाया जाना चाहिए। फ्लो चार्ट बनाने के बाद व्याख्या ज्यादा प्रभावशाली होती है और परीक्षक पूर्ण अंक पर प्रदान करता है परीक्षा में शत् प्रतिशत सफलता प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित बिंदुओ पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

## रवीन्द्र भवन में 'एक ताल-एक साल-2025' में आरुषि के बच्चों ने दी मनभावन प्रस्तुतियां

# 'बॉलीवुड की मशहूर जोड़ियों' और 'आइकोनिक विलेन्स' के रूप में मंच पर उतरे स्पेशल किड्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दीपिका रणवीर, हेमा धर्मेंद्र, काजोल शाहरुख के रुप में बॉलीवुड की मशहूर जोड़ियों के रुप में मंच पर जब बच्चे उतरे तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

वहीं आइकोनिक विलेन्स में जब बच्चों ने प्रेम चोपड़ा, शक्ति कपूर, अमरीश पुरी के रुप में बॉलीवुड के प्रसिद्ध विलेंस के रुप में रैंप वॉक की तो सभी ने तालियों से उनका स्वागत किया। इसके साथ ही बॉलीवुड के फेमस हिंदी फिल्मी गीतों पर नाचते गाते बच्चों ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

बॉलीवुड गीतों और डॉयलाग्स से सजा यह नजारा था शनिवार को रवीन्द्र भवन सभागार में आयोजित 'एक ताल-एक साल-2025' का। जिसमें आरुषि के स्पेशल बच्चों ने मनभावन प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

### डांस व म्यूजिक से सजा 'एक ताल-एक साल-2025'



*'एक ताल-एक साल-2025' में फेशन शो, रैंप वॉक के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत बच्चों ने गुलजार द्वारा लिखा और विशाल भारद्वाज द्वारा संगीतबद्ध आरुषि ऐंथम आसमां खोलो एक और आसमां है... से की। इसके बाद बच्चों ने ओ माय फ्रेंड गणेशा..., आई एम ए डिस्को डांसर..., बिगड़ी हुयी तकदीर बना दे..., इंचक दाना... पर मनमोहक डांस परफार्मेंस देकर भी समां को मनभावन बनाया।*





## 51वें खजुराहो नृत्य समारोह ने बिखेरी शास्त्रीय नृत्यों की मनमोहक छटा

### संध्या बेला में नजर आया कल्पना से नृत्य का सुंदर स्वरूप

# दिव्य कला के भव्य उत्सव में रचा गिनीज विश्व रिकॉर्ड

*24 घंटे 9 मिनट 26 सेकंड तक 139 नृत्यांगनाओं का नृत्य*

*बाल नृत्य समारोह ने युवा कलाकारों को दिया मंच*

▶▶ खजुराहो से लौटकर मधुरिमा राजपाल



नेपथ्य में मंदिर की पाषाण मूर्तियां, ऊपर खुला आसमान, सामने देश और विदेश से आए सुधि कला रसिक देश विदेश से आए कलाकारों के साथ एक अविस्मरणीय अद्भुत प्रस्तुतिकरण का साक्षी बना 51वां खजुराहो नृत्य समारोह। गिनीज विश्व रिकॉर्ड के रूप में इस वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन में 24 घंटे 9 मिनट 26 सेकंड तक प्रदेश की 139 नृत्यांगनाओं द्वारा तराना 'अनंत' की प्रस्तुति देकर कलारसिकों को भावविभोर कर दिया। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के लिए उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन-छतरपुर के सहयोग से आयोजित नृत्य समारोह का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया तो वहीं दिव्य कला के इस भव्य उत्सव का समापन प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने किया।






**दो नई कड़ियां जुड़ीं**



स्वयं में नवीन को तराशते इस समारोह में इस बार दो नई कड़ियां जुड़ीं, जिसके तहत पहली कड़ी 'बाल नृत्य समारोह' की रही तो दूसरी कड़ी प्रणाम की रही।

- अविस्मरणीय प्रस्तुतिकरण का साक्षी बना खजुराहो नृत्य समारोह
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया था नृत्य समारोह का शुभारंभ
- कार्यक्रम का समापन राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने किया था

### 'प्रणाम' में दिखी डॉ. पद्मा सुब्रह्मण्यम की सुदीर्घ कला यात्रा



51वें खजुराहो नृत्य समारोह में विशेष रूप से वरिष्ठ नृत्यांगना और पद्मविभूषण डॉ. पद्मा सुब्रह्मण्यम के कला अवदान पर केंद्रित 'प्रणाम' प्रदर्शनी भी संयोजित की गई, जिसमें डॉ. पद्मा सुब्रह्मण्यम की कला यात्रा की स्मृतियां छायाचित्रों में दिखाई दी। साथ ही डॉ. पद्मा सुब्रह्मण्यम द्वारा डिजाइन की गई नृत्य पोशाक, उनके शोध आधारित पुस्तकें इत्यादि भी प्रदर्शित प्रणाम में प्रस्तुत की गईं। यह प्रदर्शनी उन नृत्य कलाकारों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रही, जो नृत्य में अपना भविष्य तलाशते हैं। प्रणाम में डॉ. पद्मा सुब्रह्मण्यम स्वयं उपस्थित रहीं।




### नृत्य साधकों ने कल्पना से दर्शाया नृत्य का सुंदर स्वरूप

संध्या कालीन नृत्य प्रस्तुतियों में जहां राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त शोभना नारायण और अदिति मंगलदास ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया तो वहीं प्रवत कुमार और रतिकांत मोहपात्रा के ओडिसी नृत्य प्रस्तुतियां भी खास रहीं। इस छटा को ओर भी रमणीय और मनभावन बनाया असम के गुरु जतिन गोस्वामी के सत्रिया नृत्य और गुरु कलावती के मणिपुरी नृत्य प्रस्तुतियों ने। शास्त्रीय नृत्य के क्रम में भारती शिवाजी, पल्लवी कृष्णन और गायत्री मधुसूदन के मोहिनीअट्टम के रुप में देश के सुप्रसिद्ध नृत्य साधकों ने अपनी साधना और कल्पना से नृत्य की सुंदर स्वरूपों की छवियां प्रस्तुत की।



### शुभारंभ व समापन बेला में प्राची शाह और मीनाक्षी शेषाद्रि की प्रस्तुतियां

*बासंती बयार के साथ बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरती खजुराहो की आबो-हवा में घुंघरुओं की झंकार और कला-संस्कृति की मनमोहक रंगत घुलती नजर आई शाम की बेला में। एक हजार वर्ष प्राचीन मंदिरों में छह दिनों तक सजी नृत्य की आभाओं ने दर्शकों के भीतर नवरंगी उमंगें भरीं, जिसमें देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुतियों में कहीं शिव और शक्ति का सुंदर स्वरुप दर्शाया तो कहीं काम, क्रोध, लोभ और मोह जैसे मानसिक विकारों को नृत्य में पिरोकर कलारसिकों का रसास्वादन किया। संध्या बेला की नृत्य प्रस्तुतियों का शुभारंभ जहां सुप्रसिद्ध अभिनेत्री व नृत्यांगना प्राची शाह ने किया तो वहीं इस समारोह की समापन बेला में सुप्रसिद्ध अभिनेत्री और नृत्यांगना मीनाक्षी शेषाद्रि की नृत्य प्रस्तुति ने नृत्य की विविध शैलियों से कलारसिकों को अवगत कराया।*

### 'द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी' का मंचन



## नक्कारे और ढोलक की जुगलबंदी के साथ नौटंकी शैली के नाटक को देख दर्शकों ने लगाए खूब ठहाके

**भोपाल।** सामाजिक नेता शक्ल से नहीं चूड़ीदार पैजामे से पहचाने जाते हैं...., तुम सब हमार बिटिया का भगाने के लाने नाटक नूटक करत हो, चल चम्पवा घरे नहीं तो तुम्हारी दोनों टांगे काट कर यहीं गाड़ देईं.... नौटंकी शैली के इस नाटक में नक्कारे और ढोलक की शानदार जुगलबंदी के साथ दर्शकों ने जब यह डॉयलाग्स सुने तो हंसी की ठहाके गूंज उठे। हास्य से भरपूर नाटक 'द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी' का मंचन शनिवार शाम शहीद भवन सभागार में किया गया। नाटक में लेखन दिनेश भारती का रहा और निर्देशन शिवेन्द्र शुक्ला का।



### नाटक की कहानी

*राजा मास्टर जो एक टेलर है, फेमस होने के लिए ड्रामा कंपनी खोलने का निर्णय करता है लेकिन उसका यह निर्णय उस पर तब भारी पड़ता है जब कोई कलाकार एन वक्त पर गायब हो जाता है। अनारकली अपने महबूब के साथ भाग जाती है। उद्घाटन वाले नेताजी शहर से बाहर चले जाते हैं, फिर राजा मास्टर अपने आसपास के लोगों को तत्काल कलाकार की ड्रेस पहनाकर मंच पर भेजते हैं। लेकिन नाटक में हास्य तब पैदा होता है जब कलाकार अपनी जगह दूसरे का किरदार निभाता है। अनारकली का रोल करने वाली पान वाले की बेटी की मां आ जाती है और उसकी जगह स्टेज पर चली जाती है। सलीम उसे अनारकली समझकर गुलाब देता है तो वह उसकी मूछ को नकली समझकर उखाड़ने लगती है। तभी राजा मास्टर अपने असिस्टेंट को सलीम बनकर जाने को कहता है और कहता है कि सबको गोली मारकर नाटक खत्म कर दो।*

### जवाहर नवोदय विद्यालय में स्पिक मैके का आयोजन

## परीक्षा की टेंशन के बीच वायलिन की सुर लहरियों से सराबोर व भावविभोर हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बसंत की बहार के बाद मार्च का आगमन विद्यार्थियों के लिए अक्सर कठिन होता है। एक तो गर्मी दस्तक देती है और उस पर एक्जाम सिर पर। ऐसे में




संध्या प्रहर का माफिक राग यमन छिड़ जाये तो अचानक सब थम सा जाता है। कमोवेश कुछ ऐसा ही हुआ जब प्रसिद्ध वायलिन वादक पंडित प्रवीण शेवलीकर ने तार छेड़े। प्रसंग था जवाहर बाल भवन में स्पिक मैके द्वारा आयोजित लेक-डेम का। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। अगली प्रस्तुति में पंडित शेवलीकर ने बच्चों को धुन पहचानने को कहा।

### थिरकती अंगुलियों पर बही वंदे मातरम की धुन

इसके साथ ही तबले पर संगत कर रहे अशेष उपाध्याय की थिरकती उंगलियों पर वंदे मातरम की बहती धुन पर बच्चे भी साथ गाने लगे। पंडित जी ने बताया कि ये राग देस पर आधारित था फिर उन्होंने राग देस में एक टुकड़ा और बजाया। उसके बाद राग खमाज में निबद्ध मीरा बाई का प्रसिद्ध पारंपरिक भजन पायो जी मैंने राम रतन धन पायो बजाया।

## महिला दिवस पर गूंजेंगे मुस्कान म्यूजिकल ग्रुप में फिल्मी गीत

**भोपाल।** मुस्कान म्यूजिकल ग्रुप के सदाबहार फिल्मी गीतों की प्रस्तुति 8 मार्च को महिला दिवस पर हलालपुर स्थित लॉयन सिटी मैरिज गार्डन में दोपहर एक बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक, सिंगर एवं संचालक मोहन बेलानी एवं भविषा बेलानी ने बताया कि 'तेरा जलवा तौबा है, तेरा जलवा' थीम पर आधारित इस सुरमई दोपहर में शौकिया गायक अपने सुर बिखेरते हुए सदाबहार फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के एलएल दांडे, परसो नाथानी समेत 50 से अधिक गायक होंगे।

## खादी साड़ी में रैंप वॉक के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी शाम

### 'मेरी उड़ान मेरी पहचान : सीजन 8' का आयोजन मानस भवन में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानस भवन में संस्कार सुधा फाउंडेशन द्वारा 'मेरी उड़ान मेरी पहचान : सीजन 8' का आयोजन शनिवार शाम किया गया। 'विकसित भारत 2047- विकास भी, विरासत भी' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में शाटिका ग्रंथ की महिलाओं द्वारा खांदी साड़ी में रैंप वॉक किया गया तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को मध्यप्रदेश गौरव रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया।

### प्रदर्शित हुए रंग-बिरंगे खादी के परिधान

कार्यक्रम का दूसरा आकर्षण रंग-बिरंगे खादी वस्त्रों का प्रदर्शन रहा। खादी फॉर फैशन, हैंडलूम वॉक खादी और हैंडलूम वस्त्रों के माध्यम से भारतीय फैशन की समृद्धि का प्रदर्शन किया गया। इसे शाटिका ग्रुप के 10 सदस्यों ने रैंप वॉक के माध्यम से प्रस्तुत किया।

### कविता के सुरों पर झूमे श्रोता

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध बुंदेली गायिका कविता शर्मा रहीं। उन्होंने अपना चर्चित गीत आगड़ दम, बागड़ दम सुनाया तो सारा सभागार तालियों से गूंज उठा। इसके साथ ही उन्होंने कुछ और बुंदेली गीत सुनाये। इसमें सरौता कहां भूल आये प्यारे ननदोइयां तथा अन्य गीत शामिल रहे।

### जमकर लगे ठुमके, मस्ती में झूम उठे लोग

## बीएसएस में ताल क्राफ्ट की मची धूम, 12 बैंडस ने की भागीदारी

*स्मिता ने कहा कि अपना विश्लेषण करना चाहिए, जिससे अपनी कमी को समझ सकें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज ताल क्राफ्ट का आयोजन शनिवार शाम किया गया जिसमें विभिन्न संस्थाओं से 12 बैंड्स ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया। इसके साथ ही सांस्कृतिक आयोजन में इंडियाज मोस्ट सेलिब्रेटेड डीजे शाहिद सिद्दीकी के डीजे बीट्स पर स्टूडेंट्स ने जमकर ठुमके लगाए और मस्ती में झूम उठे। कार्यक्रम में आईं मुख्य अतिथि स्मिता नागदेव ने कहा कि अपना विश्लेषण करते रहना चाहिए, जिससे अपनी कमी को हम स्वयं समझ सकें।



### 'एक मुलाकात शकुंतला से' का दिलचस्प मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहते हैं स्त्री मन की दशा कोई नहीं समझ सकता, एक स्त्री क्या सोच रही है और क्या चाहती हैं। स्त्री के अंतर्मन और अंतर्द्वंद की मर्मस्पर्शी व्यथा कथा के साथ स्त्री चरित्र के विभिन्न रूपों का मंचन किया गया शनिवार शाम संस्कार भारती सभागार में। प्रसिद्ध रंगकर्मी स्व. आलोक चटर्जी को श्रद्धांजलि स्वरुप 'आलोक' स्मृति नाट्य-महोत्सव प्रथम के आयोजन में शनिवार को नाटक 'एक मुलाकात शकुंतला से' का मंचन किया गया। तीन दिवसीय समारोह के प्रथम दिन मंचित इस नाटक में लेखन आलोक चटर्जी व शोभा चटर्जी का रहा तथा निर्देशन शोभा चटर्जी ने किया।

# एकल अभिनय से दिखाई स्त्री के अंतर्मन और अंतर्द्वंद की मर्मस्पर्शी व्यथा कथा





### नारी को आधुनिक दृष्टि से देखने का पुनर्पाठ

*नारी चरित्र पर केंद्रित एकल नाट्य प्रस्तुति में यह नाटक नारी की ध्वनि, नारी चेतना, नारी गरिमा, नारी स्वातंत्र्य, नारी की पीड़ा और महिमा को रेखांकित करता है। इस नाटक में कलाकार आरती विश्वकर्मा ने विभिन्न किरदार बदल-बदलकर अपने एकल अभिनय द्वारा दर्शकों के मन पर मर्मस्पर्शी व अमिट छाप छोड़ी। ये सफल प्रयोगात्मक नाटक हमें जीवन के किसी सत्य और स्वयं के साथ साक्षात्कार कराता है। दर्शक दीर्घा की तालियों से गुंजायमान होता यह नाटक नारी को आधुनिक दृष्टि से देखने का पुनर्पाठ है।*

# एक गोली खाइए फिट हो जाइए



अपने शरीर को हेल्दी-फिट रखने के लिए अच्छी डाइट के साथ रेग्युलर एक्सरसाइज को जरूरी माना जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों ने हाल में एक ऐसी गोली बनाने में सफलता हासिल की है, जिसे खाने से 10 किमी. दौड़ने के बराबर का एक्सरसाइज बेनिफिट मिल जाएगा। कैसी है ये कमाल की गोली, कैसे करेगी काम और किसके लिए होगी फायदेमंद, आप जरूर जानना चाहेंगे।

कवर स्टोरी
डॉ. माजिद अलीम

अच्छी सेहत के लिए डॉक्टर से लेकर फिटनेस एक्सपर्ट और अनुभवी लोग भी एक ही सुझाव देते हैं-डेली एक्सरसाइज कीजिए। लेकिन अगर कोई इतना अशक्त हो कि वो हाथ-पैर हिला ही नहीं पाए तो वो क्या करे? विज्ञान ने ऐसे व्यक्ति के लिए भी अब रास्ता निकाल लिया है कि वह एक इंच हिले बिना भी अच्छे वर्कआउट का स्वास्थ्य लाभ अर्जित कर सकता है।



## बना ली गई करामाती गोली

डेनमार्क देश की आरहुस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक पिल (गोली) विकसित की है, जो शरीर में 10 किमी. दौड़ के मेटाबॉलिक (पाचन) प्रभाव जितना असर पैदा कर सकती है, वह भी बिना पसीना बहाए। 'पफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री' नामक जर्नल में इस शोध उपलब्धि को प्रकाशित किया गया है। इसके मुख्य शोधकर्ता और केमिस्ट डॉ. थॉमस पौल्सेन ने बताया, 'हमने एक मॉलिक्यूल विकसित किया है, जो शरीर में कड़ी एक्सरसाइज और फास्टिंग (व्रत) की मेटाबॉलिक प्रतिक्रिया की नकल उत्पन्न कर सकती है। यह मॉलिक्यूल शरीर को उस मेटाबॉलिक अवस्था में ले आता है, जो कि खाली पेट तेज रफ्तार 10 किमी. की दौड़ के समान होता है।' इस मॉलिक्यूल को नाम दिया गया है-लाके। फिलहाल, इसे लैब में चूहों पर टेस्ट किया जा रहा है, जिनमें टॉक्सिसिटी के कोई चिन्ह दिखाई नहीं दिए हैं। ध्यान देने वाला तथ्य यह है कि लाके ने टॉक्सिंस शरीर से फ्लश आउट कर दिए और इससे उनका हार्ट मजबूत भी हो गया।

## बनती रही हैं ऐसी दवाएं

'एक्सरसाइज पिल' का विचार एक दशक से अधिक समय पूर्व से चर्चा में रहा है। अनेक शोधकर्ता उन कंपाउंड्स से प्रयोग कर रहे हैं, जो तीव्र फिजिकल एक्टिविटी के बायोलॉजिकल प्रभावों का मुकाबला कर सकें। लाके एकमात्र पिल नहीं है, जो वर्कआउट के लाभ प्रदान करती है। पिछले साल फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने एसएलयूपीपी-332 नामक कंपाउंड विकसित किया था, जिसने चूहों में मेटाबॉलिज्म और सहनशीलता में इतनी वृद्धि की कि वह पहले की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक दौड़ने लगे। इस अध्ययन के प्रमुख लेखक और फार्मेसी के प्रोफेसर थॉमस बर्रिस के अनुसार, 'यह कंपाउंड बुनियादी तौर पर स्केलटेल मांसपेशियों को बताता है कि वह वही परिवर्तन लाएं, जो स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के दौरान देखने को मिलता है।'



'द गार्जियन' के अनुसार सैन डिएगो के सालक इंस्टिट्यूट ने 2008 में जीडब्लू 501516 (संक्षेप में 516) ड्रग विकसित की। यह मुख्य जींस को संकेत भेजती है कि शुगर की जगह फैट को बर्न करे। लेकिन इस ड्रग का एक वैरिएंट धावकों के लिए डोपिंग ड्रग बनकर रह गया। फिर 2015 में कंपाउंड 14 नामक एक अन्य ड्रग विकसित की गई, जिससे यह बात प्रकाश में आई कि यह मोटे चूहों का ग्लूकोज टॉलरेंस बेहतर करके वजन कम कर सकती है। यह सभी प्रयोग चिकित्सा विज्ञान ड्रग्स के उस वर्ग से संबंधित हैं, जिसे 'एक्सरसाइज मिमेटिक्स' कहते हैं, जो आवश्यक रूप से



शरीर में उन अलग-अलग मार्गों को सक्रिय करते हैं, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक्सरसाइज से प्रभावित होते हैं। इन ड्रग्स में क्षमता है कि अल्झाइमर, पार्किंसन और डिमेंशिया को होने से देर तक रोके रखें और मधुमेह, मोटापे की रोकथाम में भी मदद करें।

## अक्षम लोगों के लिए होगी वरदान

एक बार जब इस दवा के इंसानों पर ट्रायल पूरे हो जाएंगे तो इनमें से कुछ ड्रग्स को वजन कम करने वाली ड्रग्स के साथ भी दिया जा सकेगा जैसे ओजेंपिक, जो विशेष रूप से बुजुर्गों को सरकोपेनिया की स्थिति में दी जाती है ताकि मांसपेशियों की क्षति को रोका जा सके। अगर इंसानों को एक गोली से एक्सरसाइज के फायदे मिलने लगेंगे, इससे उनकी फिटनेस परफेक्ट हो जाएगी तो यह उन लोगों के लिए चमत्कार होगी, जो फिजिकल एक्टिविटी में हिस्सा नहीं ले पाते हैं, जैसे-बुजुर्ग, शारीरिक रूप से कमजोर, दिव्यांग, जिन्हें मस्कुलर डिस्ट्रॉफी है, जिनकी कोई ऐसी सर्जरी हुई है कि मूवमेंट न कर पा रहे हों या अन्य लोग, जो गंभीर रूप से बीमार हैं।


## एक्सरसाइज करना है बेस्ट

बीमार या अक्षम लोगों की बात छोड़ दें तो अन्य स्वस्थ लोगों के लिए यही बेहतर होगा कि वे सुबह देर तक यह सोचकर न सोते रहें कि पलंग पर पड़े हुए गोली खाकर फिट हो जाएंगे। उनके लिए यही उचित होगा कि मैदान में निकलें, वॉकिंग करें, रनिंग करें या मनपसंद एक्सरसाइज करें। इस बात को समझ लेना चाहिए कि फिजिकल एक्सरसाइज का कोई विकल्प नहीं है, उससे न केवल शरीर स्वस्थ बनता है, मन भी प्रसन्न और ऊर्जावान रहता है। *

### एक्सरसाइज का शरीर पर रिएक्शन

**इस दवा** के एक्शन को समझने से पहले यह जानना जरूरी है कि एक्सरसाइज की शरीर पर क्या प्रतिक्रिया होती है और लाके उसकी कैसे नकल करता है? खाली पेट कड़ा वर्कआउट, ब्लड प्लाज्मा के स्तर पर लेक्टेट रसायन में तेजी से वृद्धि कर देता है, इसके बाद बीटा-हाइड्रोक्सीबूटीरेट (बीएचबी) नामक एक अन्य रसायन कीटोन में धीरे-धीरे वृद्धि करता है। कीटोन जिगर में उस समय बनते हैं, जब पर्याप्त ग्लूकोज की अनुपस्थिति में शरीर जिगर में ऊर्जा के लिए फैट को तोड़ता है। ये दोनों रसायन भूख को कम करते हैं। साथ ही हृदय रोगों, टाइप 2 डायबिटीज के खतरों को भी कम करते हैं। इसके अलावा दिमागी फंक्शन को बेहतर करते हुए डिप्रेशन को कम करते हैं। ये सब फायदे केवल डाइट से हासिल नहीं हो सकतीं, क्योंकि जिस मात्रा में लेक्टेट और बीएचबी की जरूरत होती है, उससे अनावश्यक बायप्रोडक्ट्स जैसे नमक और एसिड मिल जाते हैं। कृत्रिम रूप से तैयार लाके से ये रसायन, ओरली मिल जाते हैं, बिना हानिकारक साइड इफेक्ट्स के।





जरूरी नहीं है कि जो व्यक्ति खूब हंसता-मुस्कुराता नजर आए, वो वास्तव में मन से खुश है। उदासी को मुस्कान से ढंकने वाले लोग स्माइलिंग डिप्रेशन के शिकार हो सकते हैं। ऐसे लोगों को घर-परिवार से लेकर वर्कप्लेस तक, सपोर्ट की जरूरत होती है।

# मुस्कान से ढंकी उदासी स्माइलिंग डिप्रेशन

लाइफस्टाइल
मोनिका शर्मा

दुःख भी हंसी की ओट ले सकता है। टूटते-बिखरते दिल को थामकर भी सधी सी बातें की जा सकती हैं। उलझनों में घिरकर भी सुखद एहसास लोगों के सामने रखे जा सकते हैं। दरअसल, इंसान का व्यवहार हालात के मुताबिक कई रंग ओढ़ लेता है। कभी इसका कारण अपनों की बेरुखी होती है तो कभी समाज से मिला बेगानापन। ऐसे में कुछ लोग अपने आप तक सिमटने की राह चुन लेते हैं। चुप्पी के तले एक शोर गूंजता है पर सुनाई किसी को नहीं देता। ठहाकों को साथ रखने के बावजूद मन में सब कुछ ठहर गया होता है। यही स्थिति स्माइलिंग डिप्रेशन कही जाती है।

**अवास्तविक छवि का आवरण:** मौजूदा दौर में हर मोर्चे पर अवास्तविक सी छवि बनाते लोग अवसाद को भी मुस्कुराहटों की परतों तले छिपाने लगे हैं। जीवन की हर छोटी-बड़ी गतिविधि को अपनों-परायों तक पहुंचाते आभासी परिवेश में मुस्कुराते चेहरों के पीछे छिपी मुरझाती मनःस्थिति कोई नहीं देख पाता या यूं कहें कि देखना भी नहीं चाहता। न ही इन परिस्थितियों को जी रहा इंसान स्वयं यह सच किसी को दिखाना चाहता है। विज्ञान की भाषा में स्माइलिंग डिप्रेशन कहा जाने वाला यह व्यवहार अब हर उम्र के लोगों की जीवनशैली का हिस्सा है। हंसता-खिलखिलाता अंदाज पीड़ादाई अनुभूतियों का आवरण बन गया है। अपनों-परायों के सामने ठहाके लगाते बहुत से चेहरे, अपने भीतर सुस्ती, थकान और अकेलेपन से जूझते हुए जीवन बिता रहे हैं। उनका मन-मस्तिष्क नाउम्मीदी और नकारात्मता के घेरे में है। मुरझाता मन और मुस्कुराता चेहरा, बहुत से लोगों के लिए सब कुछ होकर भी कुछ न होने के हालातों को बयान करने वाला बर्ताव है। चिंतनीय है कि अब ऐसे लोगों का आंकड़ा बढ़ रहा है। नकलीपन का आवरण असली भावों को छिपाने लगा है। यही कारण है कि हर ओर दिखती बेहतरी के बावजूद मन से बीमार होते लोगों की संख्या बढ़ी है।



**बदल गया परिवेश:** सवाल यह है कि मन की टूटन को छिपाने का यह परिवेश आखिर कैसे बन गया? क्यों हर व्यक्ति को यह लगने लगा कि दुःख को बताने-जताने से कहीं अच्छा हंसते-खिलखिलाते हुए लोगों का सामना करना है। किस तरह यह आवरण बड़े-बुजुर्गों की पीड़ा से लेकर बच्चों की मानसिक उलझन तक पर पर्दा डालने का माध्यम बन गया है? क्यों किसी के मन को समझने-जानने की कोशिश नहीं की जाती? जबकि यह अवसाद का ही एक रूप है। ऐसा डिप्रेशन, जिसमें इंसान अपने मन के विषाद को छिपाने के लिए हर जगह, हर हाल में हंसता रहता है। खुशहाल नजर आता है। सार्वजनिक जीवन में जिंदादिल दिखते ऐसे लोग निजी जीवन में अकेलेपन के स्याह साये से जूझते हैं। अध्ययन बताते हैं कि स्माइलिंग डिप्रेशन की समस्या से ग्रस्त व्यक्ति सुखी और संतुष्ट दिखता जरूर है, पर भीतर ही भीतर अवसाद से जूझता है। यही कारण है कि स्माइलिंग डिप्रेशन को हाई फंक्शनिंग डिसऑर्डर भी कहा जाता है। ध्यातव्य है कि हाई-फंक्शनिंग डिसऑर्डर के अंतर्गत ऐसी मानसिक समस्याएं आती हैं, जिनमें व्यक्ति सामान्य दिखने के बावजूद अंदर से बीमार रहता है। एक तरह का क्रॉनिक डिप्रेशन कहे जाने वाले इस डिसऑर्डर का शिकार इंसान आम जीवन को सामान्य ढंग से जीते हुए भावनात्मक रूप से असहजता का अनुभव करता है। खुशमिजाजी के पीछे गहरा खालीपन होता है।

**सहयोग-संवेदनाओं की कमी:** आज के दौर में बिना लाग-लपेट मन की बात कहने का माहौल, घर हो या बाहर कहीं नहीं दिखता। न दुःख साझा करने का भाव दिखता है और न समझने का। यही कारण है कि लोग चुपचाप अपनी पीड़ाओं से जूझने लगे हैं। हर हाल में सहज दिखते हैं। हर परिस्थिति में प्रसन्नता जाहिर करते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि व्यक्तिगत जीवन में चुना जा रहा यह असामान्य व्यवहार असल में असंवेदनशील होते सामाजिक-पारिवारिक परिवेश का मुखौटा उतारने वाला है। हम अचानक किसी के आत्महत्या जैसा कदम उठा लेने पर चकित तो होते हैं पर समय रहते तकलीफ साझा करने की पहल नहीं करते। दुखद है कि मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालने वाली इन स्थितियों को आज भी गंभीरता से नहीं लिया जाता।

**मदद की है दरकार:** जरूरी यह है कि वर्किंग प्लेस से लेकर घर-परिवार और आस-पड़ोस तक, स्माइलिंग डिप्रेशन से जूझते लोगों के बर्ताव को समझकर उनका साथ दिया जाए। ऐसी दबी-छुपी समस्याओं को लेकर अब सभी को यह समझना होगा कि कुछ न कहना, सब कुछ कहने जैसा है। जैसे भी संभव हो ऐसे लोगों की मदद की उचित राह तलाशना बेहद आवश्यक है। *



गजल
अवतार सिंह अक्षरजीवी

## खुल के बात कर

छुपाने की जरूरत नहीं, खुल के बात कर
पर पूरी शिद्दत से किसी एक से बात कर

अगर मेरा प्यार तुझे मुतमइन नहीं करता
तुझे जिससे खुशी मिले, तू उससे बात कर

मैं मोहब्बत करुंगा पर मेरी शर्तों पर
या तो मुझसे बात कर, या सबसे बात कर

तेरी मुस्कुराहट मेरी मिलकिय्यत है और मैं
नहीं चाहता तू दूसरों से हंस-हंसके बात कर

अपने दिल में पूरी दुनिया को जगह मत दे
गैरों से एक दूरी एक दायरा रखके बात कर

मेरी मोहब्बत के पिंजरे में तालाबंद नहीं है
या तो उड़ जा या फिर अंदर रहके बात कर

कहानी
संजीव जायसवाल 'संजय'

वह अपनी बच्ची को घुमाने के लिए पार्क में जहां भी जाता, गुब्बारे बेचने वाला एक लड़का वहां पहुंच जाता। एक दिन खीझकर उसने गुब्बारे वाले को डपट दिया। इस पर उस लड़के ने जो कहा, वह बेहद शर्मिंदा महसूस करने लगा। मन को छू ली एक मार्मिक कहानी।

# गुब्बारे वाला



'बाबूजी, गुब्बारा ले लीजिए' अचानक वही दुबला-पतला लड़का एक बार फिर सामने आकर खड़ा हो गया।

'मुझे नहीं लेना, चलो भागो यहां से।' मैंने झल्लाते हुए उसे डपट दिया।

'ले लीजए न बाबूजी, देखिए कितने अच्छे गुब्बारे हैं! लाल, हरे, नीले, पीले हर रंग के प्यारे-प्यारे गुब्बारे। बिटिया को बहुत पसंद आएंगे।' उसने जोर देते हुए कहा।

मैं उसे दोबारा डपटने जा ही रहा था कि रचना तुतलाते हुए बोली, 'पापा, जे पीला वाला गुब्बारा बौत अच्छा है.. इछे दिला दीजिए।'

मैं रचना की कोई बात नहीं टालता था। अतः न चाहते हुए भी उसे गुब्बारा दिलवाना पड़ा। वो लड़का एक रुपया लेकर खुशी-खुशी वहां से चला गया।

पिछले महीने पत्नी (दीप्ति) की मौत के बाद रचना की पूरी जिम्मेदारी मेरे ऊपर आ गई थी। मैं रोज शाम उसे गोद में लेकर पार्क में आ जाता था। पार्क की इस बेंच पर बैठ कर मुझे बहुत शांति मिलती थी क्योंकि दीप्ति की यह पसंदीदा जगह हुआ करती थी। यहां आकर मुझे ऐसा लगता, जैसे वो मेरे साथ बैठी हो। मैं घंटों उसकी याद में खोया रहता।

पिछले कुछ दिनों से इस गुब्बारे वाले के कारण मुझे बहुत कोफ्त होने लगी थी। मैं इस बेंच पर आकर बैठता ही था कि यमदूत की तरह वह आ धमकता। बिना गुब्बारे बेचे टलता ही न था। उसे देखकर ही मुझे उलझन होने लगती थी।

एक दिन तंग आकर मैंने तय कर लिया कि कल से इस बेंच पर बैठूंगा ही नहीं। पार्क में बैठने के लिए मैंने पेड़ों के झुरमुट के पीछे एक दूसरी जगह तलाश ली थी। वहां लोगों की दृष्टि कम ही पड़ती थी, इसलिए वहां काफी शांति थी।

अगले दिन मैं रचना के साथ वहां जाकर बैठ गया। धीरे-धीरे आधा घंटा बीत गया। मैं मन ही मन खुश था कि आज गुब्बारे वाले लड़के ने मेरी शांति भंग नहीं की। तभी वह लड़का भूत जैसा वहां आ टपका, 'अरे, बाबूजी, आप यहां बैठे हैं। मैं समझा कि आज आप आएंगे ही नहीं।' फिर अपने गुब्बारों का झुंड रचना की तरफ बढ़ाते हुए बोला, 'बिटिया रानी, कौन-सा गुब्बारा दूं?'

'अबे, बिटिया रानी के भइया.., तू मुझे चैन से बैठने क्यों नहीं देता? जहां जाता हूं वहां आ धमकता है। क्या तेरे पास और कोई जगह नहीं है?' मैंने उसे बुरी तरह फटकार दिया।

डांट खाकर उस लड़के की आंखें छलछला आईं। वह उन्हें पोंछते हुए बोला, 'बाबूजी, माफ करिएगा, आपको दुख पहुंचाने का मेरा कोई इरादा नहीं था। कुछ दिनों पहले एक दुर्घटना में मेरे माता-पिता की मृत्यु हो गई थी। मेरे पास स्कूल की फीस भरने के लिए पैसे नहीं हैं। इसीलिए रोज शाम पार्क में गुब्बारे बेचने चला आता हूं। जिनकी गोद में बच्चे होते हैं, वे आसानी से गुब्बारे खरीद लेते हैं। इसीलिए आपके पास आ जाता था।'

इतना कहकर वह लड़का वहां से जाने लगा। मुझे अपने व्यवहार पर बहुत आत्मग्लानि हुई। मेरे दुख से उसका दुख ज्यादा बड़ा था। मैंने उसे आवाज देकर बुलाया और 100 रुपए का नोट उसकी तरफ बढ़ाते हुए कहा, 'इसे रख लो।'

'यह किसलिए?' उस लड़के का स्वर कांप उठा।

'तुम्हारी फीस के काम आएंगे' मैंने उसे समझाने का प्रयास किया।

यह सुनकर उस लड़के की आंखें एक बार फिर छलछला आईं। वह भर्राए स्वर में बोला, 'बाबूजी, मैं बेसहारा जरूर हूं, मगर भिखारी नहीं।'

'मेरा यह मतलब नहीं था, मैं तो सिर्फ तुम्हारी मदद करना चाहता था।' मैंने बात संभालने की कोशिश की।

उस लड़के ने पल भर के लिए मेरी ओर देखा फिर बोला, 'अगर आप मदद करना चाहते हैं तो सिर्फ इतना वादा कीजिए कि फिर कभी किसी गरीब को दुत्कारेंगे नहीं।'

इतना कह कर वह तेजी से वहां से चला गया। मैं चुपचाप बैठा रहा। मेरे अंदर इतना साहस नहीं बचा था कि उसे रोक सकूं। उसके आगे मैं अपने को बहुत छोटा महसूस कर रहा था। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# कारुणिक उजाला फैलाती दियासलाई

इस दुनिया में कई लोग अपने जीवनकाल में ही किंवदंती जैसे बन जाते हैं। वर्ष 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी, ऐसी ही शख्सियत हैं। मध्य प्रदेश के छोटे से शहर विदिशा में जन्म लेने वाले कैलाश शुरू से ही देश, समाज और दुनिया में प्रताड़ना, हिंसा और शोषण के शिकार बच्चों के लिए कुछ करना चाहते थे। इसी मनो-संकल्प का यह परिणाम हुआ कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद भी उन्होंने अपना जीवन बच्चों की सुरक्षा और उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। अपनी पांच दशक से अधिक की इस यात्रा में उन्हें किन-किन पड़ावों से गुजरना पड़ा, व्यक्तिगत-पारिवारिक जीवन में कैसे संघर्ष करने पड़े, किस-किस तरह के आरोप-आक्षेप सहने पड़े, कितनी बार अपने प्राणों को भी संकट में डालना पड़ा, इन तमाम अनुभूतियों और भोगे हुए यथार्थ को उन्होंने अपनी आत्मकथा में संजोया है। हाल में ही उनकी आत्मकथा 'दियासलाई' पुस्तक के रूप में प्रकाशित होकर आई है। इस किताब में ऐसे अनेक प्रसंग मौजूद हैं, जिससे साबित होता है कि कोई साधारण व्यक्ति, केवल अपने विचार, कर्म और महान जीवन उद्देश्य से ही असाधारण बन सकता है।




**पुस्तक:** दियासलाई (आत्मकथा), **लेखक:** कैलाश सत्यार्थी, **मूल्य:** 599 रुपए, **प्रकाशक:** राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

दियासलाई जैसी छोटी सी चीज में भी कितनी संभावना व्याप्त हो सकती है, कैसे वो समाज में करुणा का उजाला प्रसारित कर सकती है, इस आत्मकथा का शीर्षक इसे साबित करता है। अच्छी बात यह है कि इस आत्मकथा में लेखक ने अपनी कमजोरियों को भी सहजता से स्वीकार किया है। कहीं भी खुद को महान या दोषरहित सिद्ध करने की कोशिश नहीं की है। *

रचनाएं आमंत्रित...
हिंदी दैनिक **हरिभूमि** के फीचर पृष्ठों (रविवार भारती, सहेली, बालभूमि और सेहत) में प्रकाशनार्थ आलेख, छोटी कहानियां, कविताएं, व्यंग्य, बाल कथाएं आमंत्रित हैं। लेखकों से अनुरोध है कि अपनी रचनाएं कृतिदेव या यूनिकोड फॉन्ट में हमें ईमेल आईडी haribhoomifeaturedep@gmail.com पर मेल करें।

# चैंपियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ स्पिन को बेहतर खेलने पर रहेगा भारत का फोकस

एजेंसी ▶▶| दुबई

अब तक अपराजेय भारतीय टीम का फोकस स्पिन को बेहतर खेलने पर होगा और न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी ग्रुप मैच में रविवार को उन खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है जो अब तक बाहर बैठे हैं। आखिरी ग्रुप मैच जीतने से भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहेगा।


■ मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर आज दोपहर 2.30 बजे

अब सेमीफाइनल में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया से होगा और दोनों के पास बेहतरीन स्पिनर हैं। भारत ने दोनों मैच जीते हैं लेकिन स्पिनरों ने भारतीयों को परेशान किया है और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी न्यूजीलैंड टीम इसका फायदा उठा सकती है।



### स्पिनरों का दिख रहा दबदबा

टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों (रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और वॉशिंगटन सुंदर) के चयन को लेकर भारत की आलोचना हो रही थी लेकिन यहां स्पिनरों के दबदबे ने भारत को मजबूती दी है। हाल ही में आईएलटी 20 की मेजबानी करने वाले दुबई के इस मैदान की पिचें अब ताजा नहीं है जिससे स्पिनरों को मदद मिल रही है। भारत ने दो मैचों में जडेजा, अक्षर और कुलदीप को उतारा है और तीनों प्रभावी रहे हैं। उन्होंने बीच के ओवरों में बल्लेबाजों को खुलकर रन नहीं बनाने दिये और इकॉनॉमी रेट पांच से नीचे ही रहा है।



### रोहित-शमी को आराम

*भारत जीत की लय को कायम रखना चाहेगा लेकिन सेमीफाइनल से पहले कप्तान रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी को आराम दिया जा सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ रोहित को गर्मी से असहज महसूस हो रहा था और वह 20 मिनट तक मैदान से बाहर रहे। बल्लेबाजी में हालांकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई।*



### पंत को मिलेगा मौका

*वैसे इस मैच में कुछ दाव पर नहीं लगा है लिहाजा रोहित को ब्रेक दिया जा सकता है। ऐसे में ऋषभ पंत को टूर्नामेंट में पहला मैच खेलने का मौका मिल सकता है । शमी को भी पिंडली में परेशानी हो रही थी और उन्हें भी रिकवरी ब्रेक मिल सकता है। ऐसे में अर्शदीप उनकी जगह आ सकते हैं और चक्रवर्ती को कुलदीप की जगह उतारा जा सकता है।*

### सेंटनेर और ब्रेसवेल की चुनौती

*भारत के स्टार बल्लेबाजों ने बांग्लादेश के स्पिनरों मेहदी हसन मिराज और रिशाद हुसैन के खिलाफ जोखिम लेने से बचने की रणनीति अपनाई। यही तरीका उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद के खिलाफ भी अपनाया और ये तीनों गेंदबाज काफी किफायती साबित हुए। अब उनके सामने मिचेल सेंटनेर और माइकल ब्रेसवेल की चुनौती होगी जो इस टूर्नामेंट में स्पिन के सामने सबसे कठिन परीक्षा भी रहेगी। दोनों कीवी स्पिनर अच्छे फॉर्म में हैं और दुबई की पिच पर और प्रभावी साबित हो सकते हैं।*

### 20 ओवर खेलना है स्पिन गेंद

*भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों को इक्के दुक्के रन लेकर बड़े शॉट तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेलते आए हैं। लेकिन अब उन्हें 20 ओवर सेंटनेर और ब्रेसवेल का सामना करना है जबकि ग्लेन फिलिप्स भी अनियमित स्पिन गेंदबाज हैं। पिछले साल के आखिर में घरेलू टेस्ट श्रृंखला में सेंटनेर और फिलिप्स के खिलाफ भारत का अनुभव अच्छा नहीं रहा है। भारत को उसमें 0-3 से पराजय झेलनी पड़ी थी और अब यहां इन दोनों के साथ ब्रेसवेल भी हैं जिन्होंने अब तक दो मैचों में 3.2 की औसत से ही रन दिए हैं। ऐसे में फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल, पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक जमाने वाले विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल को प्रभावी प्रदर्शन करना होगा।*

## खबर संक्षेप



### अय्यर ने नेट गेंदबाज जसकिरण को दिए जूते

**दुबई।** आईसीसी क्रिकेट अकादमी पर नेट गेंदबाज जसकिरण सिंह के लिए यह खास पल था जब भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी अभ्यास सत्र के दौरान एक जोड़ी जूते भेंट किए। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट और क्रिकेट के शौकीन जसकिरण लांगआफ पर फील्डिंग कर रहे थे जब अय्यर ने उनके पास जाकर कहा, 'पाजी क्या हाल चाल, सब बढ़िया।' जसकिरण ने कहा, 'श्रेयस भाई मेरे पास आए और पूछा कि तुम्हारे जूते का साइज क्या है। मैने कहा कि दस तो उन्होंने कहा कि मेरे पास तुम्हारे लिए कुछ है और उन्होंने मुझे ये जूते दिए। मेरे लिये यह बहुत मायने रखता है।'

### डु प्लांटिस ने बेहतर किया विश्व रिकॉर्ड




**क्लेरमोंट-फेरां।** मोंडो डुप्लांटिस ने यहां विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर मीट के दौरान पोल वॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड बेहतर करके 6.27 मीटर की कूद लगाई। ओलंपिक और विश्व चैंपियन डुप्लांटिस ने पोलैंड में अगस्त में बनाए गए अपने विश्व रिकॉर्ड को एक सेंटीमीटर बेहतर किया। यह पोल वॉल्ट में उनका 11वां विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने पहले ही प्रयास में यहां रिकॉर्ड बनाया।

### पंत के लिए टीम से बाहर रहना काफी कठिन

**दुबई।** भारत के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिये चैम्पियंस ट्रॉफी मैच बाहर से देखना कठिन है लेकिन इस स्तर पर खेल की यही प्रकृति है। पिछले दो ग्रुप मैचों में पंत अंतिम एकादश से बाहर रहे हैं जबकि केएल राहुल ने विकेटकीपिंग की है। उन्होंने मध्यक्रम में अच्छी बल्लेबाजी के साथ विकेट के पीछे भी अपने काम को बखूबी अंजाम दिया। डोइशे ने कहा, 'ऋषभ के लिए बाहर रहना काफी कठिन रहा है। लेकिन इस स्तर पर खेल का यही स्वभाव है।'



### रद्द हुए दो मैच का पैसा होगा वापस

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को रावलपिंडी में बारिश के कारण रद्द हुए दो चैंपियंस ट्रॉफी मैचों के लिए टिकट की पूरी राशि वापस करने की घोषणा की। बारिश के कारण 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच और 27 फरवरी को बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच मैच एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया था। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पीसीबी टिकट वापसी नीति के अनुसार अगर टॉस से पहले मैच रद्द कर दिया जाता है तो टिकट धारक पूरा पैसा वापस पाने के पात्र हैं। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि सभी टिकट के पैसे वापस किए जाएंगे।




### इंग्लैंड दूसरी बार एक भी जीत दर्ज किए बिना टूर्नामेंट से बाहर

# द.अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम, इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| कराची

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को यहां ग्रुप बी के अपने अंतिम मैच में मुश्किलों से जूझ रही इंग्लैंड की टीम को सात विकेट से हराने से पहले ही ऑस्ट्रेलिया के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। दक्षिण अफ्रीका ने हेनरिच क्लासेन (64 रन) और रासी वान डर डुसेन (नाबाद 72 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 122 गेंद में 127 रन की साझेदारी की मदद से 29.1 ओवर में तीन विकेट पर 181 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

इंग्लैंड के इतिहास में यह दूसरी बार है जब चैंपियंस ट्रॉफी के किसी चरण में उसने एक भी जीत दर्ज नहीं की। इससे पहले 1998 में ऐसा हुआ था। सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके इंग्लैंड को रन-रेट के आधार पर अफगानिस्तान को क्वालीफाई करने का मौका देने के लिए कम से कम 207 रन से जीत की जरूरत थी। लेकिन वह 38.2 ओवर में टूर्नामेंट के सबसे कम 179 रन के स्कोर पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने मैच के परिणाम निकले बिना ही नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में पांच अंक लेकर आस्ट्रेलिया (चार अंक) से आगे शीर्ष पर रहा।




### सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया-अफ्रीका को यात्रा की चुनौती

*दुबई। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम चार मैच से पहले दुबई के लिए उड़ान भरेंगी लेकिन अभी यह तय नहीं है कि उनका सेमीफाइनल दुबई में होगा या पाकिस्तान में। चैंपियंस ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल चार मार्च को खेला जाएगा जबकि लाहौर बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में भारत की मौजूदगी तय है लेकिन रोहित शर्मा की टीम के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में से किसका सामना होगा इसका पता रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच ग्रुप ए के आखिरी मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा। ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। भारत अपना नॉकआउट मैच मंगलवार को दुबई में खेलेगा चाहे वह ग्रुप ए में पहले स्थान पर रहे या दूसरे स्थान पर। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे सेमीफाइनल के लिए कौन सी टीम लाहौर लौटेगी, इसका पता चलने से पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों को दुबई जाना होगा और रविवार के मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा।*

### सेमीफाइनलिस्ट तय

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में चारों सेमीफाइनलिस्ट का फैसला हो गया है। न्यूजीलैंड, भारत, ऑस्ट्रेलिया के बाद अब साउथ अफ्रीकी टीम ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है। साउथ अफ्रीका की एंट्री के साथ ही अफगानिस्तान की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं। हालांकि सेमीफाइनल मुकाबले में कौन सी टीम किससे मुकाबला करेगी, ये रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मुकाबले के बाद ही पता चल पाएगा। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड की टीम सेमीफाइनल में पहुंचीं। वहीं ग्रुप-बी से साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने ये उपलब्धि हासिल की।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का डुसेन बो यानसेन | 08 | 06 | 2 | 0 |
| बेन डकेट का एवं बो यानसेन | 24 | 21 | 4 | 0 |
| स्मिथ का मारक्रम बो यानसेन | 00 | 03 | 0 | 0 |
| जो रूट बो मुल्डर | 37 | 44 | 4 | 1 |
| बुक का यानसेन बो महाराज | 19 | 29 | 3 | 0 |
| बटलर का महाराज बो एनगिडी | 21 | 43 | 0 | 0 |
| लियाम स्ट क्लासेन बो महाराज | 09 | 15 | 1 | 0 |
| ओवरटन का एनगिडी बो रबाडा | 11 | 20 | 1 | 0 |
| आर्चर का यानसेन बो मुल्डर | 25 | 31 | 4 | 0 |
| राशिद का क्लासेन बो मुल्डर | 02 | 09 | 0 | 0 |
| साकिब महमूद नाबाद | 05 | 10 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 18, कुल : 38.2 ओवर में 179/10
**गेंदबाजी :** यानसेन 7-0-39-3, एनगिडी 7-0-33-1, रबाडा 7-1-42-1, मुल्डर 7.2-0-25-3, महाराज 10-1-35-2.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रेयान रिकलटन बो आर्चर | 27 | 25 | 5 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो आर्चर | 00 | 05 | 0 | 0 |
| रासी वान डर डुसेन नाबाद | 72 | 87 | 6 | 3 |
| क्लासेन का महमूद बो राशिद | 64 | 56 | 11 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 07 | 02 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त :** 11, कुल : 29.1 ओवर में 181/3
**गेंदबाजी :** आर्चर 9-0-55-2, महमूद 5-0-31-0, ओवरटन 5-0-34-0, राशिद 7-0-37-1, लिविंगस्टन 3.1-0-24-0.

### रणजी ट्रॉफी फाइनल

## नायर का सत्र में 9वां शतक, विदर्भ ने केरल पर बनाई 286 रन की बढ़त



एजेंसी ▶▶| नागपुर

करुण नायर ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन दूसरी पारी में शनिवार को यहां नाबाद 132 रन बनाकर विदर्भ को 286 रन की कुल बढ़त के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

नायर ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में अपना चौथा शतक जड़ा। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी पांच शतक लगाए जिससे इस सत्र में उनके नाम कुल नौ शतक हो गए। नायर की इस पारी से विदर्भ रणजी ट्रॉफी के अपने तीसरे खिताब के काफी करीब पहुंच गया है। रणजी ट्रॉफी के 90वें सत्र के फाइनल में नायर ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए 280 गेंद की धैर्यपूर्ण पारी में 132 रन बनाए जिससे विदर्भ ने दिन का समापन चार विकेट पर 249 रन पर किया। विदर्भ ने पहली पारी में 37 रन की बढ़त हासिल की थी। पहली पारी में शानदार शतक जड़ने वाले दिनेश मालेवार ने एक बार फिर कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 73 रन बनाए और चौथे विकेट के लिए नायर के साथ 182 रन की बड़ी साझेदारी की।

### प्रथम श्रेणी का 23वां शतक

नायर ने 59वें ओवर में प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अपना 23वां शतक पूरा किया। उन्होंने इसका जश्न हेलमेट उतर कर ड्रेसिंग रूम की तरफ बल्ला दिखा कर मनाया। उन्होंने इसके बाद अपनी अंगुलियों ने नौ का इशारा कर इस सत्र में लगाये शतकों के बारे में बताया। दिन का खेल खत्म होते समय नायर के साथ कप्तान अक्षय वाडकर (नाबाद चार) क्रीज पर मौजूद थे।

### क्लासिकल रेटिंग

## गुकेश बने वर्ल्ड नंबर-3 शीर्ष 10 में प्रज्ञानंद



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश फिडे की शनिवार को जारी नवीनतम क्लासिकल रेटिंग में अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंच गए, जबकि हमवतन आर प्रज्ञानानंद फिर से शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे।

■ प्रज्ञानानंदा की शीर्ष 10 में वापसी

गुकेश दिसंबर में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने के बाद से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। 18 साल के इस खिलाड़ी ने इस दौरान 10 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। अब उनके नाम कुल 2787 रेटिंग अंक हो गए हैं। गुकेश हाल ही में विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स को टाईब्रेक में प्रज्ञानानंद से हार गए थे। वह रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हिकारू नाकामुरा (2802) से 15 अंक पीछे हैं।

### शीर्ष पर कार्लसन

नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन (2833) दुनिया में शीर्ष रैंकिंग के शतरंज खिलाड़ी बने हुए हैं। गुकेश ने इस रैंकिंग में हमवतन अर्जुन एरिगैसी और अमेरिका के फैबियानो कारुआना को पीछे छोड़ दिया है।

### प्रज्ञानानंद के 2758 रेटिंग अंक

एरिगैसी इससे पहले लंबे समय तक शीर्ष रैंक वाले भारतीय थे। वह 2777 की रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। प्रज्ञानानंद टाटा स्टील मास्टर्स में जीत से पिछले साल जुलाई के बाद पहली बार शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे। मौजूदा समय में प्राग मास्टर्स में खेल रहा यह भारतीय खिलाड़ी 17 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 2758 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने में सफल रहा।

### प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने दर्ज की पहली जीत

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चेक गणराज्य के एनगुयेन थाई डाई वान के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि हमवतन अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स के तीसरे दौर में चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराकर एकल बढ़त हासिल की। टूर्नामेंट के प्रबल दावेदारों में से एक प्रज्ञानानंदा ने 14वीं चाल में यह प्रभावशाली जीत दर्ज की। पहले दो दौर में दो ड्रॉ खेलने के बाद उनके लिए यह जीत अहम रही। अरविंद के इस जीत से तीन में से 2.5 अंक हो गए। वहीं अमेरिका के सैम शंकलैंड को जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार मिली। प्रज्ञानानंदा और कीमर दो दो अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

### 'फिट इंडिया...' को ओलंपिक चैंपियन नीरज का समर्थन

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शनिवार को सरकार के 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान को समर्थन देने का संकल्प लिया। कहा कि इस पहल से लोगों को सिर्फ अपनी फिटनेस सुधारने में ही मदद नहीं मिलेगी बल्कि वे प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी योगदान करेंगे। भाला फेंक सुपरस्टार ने लोगों से हर रविवार को समय निकालकर इस पहल में शामिल होने का आग्रह किया। चोपड़ा ने कहा, 'नमस्ते 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अपनी फिटनेस सुधारने और प्रदूषण को नियंत्रित करने में योगदान देने का एक शानदार तरीका है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहूंगा कि अगर आप हर दिन समय नहीं निकाल पा रहे हैं तो कृपया हर रविवार को साइकिल चलाएं।' साइकिलिंग अभियान की शुरुआत पिछले साल 17 दिसंबर को खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 'फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज' और प्रदूषण का समाधान खोजने के समग्र उद्देश्य के साथ की थी।



## बिली जीन किंग कप: विशाल ने की बतौर कप्तान टीम में वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय टेनिस संघ की चयन समिति ने आगामी बिली जीन किंग कप के लिए शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल किया जिसका नेतृत्व अंकिता रैना कर रही हैं जबकि विशाल उप्पल की कप्तान के तौर पर दो साल बाद वापसी हुई है। नंबर एक खिलाड़ी रैना की टीम में सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदिपति, वैदेही चौधरी होंगे जबकि प्रार्थना थोम्बरे पांच सदस्यीय टीम में युगल विशेषज्ञ होंगी।

हाल में डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली माया राजेश्वरन टीम में रिजर्व खिलाड़ी होंगी। भारत आठ अप्रैल से पुणे के डेक्कन जिमखाना में बिली जीन किंग कप की मेजबानी करेगा।



आयोजन स्थल पर 2 अप्रैल से ट्रेनिंग शिविर शुरू होगा जिसमें रुतुजा भोसले और वैष्णवी अडकर को भी तैयारियों का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। मार्च 2023 में उप्पल को गैर-खिलाड़ी कप्तान के रूप में हटा दिया गया और उनकी जगह शालिनी ठाकुर को नियुक्त किया गया।

### आय कोई पैमाना नहीं खेल सभी के लिए : रमन्ना

**हैदराबाद।** भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू के पिता और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी पीवी रमन्ना ने कम आय वाले परिवारों के बच्चों को खेलों में हाथ आजमाने को लेकर चल रही बहस पर कहा कि कई तरह की चुनौतियों के बावजूद वह खिलाड़ियों और उनके माता-पिता को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने से कभी हतोत्साहित नहीं करेंगे। खुद मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद रमन्ना ने वॉलीबॉल में देश का प्रतिनिधित्व किया और वह 1986 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। रमन्ना ने कहा, 'जब मैं तीन साल का था तब मेरे पिता की मृत्यु हो गई। मैं 10 भाई-बहनों में सबसे छोटा था। लेकिन मेरे बड़े भाई-बहन मेरा समर्थन करके और मुझे राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल खेलते हुए देखकर बहुत खुश थे क्योंकि उस खेल के कारण मुझे रेलवे में नौकरी मिल गई।'

### दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का आकलन

# अफगानिस्तान जीत सकता है आईसीसी टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि तेजी से आगे बढ़ रही अफगानिस्तान की टीम के खिलाड़ी अगर मैदान पर सयंम से खेलना सीख लें तो अगले दशक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का सीमित ओवर का टूर्नामेंट जीत सकती है।

अफगानिस्तान की टीम 2023 वनडे विश्व कप में नॉकआउट में जगह बनाने के करीब पहुंच गई थी जिसमें उसने पूर्व चैंपियन इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया था। पिछले साल के टी20 विश्व कप में टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को बाहर कर दिया था। अपने देश में युद्ध और अस्थिरता के बावजूद अफगानिस्तान क्रिकेट टीम अब सफेद गेंद के टूर्नामेंट में मजबूत टीम बन गई है। स्टेन ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, 'हम ऐसे समय में जी रहे हैं जिसमें लोग इतने संयमित नहीं हैं। हम इंस्टाग्राम स्टोरी को भी महज मुश्किल से दो सेकंड देख पाते हैं और ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान के खिलाड़ी भी क्रिकेट खेलते समय ऐसे ही होते हैं। संयम सबसे बड़ी चीज में से एक है जिसे अफगानिस्तान के खिलाड़ियों को सीखने की जरूरत है। और एक बार जब वे ऐसा कर लेंगे तो अगले दशक में वे निश्चित रूप से आईसीसी टूर्नामेंट जीत सकते हैं।' टेन ने कहा, 'वे चाहते हैं कि चीजें इतनी जल्दी हो जाएं कि हर गेंद विकेट लेने वाली होनी चाहिए।

पारी बनाते हुए और विकेट लेने के लिए संयम नहीं है। बल्लेबाज भी ऐसा ही करते हैं। पहले ओवर में बल्लेबाजी में ही क्रीज पर इतनी अधिक हलचल होती क्योंकि वे छक्का मारने की कोशिश करते हैं और वे पारी को तेजी से आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं।'




### शॉर्ट चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर

लाहौर। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हुए आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट भारत या न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर रह सकते हैं। शॉर्ट ने बारिश के कारण रद्द हुए मैच में 15 गेंद में 20 रन बनाए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजइ ने पवेलियन भेजा था। आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने आस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा, 'मुझे लगता है कि वह पूरी तरह फिट नहीं है। हमने देखा कि वह ठीक से मूवमेंट नहीं कर पा रहा था। अगले मैच में उसका रिकवर हो पाना मुश्किल होगा।'

## पुरुष वर्ग फास्ट बॉलर के लिए ओपन ट्रायल 4 को इंदौर में

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्रतिभाशाली भोपाल संभाग एवं उसके अंतर्गत आने वाले जिले सीहोर, विदिशा, रायसेन, एवं राजगढ़ (पुरुष) तेज गेंदबाजों की उपलब्धता के आंकलन के लिए ओपन ट्रायल 4 मार्च को इंदौर के होलकर स्टेडियम में प्रातः 9:30 बजे आयोजित करने जा रहा है। इसमें वे पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 सितंबर 2002 या उसके बाद और 1 मार्च 2006 से पहले हुआ हो खिलाड़ियों को अपने साथ ओरिजिनल डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट एवं आधार कार्ड ले जाना अनिवार्य है।

# चैलेंजर ट्रॉफी पर भोपाल बार एसोसिएशन का कब्जा

### कमिश्नर इलेवन को 37 रन से हराया, ननि कमिश्नर ने झटके तीन विकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महेश्वर खेल कूद शिक्षक एवं सामाजिक संस्था एवं चैलेंजर स्पोर्ट्स एंड कल्चरल सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में रतनलाल जी चौधरी की स्मृति में आयोजित हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता भोपाल बार एसोसिएशन ने जीत लिया है।

ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में भोपाल बार एसोसिएशन ने पहले बल्लेबाजी करते 179 रन बनाए। इनमें अभिषेक गिरी ने 63, आशुतोष में 38 व फिरदोस ने 21 रन का योगदान दिया। कमिश्नर इलेवन के हरेंद्र नारायन ने तीन, रवि नरवर ने दो, बिट्टू ने एक विकेट लिए। जवाब में नगर निगम कमिश्नर की पूरी टीम 143 रन ही बना सकी। इस तरह कमिश्नर इलेवर 37 रन से मैच हार गई। कमिश्नर इलेवन के विजय ने 35, योगेश ने 26, रणवीर ने 27 और बिट्टू ने 22 रनों का योगदान दिया।



भोपाल बार एसोसिएशन के आशुतोष ने तीन, अमन ने दो और सर्वेश को एक विकेट लिया। प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायन ने किया। इस मौके पर आरएनटीयू भोपाल के विजय सिंह, एसएस सोलंकी, प्रदीप चौधरी मौजूद थे।

### 800 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

# एलएनसीटी में शुरू हुआ तीसरा फैकल्टी ओलंपियाड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएनसीटी ग्रुप द्वारा शनिवार से प्रत्येक कैम्पस में अपनी फैकल्टी के लिए खेलों का आयोजन किया जा रहा है। आज एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में इसका विधिवत शुभारंभ एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे द्वारा पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। एलएनसीटी ग्रुप द्वारा फैकल्टी को खेलो से जोड़ने तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के उद्देश्य से भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न खेलों में सभी विभागों के 800 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें क्रिकेट, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन, रस्साकशी, म्यूजिक चैयर रैस इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

आज खेले गए क्रिकेट पुरुष वर्ग के पहले मैच में इंजीनियरिंग मैकेनिकल की टीम ने एलएनसीटीई सीएसई कों 27 रनो से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंजीनियरिंग मैकेनिकल की टीम ने 8 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 92 रन बनाए। जवाब में एलएनसीटीई सीएसई की टीम केवल 68 रन ही बना पाई।

### शतरंज में इन्होंने जीती बाजी

डॉ.अर्चना ने काजल सैनी को निकेतन कुमार मिश्रा ने मोहम्मद वकार को, डॉ. भावना लिखितकर ने संध्या अवस्थी को, डॉ. सौरभ भट्टाचार्य ने अनिल शक्या को, प्रियंक नेमा ने राजेंद्र प्रजापति को, मोनीष पटेल ने योगेश वर्मा को हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया।

### कैरम के परिणाम

डॉ. शिवानी परसाई ने नेहा गौर को, अंबिका भालेकर ने विवेक को, जाहिर आलम ने लिलेश को, पवन चौरसिया ने गौरव को, तोषपाल टीएनपी ने आशीष कुमार को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं टेबल टेनिस मे डॉ. सोहेब ने डॉ. विजय को 11-4, 11-2 से, डॉ. जैद ने सौरभ को 11-1, 11-7 से, टीना ने रिचा वर्मा को 11-4, 11-5 से, जमाल ने डॉ. सुरेंद्र को 11-9, 11-8 से, शिवम चतुर्वेदी ने शुभम को 11-01, 11-04 से, डॉ. आशीष ने डॉ. विवेक को 11-05, 11-09 से हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया।

## भोपाल

# सार्थक पर उपस्थिति दर्ज नहीं कराई तो जेपी अस्पताल में नहीं मिली इस महीने की सैलरी

▶ कर्मचारियों ने काम बंद कर जताया गुस्सा सीएस के कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेपी अस्पताल समेत शहर की डिस्पेंसरी में पदस्थ डॉक्टरों समेत तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को इस महीने की सैलरी ही नहीं मिली है।

यह स्थित सार्थक एप पर उपस्थिति दर्ज नहीं करने के कारण बनी है। इससे गुस्साए कर्मचारियों ने शनिवार को न सिर्फ काम बंद किया, बल्कि एकत्रित होकर सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव के कार्यालय का घेराव भी किया। हालांकि, करीब आधा घंटे तक चले समझाइश के दौर के बाद कर्मचारी काम पर लौट गए। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग की ओर से कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप के जरिए दर्ज करने की व्यवस्था लागू की है। लेकिन, अधिकांश कर्मचारी एप के जरिए उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैं।

### पिछले महीने जारी हुए थे आदेश

बताया गया है कि सीएमएचओ कार्यालय की ओर से जनवरी में ही आदेश जारी कर सभी कर्मचारियों को सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन, कर्मचारियों की ओर से इसे गंभीरता से ही नहीं लिया गया। ऐसे में फरवरी माह की सैलरी जो 1 मार्च को कर्मचारियों के बैंक खातों में पहुंचनी चाहिए थी, बनाई ही नहीं गई है।

### सबके अपने-अपने तर्क

एप पर उपस्थिति दर्ज नहीं किए जाने के मामले में अस्पताल प्रबंधन की ओर से सख्ती की जा रही है। उनका कहना है कि विभाग के आदेश का पालन तो करना ही है। जबकि, कर्मचारियों का कहना है कि नेटवर्क के कारण एप पर उपस्थिति दर्ज नहीं होती है। जो कर्मचारी नाइट ड्यूटी करके गए हैं या फिर डबल शिफ्ट में ड्यूटी कर रहे हैं उनकी उपस्थिति में परेशानी आ रही है।

### कुछ ने तो अब तक नहीं कराया रजिस्ट्रेशन

कर्मचारी सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था को बिल्कुल पसंद नहीं कर रहे हैं। यही वजह है कि कुछ कर्मचारियों ने अपना रजिस्ट्रेशन अभी तक नहीं कराया है। जेपी में करीब 400 कर्मचारी हैं इनमें से 370 जबकि, डिस्पेंसरीज के 90 में करीब 50 कर्मचारियों ने ही रजिस्ट्रेशन कराए हैं। शनिवार को सैलरी रुकने के बाद कुछ कर्मचारियों की ओर से रजिस्ट्रेशन कराए गए हैं।

# 50 हजार की घूस लेते प्रधान आरक्षक और उसका साथी गिरफ्तार

▶ केस कमजोर करने के लिए मांगी थी रिश्वत

**भोपाल।** इंदौर में लोकायुक्त पुलिस ने 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एक हेड कॉन्स्टेबल अरुण शर्मा को उसके एक साथी अय्यूब खान के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्रधान आरक्षक ने एक महिला से केस कमजोर करने के एवज में 5 लाख रुपए की घूस मांगी थी। पहली किश्त के रूप में 50 हजार रुपए देना तय हुआ। महिला ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस इंदौर में की। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई।

### एमआईजी थाने का मामला

एमआईजी थाने में पदस्थ मामला हेड कॉन्स्टेबल अरुण शर्मा के खिलाफ मेघा मंसूरी नाम की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि उसके पति बासिल मंसूरी ने उसके खिलाफ एमआईजी थाने में मारपीट का केस दर्ज कराया है। इसकी विवेचना हेड कॉन्स्टेबल अरुण शर्मा के पास थी। अरुण ने मेघा से जेल न भेजने और केस कमजोर करने के एवज में पांच लाख की घूस मांगी। शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप की तैयारी की गई। शनिवार को हेड कॉन्स्टेबल अरुण शर्मा ने साथी अय्यूब खान को महिला के फ्लैट पर भेजा। यहां अय्यूब ने रिश्वत की राशि के रूप में 50 हजार रुपए लाकर अरुण शर्मा को दिए। इसी समय लोकायुक्त पुलिस की टीम ने दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धारा 7 और बीएनएस की धारा 61(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

### इंदौर लोकायुक्त ने की कार्रवाई

# कानवन कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य को 9 हजार रुपए की घूस लेते दबोचा

**चौकीदार के चार माह के वेतन भुगतान करने के बदले मांगे थे 13 हजार रुपए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार जिले में इंदौर लोकायुक्त की टीम ने कानवन की सहायक प्राध्यापक एवं प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय डॉ. मंजू पाटीदार को रिश्वत राशि 9 हज़ार की रिश्वत लेते कार्यालयीन कक्ष में रंगेहाथ पकड़ा है। कॉलेज के चौकीदार विजय बारिया का चार माह का बकाया वेतन भुगतान करने के बदले 13 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इस राशि की पहली किस्त देने से पहले आवेदक ने लोकायुक्त को सूचना दी थी।

आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण 2018 की धारा 7 की कार्रवाई की है। दल में उप पुलिस अधीक्षक दिनेशचंद्र पटेल, निरीक्षक रेणुका अग्रवाल, आरक्षक रणजीत द्विवेदी, चंद्रमोहन बिष्ट, शैलेंद्र बघेल, आदित्य भदौरिया, सोनम चतुर्वेदी, चालक शेर सिंह ठाकुर ने कार्रवाई की।

### एसपी से की थी शिकायत...

आवेदक विजय का सितंबर से दिसंबर 2024 तक 4 महीने का वेतन निकालने सहायक प्राध्यापक पाटीदार द्वारा 13 हजार की रिश्वत की मांग की जा रही थी। इसकी शिकायत आवेदक ने एसपी राजेश सहाय लोकायुक्त इंदौर को की। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने पर आज ट्रैप दल का गठन किया और कार्रवाई की।


## SAM COLLEGE, BHOPAL

(Affiliated to Barkatullah University, Bhopal)
Applications are invited for the Appointment of Faculty under
**College Code - 28**

| Post | No. |
|---|---|
| Professor | 05 |
| Associate Professor | 05 |
| Assistant Professor | 15 |

Qualification & Salary: As per UGC norms.
Application with complete details/Biodata should reach the above address by post or email: principalsamcoedbpl@gmail.com within 10 days.
Address: Kolua, Gram Adampur Chhawani, Raisen Road Bhopal- 462022





+Terms and conditions apply. #Cashback Offer is available on purchase of any Honda two wheeler model includes 5% cashback upto maximum of ₹5000 on EMI transactions using HDFC bank credit card and IDFC FIRST bank credit card through Pine Labs machines only. #The scheme is available in selected outlets only. #Cashback offer is valid until 31st March 2025. **The finance scheme is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. **The offers may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Schemes of Scratch & Win with assured gift and ₹2000 Exchange Bonus on all models are offered by Authorised Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of all models from Authorised Main Dealers and Associate Dealers. *This scheme is for both Finance & Cash Customers. *The offers are applicable in Uttar Pradesh, Uttarakhand, Madhya Pradesh, Chhattisgarh only. *Scheme can be withdrawn from the market without prior notice. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 07554253222, 9109103832; BGS Honda - 4044441, 7440654321, 4044441,2; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504, 8889592345; BGS Honda (Karondh) - 8319133403, 8889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834, 9109103824; Power Honda (Gulmohar) - 4256062 , 7880055510; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932, 9425019567; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102, Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda Makronia - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Shiv Shakti Honda (Keolari) - 9407848143; **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 6232388955, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Divya Sai Honda - 09644204111, 9644207111; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999, 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930